शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 111 | गुवाहाटी | सोमवार, 14 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मुसलमानों को अजमल ने बर्बाद किया पेज 3
डोकलाम विवाद के मास्टरमाइंड को मिली भारत-पाकिस्तान और दक्षिण एशिया... पेज 4
वनवासी समागम से पहले मुख्यमंत्री योगी से मिले रॉबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे पेज 5
राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा से पहले पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पेज 8

पूर्वांचल केশৰী (असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI (ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati-781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*भाग्य के विपरीत होने पर अच्छा कर्म भी दुःखदायी हो जाता है।*
– आचार्य चाणक्य

## बुरी नजर डालने वाले को मुंहतोड़ जवाब : रक्षामंत्री



**चंडीगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार का मुख्य केंद्र बिंदु राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है और भारत पर बुरी नजर डालने वाले को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। सिंह ने कहा कि भारत अब कमजोर नहीं है। हम शांति में विश्वास करते हैं। अगर कोई हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। सिंह ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट हवाई हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने इसे बार-बार साबित किया है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी गतिरोध के दौरान सैनिकों द्वारा दिखाई गई बहादुरी का भी जिक्र किया। सिंह हरियाणा के झज्जर में महान योद्धा पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने कई पहल की हैं, जिसमें मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी से प्रेरित एक नया भारतीय नौसेना ध्वज, लगभग 1,500 अप्रचलित ब्रिटिश-काल के कानूनों को समाप्त करना, राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना और इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक भव्य प्रतिमा की स्थापना शामिल हैं। सिंह ने कहा कि अपनी प्रासंगिकता खो चुके ब्रिटिश शासन काल के 1,500 से अधिक पुराने कानूनों को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई कानून हैं, जिनके लिए हम योजना बना रहे हैं। हम इन्हें भी खत्म कर देंगे। कांग्रेस का नाम लिये बिना सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किए गए जी-20 के लोगो पर कमल के चित्र को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए उसपर (कांग्रेस) हमला बोला। कांग्रेस ने भाजपा पर अपने चुनाव चिह्न को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है, जबकि सत्ताधारी दल ने दावा किया कि विपक्षी दल भारत के राष्ट्रीय फूल का अपमान कर रहा है। उन्होंने हरियाणा और झज्जर क्षेत्र को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि गलवान घाटी में जब गतिरोध था, तब हमारे बलों ने अपने शौर्य और साहस का परिचय दिया था। पाकिस्तान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ... और आपने देखा है कि जब से भारत को आजादी मिली है, पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अशांति पैदा करने और अस्थिरता पैदा करने के लिए आतंकवादियों को भेज रहा है। उन्होंने उरी और पुलवामा आतंकी हमलों के बाद हुए सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का जिक्र करते हुए कहा कि (दुस्साहस करने वालों को) मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

## सीएम ने दिए गोसाईगांव कॉलेज को एक करोड़ रुपए



**कोकराझाड़ (हि.स.)।** कोकराझाड़ जिला के गोसाईगांव कॉलेज के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कॉलेज के आधारभूत ढांचा विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 1971 में अपनी स्थापना के बाद से, कॉलेज निर्बाध रूप से राष्ट्र निर्माण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। इस बीच, विभिन्न छात्र कॉलेज से प्रसिद्धि के साथ उत्तीर्ण होकर अपने कार्यक्षेत्र का -शेष पृष्ठ दो पर

## कश्मीर में आतंकियों ने फिर बनाया बाहरी मजदूरों को निशाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने अप्रवासी मजदूरों पर फिर गोलीबारी की है। अनंतनाग जिले में शनिवार को दहशतगर्दों की फायरिंग में 2 गैर-स्थानीय श्रमिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कश्मीर क्षेत्र पुलिस ने ट्वीट करके बताया कि यह घटना अनंतनाग के राख-मोमिन इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की तलाश के लिए पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। घायल मजदूरों की -शेष पृष्ठ दो पर

## एयरपोर्ट से 61 किलो सोना बरामद



**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने एक दिन में सबसे ज्यादा सोना जब्त करने का रिकॉर्ड बनाया है। यहां रविवार को दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 61 किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत 32 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। मुंबई के कस्टम अधिकारियों ने कहा कि यह एक दिन में होने वाली सबसे बड़ी जब्ती है। पहले ऑपरेशन में तंजानिया से लौटने वाले कुछ भारतीयों के पास से 1-1 किलो की सोने की ईंटें बरामद हुईं। उसने -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रपति पर टिप्पणी टीएमसी नेता पर एफआईआर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता अखिल गिरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने रविवार को गिरी के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। चटर्जी ने गिरी के खिलाफ आईपीसी और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम की धाराओं के तहत तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी चीफ ममता बनर्जी को गिरी को बर्खास्त कर देना चाहिए और खुद राष्ट्रपति मुर्मू से इस घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए। एफआईआर दर्ज कराने के बाद चटर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी को इस मामले पर बयान देना चाहिए। अखिल गिरी उनकी सरकार में मंत्री हैं, उन्हें उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। वे दिल्ली आएं और माफी मांगें। वह जनता के बीच -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### 2024 लोस चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** आगामी 2024 लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में महासचिव बीएल संतोष की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान पार्टी ने देश भर में चल रहे सभी कार्यक्रमों की प्रगति के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों ने आगे कहा कि पार्टी ने उन विभिन्न पहलों की भी समीक्षा की जिन्हें अगले आम चुनावों से पहले करने की जरूरत है। भाजपा आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों में अपनी पूरी ताकत झोंक देना चाहती है। -शेष पृष्ठ दो पर

### संगठन ही सभी समस्याओं का निदान : भागवत


**लोहरदगा (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ के प्रवासी कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन ही सभी समस्याओं का निदान है। कार्यकर्ता पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ संगठन हित में काम करें। हमें मिलकर समाज को आगे बढ़ाना है। लोहरदगा के वनवासी -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव गुवाहाटी में 20 से



**गुवाहाटी।** भारतीय सेना पूर्वोत्तर के गुमनाम नायकों की वीरता को सैल्यूट करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम करने जा रही है। सेना 20 और 21 नवंबर को यहां पूर्वोत्तर स्वाभिमान उत्सव का आयोजन करने जा रही है। इसकी जानकारी यहां आयोजिक संवाददाता सम्मेलन में सेना के अधिकारियों ने दी। इस विशेष कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र निर्माण में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के वीरों के योगदान को याद किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय सेना, मुख्यालय पूर्वी कमान के तत्वावधान में आयोजित होगा, जिसे पूर्वोत्तर के सभी राज्यों का -शेष पृष्ठ दो पर

## कॉलेजियम प्रक्रिया पूरी तरह से संतुलित : पूर्व सीजेआई



**नई दिल्ली।** देश में न्यायधीशों की नियुक्ति के लिए अपनायी जानी वाली कॉलेजियम प्रक्रिया इन दिनों चर्चा के केंद्र में है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने देश की न्यायपालिका के कॉलेजियम को लेकर सवाल खड़े किए थे। वहीं, अब पूर्व सीजेआई जस्टिस यूयू ललित ने इस प्रक्रिया को सही बताया है। उन्होंने रविवार को कहा कि ये सही और संतुलित प्रक्रिया है। वहीं उन्होंने 2012 में छावला इलाके में हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दोषियो को बरी किए जाने पर भी प्रतिक्रिया दी। कॉलेजियम सिस्टम के बारे में उठ रहे सवालों पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायधीश जस्टिस यूयू ललित ने विराम लगा दिया है। रविवार को उन्होंने कहा कि जब उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की बात आती है, तो उच्च न्यायालय में कॉलेजियम 1+2 की सिफारिश करता है। जिसके बाद यह सिफारिश राज्य सरकार के पास जाती है। सरकार से इनपुट भी रिकॉर्ड में लाया जाता है, फिर मामला केंद्र सरकार तक पहुंचता है। इसके बाद केंद्र द्वारा संबंधित व्यक्ति की प्रोफाइल के बारे में इंटेलिजेंस ब्यूरो से राय मांगी जाती है। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचता है, जहां हम सलाहकार न्यायाधीशों की राय लेते हैं। इसके बाद कॉलेजियम सिफारिश करना शुरू करता है जो एचसी की सिफारिशों के अलावा अन्य नामों की सिफारिश नहीं कर सकता। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह की कार्यप्रणाली के माध्यम से पिछले कॉलेजियम में हम 250 ऐसी नियुक्तियों की सिफारिश कर सकते थे, जो अंततः की गईं। जिसके बाद यह साफ है कि यह प्रक्रिया अच्छी तरह से स्थापित और स्वीकृत है। गौरतलब है कि कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सितंबर माह में वर्तमान कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा था कि हाईकोर्ट और निचली अदालत की -शेष पृष्ठ दो पर

## ट्रेन नहीं तो वोट नहीं, गुजरात के 18 गांव करेंगे चुनाव का बायकॉट



**नवसारी (गुजरात)।** गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच, अंचेली और नवसारी विधानसभा क्षेत्र के 17 अन्य गांवों के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करने और राजनीतिक दलों के नेताओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए बैनर लटका दिए हैं। इनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रचार के लिए गांवों में प्रवेश करने से रोका गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## उदयपुर-अहमदाबाद रेलवे ट्रैक पर विस्फोट

**अहमदाबाद।** उदयपुर-अहमदाबाद रेल लाइन पर शनिवार रात में विस्फोट की आवाज से हड़कंप मच गया। आवाज ओड़ा पुल से आई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नया ट्रैक क्षतिग्रस्त मिला। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत रेलवे को दी। 13 दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस रेलवे लाइन का उद्घाटन किया था। रेलवे ट्रैक को उखाड़ने के प्रयास में ब्लास्ट किया गया है। मौके पर से बारुद भी मिला है। दरअसल घटनास्थल के आसपास माइनिंग एरिया भी है। पुलिस और रेलवे अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

## हां, थरूर को वोट दिया था, भाजपा ज्वाइन नहीं करेंगे : सलमान सोज



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के शशि थरूर को वोट देने वाले 1000 से ज्यादा कांग्रेसियों के जल्द भाजपा जॉइन करने की बात पर कांग्रेस नेता सलमान अनीस ने जवाब दिया है। उन्होंने हामी भरी कि हां मैंने थरूर को वोट दिया था लेकिन भाजपा जॉइन करने पर मेरा दिल साफ है। इससे पहले शशि थरूर ने भी हिमंत विश्व पर उनके बयान के लिए निशाना साधा था। थरूर ने कहा था कि जिनमें लड़ने की हिम्मत नहीं है वो भाजपा से जुड़ेंगे। कांग्रेस नेता सलमान अनीस सोज उन कांग्रेस नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने कांग्रेस चीफ के लिए हुए चुनाव में शशि थरूर का साथ दिया था। इस चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे भारी मतों से विजयी बने और मौजूदा वक्त में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सलमान अनीस ने कहा कि वो भाजपा में कभी शामिल नहीं होंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

## 18 समाजसेवियों और संस्थाओं को संत ईश्वर सम्मान



**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश के दूर-दराज क्षेत्रों में जनजातीय, ग्रामीण विकास, महिला-बाल विकास एवं कला, साहित्य, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा में विशेष योगदान देने वाले 18 समाजसेवियों और संस्थाओं को रविवार को संत ईश्वर सम्मान प्रदान किया गया। संत ईश्वर फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सेवा भारती के सहयोग से राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने संत ईश्वर सम्मान प्रदान किए। स्वामी जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि ने संत ईश्वर सम्मान को शतक पूरा करने की बधाई दी और कहा कि संत ईश्वर सम्मान आने वाले समय में भी सेवा करने वालों का ऐसे ही सम्मान करता रहेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी इस अवसर पर संस्था को शतक पूरा करने पर बधाई देते हुए बताया कि इस पुस्तक से सभी को सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। संत ईश्वर की अध्यक्ष कपिल खन्ना ने संत ईश्वर सम्मान का परिचय देते हुए बताया कि संत ईश्वर फाउंडेशन की स्थापना 9 वर्ष पूर्व हुई थी और 7 वर्ष पूर्व पहली बार संत ईश्वर सम्मान देना प्रारंभ हुआ था। यह सम्मान व्यक्तिगत एवं संस्थागत रूप में मुख्यतः चार क्षेत्र- जनजातीय, ग्रामीण विकास, महिला-बाल विकास एंव विशेष -शेष पृष्ठ दो पर

## इस्तांबुल में धमाका छह की मौत, 38 घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की में धमाका हुआ है। राजधानी इस्तांबुल के टकसिम स्क्वायर से बम धमाके की खबर आ रही है। धमाके में छह लोगों की मौत हो गई है। अब तक 38 लोगों के घायल होने की भी जानकारी मिली है। धमाका रविवार को इस्तांबुल की सबसे व्यस्त इलाके में हुआ। इस मुख्य पैदल मार्ग पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। धमाके के बाद घटनास्थल पर एंबुलेंस और दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं। पुलिस ने भी राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। विस्फोट की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है। ब्लास्ट के बाद इलाका खाली करा लिया गया है। इलाके में दुकानों को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। ऐसे में हताहतों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। इस्तांबुल के गवर्नर अली येरलीकाया ने -शेष पृष्ठ दो पर

## पाक में सुरक्षा को लेकर टेंशन में चीन



**बीजिंग।** चीन का अपने आर्थिक गलियारे के विस्तार का सपना पाकिस्तान की वजह से पूरा होता नहीं दिख रहा है। चीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के संकल्प करने के बावजूद पाकिस्तान सीपीईसी के विस्तार का काम अफगानिस्तान में नहीं कर पा रहा है। पाकिस्तान के सुरक्षा न दे पाने के कारण इसमें देरी हो रही है, जिससे चीन असंतुष्ट है। जियोपॉलिटिक की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान के साथ मिल कर सीपीईसी का विस्तार अफगानिस्तान तक करना चाहता था, लेकिन उसे डर है कि उसे वहां उसी तरह की आतंकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जो वह अभी पाकिस्तान में झेल रहा है। अफगानिस्तान में बुनियादी ढांचा कमजोर है और निवेश को अवशोषित करने की कम क्षमता है। साथ ही तालिबान शासन को विरोध करने वाले इस्लामी समूहों जैसे आईएस से बड़ा खतरा है। सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान में शोध विश्लेषक क्लाउडिया चिया यी एन ने कहा कि तालिबान को शुरू से चीनी निवेश -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

### यूक्रेन के खेरसॉन में पीछे हटी रूसी सेना

# हर क्षेत्र को मुक्त कराएंगे : जेलेंस्की

**माइकोलेव ( यूक्रेन )।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने खेरसॉन से रूसी सेना के पीछे हटने के बाद फ्रंटफुट पर आते हुए उसे अपने देश से पूरी तरह से बाहर करने की प्रतिबद्धता जताई है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर पर करीब आठ महीने से रूसी सेना का कब्जा था। रूस ने इस बड़े शहर में अपनी मजबूत पकड़ छोड़ दी। रूस ने जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था, तो खेरसॉन सबसे पहले उसके कब्जे में आने वाले स्थानों में एक था। खेरसॉन के निवासियों ने इस घटनाक्रम पर खुशी जताते हुए यूक्रेनी सैनिकों को गले लगा लिया। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शनिवार रात अपने वीडियो संबोधन में कहा कि हम रूसी-अधिकृत क्षेत्र को मुक्त कराने वाले यूक्रेनी सैनिकों के ऐसे कई और सम्मान होते हुए देखेंगे। उन्होंने अभी रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के कई शहरों और गांवों के लोगों से वादा किया कि हम किसी को नहीं भूलते, और हम हर क्षेत्र को मुक्त कराएंगे। यूक्रेन द्वारा खेरसॉन को फिर से अपने कब्जे में लेना रूसी सैनिकों के लिए एक बड़ा झटका है। यूक्रेन की सेना ने रविवार को खेरसॉन पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। अधिकारियों ने विस्फोटक उपकरणों को हटाने और शहर में बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को बहाल करने पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने खेरसॉन की स्थिति को *एक मानवीय आपदा* के रूप में बताया। बताया जा रहा है कि शहर के शेष निवासियों के पास बिजली, पानी, दवा और भोजन की कमी है। यूक्रेनी पुलिस ने निवासियों से आठ महीने के कब्जे के दौरान रूसी सेना के सहयोगियों की पहचान करने में मदद करने का आह्वान किया है। रूसी सैनिकों की वापसी के बाद शनिवार को यूक्रेन के पुलिस अधिकारी शहर में वापस लौट आए। यूक्रेन के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख, इहोर क्लाइमेंको ने शनिवार को फेसबुक पर कहा कि लगभग 200 अधिकारी शहर में काम कर रहे हैं और चौकियों की स्थापना की जा रही है। इस बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कंबोडिया में कहा कि हम जमीन पर लड़ाई जीत रहे हैं, लेकिन जंग जारी है। कुलेबा कंबोडिया में दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संघ (आसियान) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए हुए हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि शिखर सम्मेलन के परिणामों पर एक संयुक्त बयान को स्वीकार नहीं किया गया, क्योंकि अमेरिकी पक्ष और उसके सहयोगियों ने यूक्रेन और उसके आसपास की स्थिति के अस्वीकार्य आकलन पर जोर दिया था। क्रेमलिन यूक्रेन को अमेरिका सहित उसके पश्चिमी सहयोगियों से प्राप्त समर्थन से नाराज है।

## सड़क हादसे में एक मरा

**दरंग ( हि.स. )।** दरंग जिला के सिपाझार के एक नंबर गुरुगुड़ी इलाके में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसके चलते बाइक पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची सिपाझार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

## नदी में गिरा ई-रिक्शा, एक बच्चे की मौत

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के छयगांव थाना क्षेत्र के पाटरीखाट इलाके में अनियंत्रित ई-रिक्शा के नदी में गिर जाने की वजह से एक बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के शव को नदी से रविवार को एसडीआरएफ की टीम में बरामद किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि बीती रात रासलीला देखकर ई-रिक्शा से लौटते समय ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर कलही नदी में पलट गया। घटना के समय ई-रिक्शा में 7 लोग सवार थे। 6 लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर नदी से बाहर निकलने में सफल हो गए। जबकि, प्रतुन्य दास का 11 महीने का पुत्र विकास दास नदी में डूब गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम और एसडीआरएफ की टीम ने अभियान चलाया। रात होने की वजह से अभियान सही तरीके से नहीं चलाया जा सका। रविवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने फिर से अभियान चलाया। दोपहर के समय नदी में डूबे बच्चे का शव बरामद किया गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। बच्चे की अचानक हुई मौत की वजह से गांव माकोली में मातम छा गया है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## लायंस क्लब गुवाहाटी ग्रेस ने मनाया बालदिवस




**गुवाहाटी ( नसं )।** हाल ही में जन्मे 15 अक्तूबर लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेस ने अपनी प्रथम कल्याणकारी गतिविधि के रूप में नूतन फातासिल टाउन हाई स्कूल में बाल दिवस मनाया। यूं तो बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है, क्लब ने कुछ अपरिहार्य कारणों से इसे एक दिन पहले मनाया। कार्यक्रम में कक्षा 9 तथा 10 के छात्रों को मेडिटेशन तथा संतुलित जीवन जीने के लाभ इत्यादि पर जानकारी दी गई। पढ़ाई में मन ना लगने जैसी समस्याओं पर परिचर्चा की गई। कक्षा 4 और 5 के छात्रों को क्राफ्ट प्रशिक्षण दीया किया कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भाग लेने वाले बच्चों के बीच स्टेशनरी तथा अन्य वस्तुएं वितरित की गई। बाल दिवस कार्यक्रम गाइड नीरू काबरा की गरिमामयी उपस्थिति में तथा संयोजिका ऋतु बिहानी और सह संयोजिका श्वेता मूंदड़ा के निर्देशन में संपन्न हुआ। गुवाहाटी ग्रेस क्लब की अध्यक्षा टिस्ता गुप्ता के नेतृत्व में क्लब के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया।

## लापता युवा जोड़े को पुलिस ने खोजा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी पुलिस ने लापता युवा जोड़े की तलाश कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सेंट्रल गुवाहाटी पुलिस डिस्ट्रिक की टीम ने एक युवा जोड़े को तब बचाया जब दोनों शाम के समय सैर करने निकले थे। जिसके बाद दोनों लापता हो गए थे। दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दोनों को सकुशल पुलिस ने तलाश लिया। गुमशुदगी की शिकायत उनके अभिभावकों ने दर्ज कराई थी। लड़के और लड़की दोनों को उनके परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** महानगर के बाहरी इलाके सोनापुर में एक सड़क दुर्घटना में सात साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम 6 बजे बच्ची अपने मां के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पार कर रही थी, तभी बच्ची एक तेज रफ्तार से आ रही बाइक की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## असम पब्लिक हेल्थ इंजीनियर्स एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में मंत्री बरुवा शामिल हुए

**मोरीगांव ( हि.स. )।** असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने रविवार को मोरीगांव के पोवितरा में आयोजित असम पब्लिक हेल्थ इंजीनियर्स एसोसिएशन (एपीएचईए) के 35वें द्विवार्षिक सम्मेलन में भाग लिया। मंत्री ने विभाग के फील्ड इंजीनियरों से बातचीत की और उनकी समस्याओं की समीक्षा की। मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने उनकी चिंताओं के लिए अपने सहयोग का आश्वासन दिया और उन्हें जल जीवन मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अभियंता प्रत्येक परिवार के घर तक जलापूर्ति अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक परिवारों तक पेयजल की आपूर्ति करना आसान नहीं है; लेकिन सभी प्रकार के विभागीय मामलों और समस्याओं के बावजूद बावजूद हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के वांछित लक्ष्य को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष बाद असम को भी अन्य राज्यों की तरह पेयजल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसको देखते हुए भविष्य में पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए पर्याप्त कदम उठाना आवश्यक है। मंत्री मल्लबरुवा ने जल जीवन मिशन के वहत सामग्रियों की एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आज के कार्यक्रम में जेजेएम के एएमडी मृदुल दास, पीएचईडी (जल) मुख्य अभियंता दिगंत बरुवा, पीएचईडी के मुख्य अभियंता बीएम रॉय और विभाग के अन्य वरिष्ठ अभियंता भी उपस्थित थे।

## मायुमं, कामाख्या शाखा ने शिशु दिवस की पूर्व संध्या पर किया कार्यक्रम



**गुवाहाटी ( नसं )।** मारवाड़ी युवा मंच कामाख्या शाखा ने शिशु दिवस के उपलक्ष पर डिस्ट्रिक्ट सर्विस लीगल अथॉरिटी के साथ मिलकर बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता करवाई। जिसमे 70 बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कलर आर्ट अकैडमी फाटाशील में करवाई गई। 7 प्रतियोगिता के जज अजय दास एवं स्नेहा थी। प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित की गई। ग्रुप ए के बच्चों में प्रथम स्थान श्रेया दास, द्वितीय स्थान श्रेया रावत, तृतीय स्थान अनिका दास, ग्रुप बी में प्रथम स्थान स्निग्धा अग्रवाल, द्वितीय स्थान प्रियांशी पारीक और तृतीय स्थान प्रथम गुप्ता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रेमलता सिंघानिया, सचिव इंदु पारीक, कोषाध्यक्ष खुशबू वर्मा, नेहा खेमका, कोमल गुप्ता, सुनीता सराफ, मीना जैन, मीना पोद्दार, मेनका जैन, जया पारीक, नेहा जैन, नमिता दूधोरिया, नम्रता सुराना, पिंकी बैंगनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका कविता अग्रवाल एवं अर्चिता दधीच ने बड़े ही सुंदर तरीके से किया।

## रंगिया में सोनाली कृषि गुट ने दिखाया आदर्श




**रंगिया ( निसं )।** वर्तमान राज्य के किसान धान की कटाई में व्यस्त है। इसी बीच रंगिया के नकुल नंबर-2 में सरकार की एपार्ट योजना के तहत गुणवत्तायुक्त वाले नि:शुल्क धान के बीज, उर्वरक आदि प्राप्त करने के साथ लगभग 400 युवाओं द्वारा खेती की गयी है जिसमें 10 विभिन्न उन्नत प्रजातियों के धानों को प्रायोगिक तरीके से उगाने के बाद उम्मीद के मुताबिक परिणाम मिलने की जानकारी इस सोनाली कृषि गुट के प्रफुल्ल दास द्वारा दी गई है। दूसरी ओर असम में पहली बार धान की बेहतर गुणवत्ता वाली आस्था किस्म के लिए एक सफल परीक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा आपूर्ति किए गए धान के बीजों को विज्ञानिक रूप के अनुसार किया जाता है तो धान की खेती काफी अच्छी होती है। यह बात रंगिया कृषकों ने प्रमाण कर दिखाया है। रंगिया कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पर्याप्त समर्थन मिलने की बात भी उन्होंने बताई।

# पृष्ठ एक का शेष

### सीएम ने दिए गोसाईंगांव ...

नाम रोशन करने में सफल रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह कॉलेज आने वाले दिनों में और अधिक सफलता के शिखर को छूने में सक्षम होगा। मुख्यमंत्री ने गोसाईंगांव कॉलेज के आधारभूत ढांचा के विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा की। इस अवसर पर असम सरकार के मंत्री उर्खाओ गौरा ब्रह्म, विधायक जिरन बसुमतारी, बीटीसी के कार्यकारी सदस्य सजल कुमार सिन्हा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुमुद रंजन बासुमतारी और जिला उपायुक्त बर्नाली डेका आदि उपस्थित थीं।

### कश्मीर में आतंकियों ने ...

पहचान प्रसाद और गोविंद के तौर पर हुई है, जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बेहतर इलाज के लिए दोनों को जीएमसी अनंतनाग शिफ्ट कर दिया गया है। इससे पहले 3 नवंबर को अनंतनाग जिले में ही आतंकियों ने दो अप्रवासी मजूदरों को गोली मार दी थी। दोनों को गंभीर चोटें आईं, मगर इलाज के बाद वे रिकवर हो गए। दोनों श्रमिक जिले में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में काम करते थे। इसी साल 18 अक्तूबर को भी आतंकियों ने दो गैर-कश्मीरी मजदूरों को निशाना बनाया था। शोपियां जिले में स्थित उनके टिन-शेड शेल्टर पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था। इस हमले में दोनों की मौत हो गई। इनकी पहचान मनीष कुमार और राम सागर के तौर पर हुई, जो यूपी के रहने वाले थे। दरअसल, पूरी कश्मीर घाटी में डर का माहौल पैदा करने के लिए आतंकी बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों पर हमले कर रह हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, बीते एक साल में आतंकवादियों के हमलों में 10 बाहरी मजदूरों और 4 कश्मीरी पंडितों की मौत हुई है। प्रशासन की ओर से इन हमलों को रोकने की हर संभव कोशिश की जा रही है। हाल के दिनों में घाटी में आतंक के खिलाफ सेना का ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### एयरपोर्ट से 61 ...

अपने शरीर पर ए बेल्ट बांध रखी थी और उसमें कई पॉकेट लगी थीं। इसी में 53 किलो सोने की ईंटें छिपाकर रखी थीं। अधिकारियों ने यूएई की बनी 53 किलो सोने की ईंटें बरामदकी हैं। यह बेल्ट दोहा में एक सूडानी नागरिक ने उसे दी थी। एयरपोर्ट पर ट्रांजिट के समय चुपके से उसे यह बेल्ट दे दी गई थी। चार लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इस सोने की कीमत 28 करोड़ रुपए के लगभग बताई गई है। इसी तरह दुबई से आने वाले तीन लोगों के पास से 8 किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत 3.88 करोड़ रुपए बरामद किया गया। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल थीं। वे वैक्स के रूप में सोना लाए थे। इस सोने के कमर के पास छिपाया गया था। इसमें से एक महिला ऐसी भी थी जिसकी उम्र 60 साल के आसपास थी। वह व्हीलचेयर पर थी। इन तीनों को भी गिरफ्तार करके हिरासत में भेज दिया गया है।

### पूर्वोत्तर स्वाभिमान ...

सहयोग मिल रहा है। यह कार्यक्रम आजादी के अमृतमहोत्सव समारोह की एक कड़ी का हिस्सा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए 101 क्षेत्र के जेसीओ ले.जनरल केसी पंचनाथन ने कहा कि यह यह कार्यक्रम आजादी के अमृतमहोत्सव की कड़ी के तहत किया जा रहा है। इसके माध्यम से हम पूर्वोत्र भारत के उन वीरों के बारे में जानने का मौका मिलेगा, जिन्होंने देश की आजादी में अपना योगदान दिया। उनमें बहुत से बीर ऐसे थे, जिन्हें हम नहीं जानते लेकिन उनका योगदान अविस्मरणीय है। इसके माध्यम से हम उनको सैल्यूट करना चाहते हैं। इस दौरान वीर नारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सैनिक शस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही अन्य कई कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें पूर्वोत्तर भारत की विविधता के दर्शन होंगे। एनईआर के गुमनाम नायकों की भूमिका, भारतीय सशस्त्र बलों और सरकार के अन्य महत्वपूर्ण अंगों जैसे उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने का एक उपयुक्त अवसर होगा। एनईआर के समग्र विकास की दिशा में असम राइफल्स और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), एनईआर के एकीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिक-सैन्य संबंधों को और मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम को असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और नागालैंड की राज्य सरकारों के साथ-साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक परिषद (एनईजेडसीसी) का भी सहयोग मिल रहा है। समारोह के पहले दिन नारंगी सैन्य स्टेशन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एनईआर की बहादुर वीर नारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### कॉलेजियम प्रक्रिया पूरी ...

मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। न्याय प्रणाली को फिर से जीवंत करने का समय आ गया है। न्यायिक नियुक्तियों में तेजी लाने के लिए वर्तमान कॉलेजियम प्रणाली पर विचार करने की जरूरत है। किसी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है तो उसका सर्वोत्तम प्रयोग करने पर ध्यान देना चाहिए। साल 2012 में दिल्ली के छावला इलाके में हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया था। जिसके बाद इस मामले में पूर्व सीजेआई ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मामला विशुद्ध रूप से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। कानून स्पष्ट है कि तथ्यों को पूरी तरह से उस व्यक्ति के अपराध की ओर इशारा करना चाहिए, जब तक कि वह अपराध पूरी तरह से स्थापित नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य केस थ्योरी को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्होंने कहा कि वास्तव में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं थी जो आरोपियों की दिशा में निर्णायक रूप से इंगित कर सके।

### राष्ट्रपति पर टिप्पणी ...

एससी-एसटी के बारे में बहुत कुछ कह सकती हैं, लेकिन उनके मंत्रियों की यही असली भावना है। वहीं, अखिल गिरी की टिप्पणी के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने रविवार को बांकुड़ा में सड़क जाम कर दी। कई आदिवासी समितियों के समर्थक आज खटड़ा, बांकुड़ा में सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री ज्योत्सना मंडी की कार को रोक दिया और जोरदार प्रदर्शन किया। मालूम हो कि वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद गिरी ने अपने विवादित बयान के लिए माफी मांग ली थी। गिरि को 17 सेकंड के इस वीडियो में *राष्ट्रपति के रूप* के बारे में टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर गिरी को मंत्री पद से बर्खास्त करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। राज्य के सुधार गृह मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता गिरी को शुक्रवार देर शाम नंदीग्राम के एक गांव में रैली में कहते सुना गया कि कि उन्होंने (भाजपा) कहा कि मैं अच्छा नहीं दिखता हूं। हम किसी को उसके रूप से नहीं आंकते। हम (भारत के) राष्ट्रपति के पद का सम्मान करते हैं। लेकिन हमारी राष्ट्रपति कैसी दिखती हैं? विवाद खड़ा होने पर गिरी ने कहा कि मेरा आशय माननीय राष्ट्रपति का अनादर करने से नहीं था। मैं केवल उन बयानों का जवाब दे रहा था जो भाजपा नेताओं ने मुझ पर हमला करते हुए दिए हैं। हर दिन अपने रूप के कारण मैं मौखिक हमले का शिकार होता हूं। यदि किसी को लगता है कि मैंने राष्ट्रपति का अनादर किया है, तो मैं इस बयान के लिए माफी मांगता हूं। देश के राष्ट्रपति का मैं बहुत सम्मान करता हूं।

### ट्रेन नहीं तो वोट...

ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला इसलिए किया है क्योंकि अंचेली रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेनों को रोकने की उनकी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। अंचेली रेलवे स्टेशन के पास और गांवों के इलाकों में लगे इन बैनरों में लिखा है कि ट्रेन नहीं तो वोट नहीं, भाजपा या अन्य राजनीतिक दलों के नेता चुनाव प्रचार के लिए यहां नहीं आएं, हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। एक युवा हितेश नायक ने कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 18 गांवों के लोगों ने इस चुनाव का बहिष्कार किया है। उनकी मांग उस ट्रेन के ठहराव की है जो कोविड 19 से पहले यहां रुकती थी। लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जो नियमित यात्री हैं, वे अब निजी वाहन लेने के लिए मजबूर हैं और उन्हें प्रतिदिन लगभग 300 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। कॉलेज की एक छात्रा प्राची पटेल ने कहा कि इस समस्या के कारण उसे अपनी पढ़ाई में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि उसे सुबह अपना एक लेक्चर छोड़ना पड़ रहा था। जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (जेडआरयूसीसी) के सदस्य छोटूभाई पाटिल ने कहा कि कोई भी संबंधित अधिकारी या लोग इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। छोटूभाई पाटिल ने कहा कि एक स्थानीय यात्री ट्रेन 1966 से यहां रुकती थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसे रोक दिया गया था।

### उदयपुर-अहमदाबाद ...

ने जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल के दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजही बंद कर दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों की सजगता से इस नए रूट पर कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। सूत्रों के मुताबिक घटना शनिवार देर रात सलूम्बर मार्ग पर केवड़े की नाल में ओढ़ा रेलवे पुल की है। यहां गत रात 10 बजे ग्रामीणों को आसपास धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद कुछ युवक तुरंत पटरी पर पहुंचे तो देखा कि ट्रैक उखड़ा हुआ है, रेलवे लाइन पर बारूद भी पड़ा था। पुल पर लाइन से नट-बोल्ट भी गायब मिले। ट्रैक पर लोहे की पतली चादर भी उखड़ी हुई मिली। लोगों ने तुरंत रेलवे को इसकी सूचना दी, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो जाए। रेलवे अजमेर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक चौहान ने बताया कि घटना हुई है।

### हां, थरूर को ...

उन्होंने यह टिप्पणी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2022 में बयान देने के बाद की है। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में शशि थरूर के पक्ष में खड़े पार्टी के युवा नेता सलमान अनीस सोज ने ट्वीट किया कि मैं उन 1,072 प्रतिनिधियों में से एक था जिन्होंने कांग्रेस चुनावों में शशि थरूर को वोट दिया था। हम हार गए लेकिन पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की जीत हुई। अगर भाजपा ही एकमात्र पार्टी बची होती, तो मैं इसमें शामिल नहीं होता। इसमें बहुत सारे कट्टर, कायर और अवसरवादी हैं। उधर, हिमंत विश्व के शशि थरूर को वोट देने वाले एक हजार नेताओं के भाजपा जॉइन करने की बात वाले बयान पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने चुटकी ली है। उन्होंने ट्वीट करते हुए टिप्पणी की कि इस बंदे का दिल अभी भी कांग्रेस में ही है। शनिवार को हिन्दुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2022 में एक सवाल के जवाब में असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि जिन लोगों को लगता है कि मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस पार्टी के लोकतंत्र का प्रतीक हैं तो मुझे नहीं पता कि वे ऐसा क्यों सोचते हैं। उन्होंने कहा कि अगर शशि थरूर जीते होते तो मैं कहता कि हां कांग्रेस में लोकतंत्र आ गया है। उन्होंने शशि थरूर को वोट देने वालों को अच्छे लोग बताया। उन्होंने आगे कहा कि शशि थरूर को वोट देने वाले कुछ अच्छे लोग कांग्रेस में हैं। मुझे उम्मीद है कि वे लोग आने वाले दिनों में भाजपा ज्वाइन करेंगे। वे एक हजार लोग जिन्होंने शशि थरूर को वोट दिया वे ही लोग होंगे जो भाजपा में शामिल होंगे।

### 18 समाजसेवियों और ...

योगदान (कला, साहित्य, पर्यावरण,स्वास्थ्य और शिक्षा) में तीन श्रेणियों 1 विशेष सेवा सम्मान, 4 विशिष्ट सेवा सम्मान एवं 12 सेवा सम्मान में दिया जाता है। जो क्रमश: आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलोर के भानुमति नरसिम्हन को संत ईश्वर विशेष सेवा सम्मान मिला, वही जनजातीय क्षेत्र में मिजोरम से पुईथीयाम रोरेलियना (विशिष्ट सेवा सम्मान), कर्नाटक से कौशल्या रविंद्र हेगड़े, सिक्किम से सोनम डुंडेन लेपचा, मध्य प्रदेश से मेवालाल पाटीदार को संत ईश्वर सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। भानुमती नरसिम्हन, आर्ट ऑफ लिविंग, जिन्होंने बैंगलोर, कर्नाटक में 30 बच्चों के साथ संस्था की शुरुआत की और महिला शिक्षा, कैदी पुनर्वास, गरीबी उन्मूलन, महिला स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्रों में कार्य करते हुए 8000 से अधिक महिलाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं देशभर में 1,70,000 से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, उन्हें इस वर्ष संत ईश्वर विशेष सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में गुजरात के राम कुमार सिंह (विशिष्ट सेवा सम्मान), गुजरात कच्छ के नीलकंठ गौ विज्ञानं केंद्र, तेलंगाना के पल्ले सृजन एवं उत्तर प्रदेश से खुशहाली फाउंडेशन को संत ईश्वर सेवा सम्मान दिया गया।

### इस्तांबुल में धमाका ...

ट्विटर पर बताया कि विस्फोट स्थानीय समयनुसार शाम चार बजकर 20 पर हुआ। घटना में कुछ लोगों की मौत हुई है। कई जख्मी हुए हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने लोग हताहत हुए हैं। सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि धमाके की जगह से आग की लपटें निकल रही हैं। वीडियो में धमाका जोरदार लग रहा था। धमाके के बाद राहगीर मुड़े और भागने लगे। एवेन्यू भीड़-भाड़ वाला मार्ग है जो स्थानीय लोगों और सैलानियों में लोकप्रिय है। यहां पर कई दुकानें और रेस्त्रां हैं। इससे पहले भी 2015 और 2017 में धमाके हुए थे। इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट और कुछ कुर्द समूहों ने ली थी।

### पाक में सुरक्षा को ...

की उम्मीद थी। लेकिन यह पूरा नहीं हो सका है। चीन लगातार निवेश के लिए अनिच्छुक है। उन्होंने अफगानिस्तान के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट के उपाध्यक्ष खान जान अलोकोजे का हवाला देते हुए कहा कि चीन की सबसे बड़ी चिंता है कि अफगानिस्तान में कई जगह बड़े कबायली क्षेत्र हैं, जहां सरकार का नियंत्रण नहीं है। इन इलाकों का उपयोग आतंकियों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता है। अफगानिस्तान तक अपना तेल बेचने के लिए भी रूस को इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिका के निकलने के बाद चीन और रूस दोनों ही इस खाली जगह को भरना चाहते हैं। रूस एक मौजूदा व्यापार भागीदार है तो चीन अफगानिस्तान के उन संसाधनों का पता लगाना चाहता है जो खोजे नहीं गए हैं।


### 2024 लोस चुनाव के ...

इसके अलावा, वर्ष 2023 भी एक चुनावी वर्ष है। जिसमें त्रिपुरा, मेघालय, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 2014 से केंद्र में सत्ता में है और पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर रही है। 2019 के चुनावों में 300 से अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी के साथ 2019 में भी भाजपा के पास पूर्ण बहुमत था। पार्टी को भरोसा है कि मोदी के नेतृत्व में वे 2024 के आम चुनाव में जीत दर्ज कर सकते हैं। बिखरा हुआ विपक्ष अभी भी एक ऐसे नेता की तलाश कर रहा है जो इन सबको एक सूत्र में बांध सके।

### संगठन ही सभी...

कल्याण केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का रविवार को अंतिम दिन था। कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू डॉ. भागवत ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर कैसे उंचा उठे, हमें इस पर भी चिंतन करने की जरूरत है। करीब चार घंटे के लोहरदगा प्रवास पर पहुंचे डॉ. भागवत ने प्रशिक्षण लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं की बातों को ध्यान से सुना, उनका परिचय भी जाना। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक देवव्रत पाहन, झाड़ंखड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रांत कार्यवाहक संजय कुमार, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, सह प्रांत प्रचारक राजीव कुमार, विभाग संघचालक साहु प्रकाश, विभाग प्रचारक समी कुमार, जिला संघ चालक मनोज दास, जिला कार्यवाहक सचिन किशलय भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में लोहरदगा, जमशेदपुर, सिमडेगा, गुमला और पलामू के करीब 150 कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्थ अध्याय**

**( ज्ञान )**

**सहज योग अभ्यास में, अपरोक्ष प्रभु रूप।**
**सन्मुख दर्शन मिलतु है, अद्भुत पुरुष अनूप॥ 11॥**

**शब्दार्थ :** (सहज योग) सद्गुरु का विहंगम मार्ग (अपरोक्ष) साक्षात्कार।

**भाष्य :** सहज योग के साधन द्वारा प्रभु का अपरोक्ष साक्षात्कार होता है। उस अद्भुत एवं अनुपम, सत्पुरुष का सन्मुख, प्रत्यक्ष दर्शन मिलता है। प्रत्यक्ष साक्षात्कार दर्शन को अपरोक्ष कहते हैं।

**प्रकट रूप जब दृश्य है, द्रष्टा दर्शन लेय।**
**संशय भ्रम कुछ नहिं रहा, अपरोक्ष तत्व ध्येय॥ 12॥**

**शब्दार्थ :** (प्रकट रूप) प्रत्यक्ष स्वरूप (तत्व) सत्ता (ध्येय) आराध्य।

**भाष्य :** जब दृश्य प्रकट रूप है और द्रष्ट उसका दर्शन कर रहा है, तब भ्रम-संशय कुछ नहीं रहता है और ध्येय तत्व अपरोक्ष, साक्षात्कार हो जाता है, इसी को निर्भ्रांत सत्यज्ञान कहते हैं। उस काल में द्रष्ट के सामने कोई आवरण नहीं रहता।

# माहेश्वरी समाज का अधिवेशन पुरवाई-2022 का सफल समापन

## समाज के अधिवेशन पर हुए चिंतन का अमल जरूरी : श्याम सुंदर सोनी



**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित पूर्वांचल अधिवेशन पुरुवाई-2022 का भव्य शुभारंभ धारापुर स्थिति तुलसी ग्रांड में हुआ। सबसे पहले बाहर से आए सभी महानभुवाओ का असमिया परम्परा के अनरूप फुलाम गमच्छा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बाद में आए हुए समाज पदाधिकारियों को मंचासीन करवाया गया। दीपप्रज्वलन से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। कार्यक्रम सयोंजक सन्दीप राठी ने स्वागत भाषण से सभी स्वागत किया। मंच का संचालन सभा मंत्री रमेश चांडक कर रहे थे, उन्होंने सभी पदाधिकारियों का परिचय करवाया। स्वागत अध्यक्ष ओम प्रकाश गट्टाणी ने अपने स्वागत भाषण में असम में माहेश्वरी समाज के बारे बताया साथ असम माहेश्वरी समाज की एक स्कूल होनी चाहिए इस विषय पर चिंतन करने की बात कहीं। मध्याचल उपाध्यक्ष त्रिभुवन काबरा ने अपना उध्बोधन दिया, संगठन मंत्री अजय काबरा ने समाज के संगठन मजबूत करने सभी कार्यमडल सदस्यों को जागरूक होकर कार्यकरने की बात कहीं। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ व्यक्ति पूर्व अध्यक्ष रामपाल सोनी भीलवाड़ा ने समाज की दिशा और दशा पर चिंतन करने की बात कहीं। महामंत्री सन्दीप काबरा ने बहुत ही ओजस्वी और प्रेरणादायक संबोधन दिया उन्होने अपने संबोधन में कहा कि हम अशिवेशन में सामाजिक चिंतन जरूरी है। हमारे युवा वर्ग को समाज से जोड़ना जरूरी है हम बोलते है युवा समाज में नहीं आ रहे है लेकिन कभी उसका चिंतन नहीं कर रहे हैं, कि युवा समाज से विमुख क्यों हो रहा है। हमारे भवनों में शादी और दूसरे कामो के अलावा दूसरे कार्य करने की जरूरत है जिस से समाज को संगठन से जोड़ सके। अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि हम अधिशवेशन में जाते है लेकिन हम वहां के माहौल स्थल और खान पान की बाते करते है, फिर बाहर आके एक दूसरे से बोलते अधिवेशन के काई मिलियो हम को इस धारणा को बदलना है और उसकी शुरुआत आज से ही करनी है। कोई कुरीति या बदलाव एकाऐक नहीं आता है उसके लिये समय लगता है, हमे भी ये सीख लेकर इस अधिवेशन की बाते हो कैसे अमल में लाना है कि वो उस पर चिंतन करना है और उसके धरातल पर क्रियान्वयन के लिये किस तरह से हम कार्य करे वो हमारे सांगठनिक और सामाजिक ढांचे में परिवर्तन करे और संगठन और समाज अच्छी तरह से कार्य इसके प्रयास करने चाहिए। इस कोई भी आगे चलकर ये नहीं बोल सके कि अधिवेशन में काई मिलियो साथ में समाज की घटती जनसंख्या से चिंतन करना जरूरी है, अधिवेशन पूर्वांचल समाज की प्रतिभा को भी सम्मनित किया उनमे सिलीगुड़ी से नयन मिमानी पर्वतारोहण, गुलाबबाग से सुमित लोहिया समाजसेवा, जोरहाट से दिलीप गट्टाणी के सपुत्री प्रियांशी गट्टाणी को निशानेबाजी में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर, रांची स्वेता माहेश्वरी लेखनी के लिये, विराटनगर से समाजसेवी देवकिशन मुंदड़ा, सिल्लीगुड़ी से संजना राठी साइबर सुरक्षा, रांची से समाज राजकुमार मारू, उत्तर लखीमपुर से राजेश मालपानी को समाज सेवा, गोहाटी भारतीय प्रशानिक सेवा में चयनित समीक्षा बिहानी को, नेपाल से सुधा गट्टानी को समाजसेवा, गोहाटी से सत्यम साबू को समान दिया गया। इस अधिवेशन पूरे भारत वर्ष वरिष्ठ पदाधिकारी आए हुए, नारायण राठी सयुंक्त मंत्री महामंत्री कार्यालय, गिरिजा सारडा पूर्वांचल महिला समिति, शोभा सादानी पूर्व अध्यक्षा, नंदकिशोर लखोटिया पूर्व सयुंक्त मंत्री कोलकता, ओमप्रकाश राठी सिलचर, पूर्वोत्तर सभा के सयुंक्त मंत्री बासु दम्माणी, कोषाध्यक्ष सीताराम बिहानी, महासभा कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश राठी, सुशील कलानी, पूर्वांचल सयुंक्त मंत्री श्याम सुंदर राठी सहित पूरे उड़ीसा, बंगाल, कोलकता, उत्कल, बिहार झारखण्ड, सहित नेपाल चेप्टर समाज के वरिष्ठ जन के साथ महिला शक्ति भी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम साथी सयोजक मनोज चांडक, महावीर चांडक, देबश मुंदड़ा सहित युवा संगठन, और नारी शक्ति सभी विभिन्न व्यबस्था में लगे हुए थे। अंत में खुला सत्र रखा हुआ था, जिसमे सभी खुले मन से अपनी बात रखी और उन पर चिंतन किया गया और निदान के बारे चर्चा की गई।

# महानगर में चलने वाले पैडल रिक्शा का जीएमसी करेगा सर्वे

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) बहुत जल्द शहर में चलने वाले पैडल रिक्शा का सर्वे शुरू करेगा। सर्वे के बाद मोटर चालिक रिक्शा के खिलाफ उचित कार्रवाई भी की जाएगी। गुवाहाटी में चलने वाले रिक्शा का नाम नगर निगम में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है, लेकिन पिछले एक साल से रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बंद थी। जीएमसी के सूत्रों ने कहा कि रिक्शा चालकों को गुवाहाटी नगर निगम के धीमी गति वाले हल्के मोटर वाहन अधिनियम का पालन करना होगा। इस कानून के मुताबिक रिक्शा में मोटर नहीं लगाई जा सकती है। शहर के विशिष्ट क्षेत्रों में केवल पैडल रिक्शा ही चल सकते हैं। रजिस्टर्ड होने वाले रिक्शा चालकों को गुवाहाटी नगर निगम की ओर से पहचान पत्र भी दिया जाएगा। प्रत्येक पंजीकृत रिक्शा में नगर निगम का पहचान पृष्ठ भाग में लगाना होगा। जानकारी के अनुसार गुवाहाटी नगर निगम रिक्शा चालकों के खिलाफ किसी भी समय से सख्त कार्रवाई शुरू कर सकता है।

# आग में घर जलकर राख

**दरंग ( हि.स. )।** दरंग जिला के बेसीमारी के बरुआझार गांव में रविवार तड़के अचानक लगी आग में एक घर जलकर राख हो गया। नूर जमाल नामक व्यक्ति के घर में लगी आग से चारों कमरे जलकर खाक हो गए। इस बीच, कुबत अली के आवास को भी आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग में चार चक्का वाहन भी जलकर राख हो या। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### टीएमसी ने एआईयूडीएफ को बताया भाजपा की बी टीम, रिपुन बोरा बोले

# मुसलमानों को अजमल ने बर्बाद किया

**चिरांग ( हि.स. )।** असम प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) को भाजपा की बी टीम बताकर हमला बोला है। चिरांग जिला तृणमूल कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रिपुन बोरा ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में एआईयूडीएफ अध्यक्ष सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने मुसलमानों का हितैषी बनकर उन्हीं को बर्बाद कर दिया है। इसी वजह से प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द भी बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि अजमल भाजपा के इशारे पर उठते-बैठते हैं, क्योंकि वे भाजपा की बी टीम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुसार कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है लेकिन सरकार इस बात का जवाब नहीं दे पाई है कि बड़ी संख्या में लड़के उल्फा में क्यों गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा भ्रष्टाचार की जांच कर रहे हैं। कुछ कर्मचारियों को रिश्वत लेते पकड़ा गया है, लेकिन सभी मंत्रियों के भ्रष्टाचार की जांच कौन करेगा? संवाददाता सम्मेलन में चिरांग जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष अनिर्बान सेन और अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मिशन भूमिपुत्र के तहत प्रदेश भर में जागरुकता बैठकें

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के वशिष्ठ चाराली स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में रविवार को भाजपा के अन्य पिछड़ा क्षेणी मोर्चा की राज्यस्तरीय विशेष सांगठनिक सभा का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता असम प्रदेश, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष अश्विनी रॉय सरकार ने की और इसमें 40 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों, कार्यकारी सदस्यों और राज्य के समाचार और सोशल मीडिया सेल के सदस्यों ने भाग लिया। प्रदेश भाजपा संगठनिक महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, असम प्रदेश उपाध्यक्ष और ओबीसी मोर्चा प्रभारी अजय कोंवर की उपस्थिति में असम सरकार के विशेष अभियान को राज्य भर में मिशन भूमिपुत्र के तहत विस्तारित करने और इसे लोगों तक ले जाने के उद्देश्य से राज्य भर में जागरूकता बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रदेश में निवास करने वाले अन्य पिछड़ा श्रेणी के लोगों का एक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर वर्ग के लोगों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के समाचार प्रकोष्ठ के संवाद कोष और सोशल मीडिया कोष के सदस्यों के साथ आयोजित परिचर्चा में प्रदेश भाजपा संवाद कोष के संयोजक देवान ध्रुवज्योति मरल ने समाचार प्रकाशन समूहों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने की सलाह दी।

## बाइक की चपेट में आने से सात साल की बच्ची की मौत

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** महानगर के बाहरी इलाके सोनापुर में एक सड़क दुर्घटना में सात साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम 6 बजे बच्ची अपने मां के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पार कर रही थी, तभी बच्ची एक तेज रफ्तार से आ रही बाइक की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की टीम ने दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एन्ड अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना के बाद बाइकसवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चालक को तलाश कर रही है।

# रेसुब ने तीन नबालिगों और नौ बेसहारा महिलाओं को बचाया



**गुवाहाटी ( विभास )।** पूसीरे की रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ने 08 से 10 नवंबर, 2022 के दौरान विभिन्न प्रकार के अभियान और जांच चलाकर विभिन्न स्टेशनों से 03 नाबालिगों और 09 बेसहारा महिलाओं को सफलतापूर्वक उद्धार किया। उद्धार नबालिगों और महिलाओं को बाद में उनकी सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित चाइल्ड लाइन/एनजीओ को सौंप दिया गया। 08 नवंबर, 2022 को, रंगापाड़ा नार्थ के रेलवे सुरक्षा बल ने रंगिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15818 ( डोनी पोलो एक्सप्रेस) पर नियमित जांच की। तलाशी के दौरान उन्होंने भागी हुई एक नाबालिग लड़की को ट्रेन से उद्धार किया। गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर महिला भिखारियों के खिलाफ 09 नवंबर, 2022 को चलाये गए एक अभियान में गुवाहाटी के रेलवे सुरक्षा बल ने 09 महिला भिखारियों को उद्धार किया। उद्धार सभी महिलाओं को उनके सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कार्रवाई के लिए गुवाहाटी स्थित एक वृद्धाश्रम को सौंप दिया गया। 10 नवंबर, 2022 को एक अन्य घटना में, न्यू जलपाईगुड़ी के रेलवे सुरक्षा बल ने न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन पर नियमित तलाशी चलाई। तलाशी के दौरान उन्होंने भागी हुई एक नाबालिग लड़की को उद्धार किया। उसी दिन एक अन्य घटना में गुवाहाटी के रेसुब ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर नियमित तलाशी चलाई। तलाशी के दौरान उन्होंने भागे हुए एक नाबालिग लड़के को उद्धार किया। बाद में नाबालिगों को सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कार्रवाई के लिए क्रमशः रेलवे चाइल्डलाइन, न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी को सौंप दिया। अक्तूबर, 2022 के दौरान पूसीरे की रेलवे सुरक्षा बल ने 52 नाबालिगों और भागी हुई 07 महिलाओं को उद्धार किया। उद्धार किए गए बच्चों/महिलाओं को संबंधित चाइल्ड लाइन/एनजीओ, माता-पिताऔर राजकीय रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया।

# लायंस क्लब ने निकाली मधुमेह जागरूकता रैली



**गुवाहाटी ( नसं )।** लायंस क्लब गौहाटी ने मधुमेह पर जागरूकता फैलाने के लिए सदस्यों और जनता के लिए लायंस स्ट्राइड्स वॉक फॉर डायबिटीज अवेयरनेस का आयोजन किया है। यह वॉक श्रद्धांजलि पार्क से सुबह 7 बजे शुरू हुई और जपारीगोग होते हुए अमृत उद्यान हेंगराबारी पहुंची। रैली को महापौर मृगेन सरानिया, उप महापौर स्मिता रॉय और प्रसिद्ध गायिका जुबली बरुआ, फिटनेस मंत्रा से अनन्या पचानी, योग शिक्षिका एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक ममता मिश्रा एवं मौसमी चौधरी उपस्थित थी। रैली में लायंस क्लब के सदस्य, लायंस गोल्ड, लायंस कामरूपा, लियो क्लब के लड़के और लड़कियों, मालीगांव कॉलेज, दिसपुर कॉलेज, बोंडा अंचलिक कॉलेज के छात्र और चिड़ियाघर रोड के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों सहित 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इलाका। रैली का समापन अमृत उद्यान में जहां डॉक्टरों और आयुर्वेदिक विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और मधुमेह जागरूकता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अमृत उदयन में रक्त शर्करा परीक्षण का आयोजन भी किया गया। हेंगराबारी की स्थानीय पार्षद डिंपल राभा भी उपस्थित थी। लायंस क्लब ऑफ गौहाटी हर साल विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर इस रैली का आयोजन करता है। इस कार्यक्रम के संयोजक राजेश भूत और अध्यक्ष दलजीत सिंह, सचिव अजय पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष किशोर साबू, आनंद अय्यर सहित अन्य सदस्य राजेश हंसरिया, नरेश अग्रवाल, महेश झुरिया, मुकेश जैन, विजय हरलालका, नीरज चमरिया, अजय अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील अग्रवाल, मदन गर्ग, रमेश मल्होत्रा, मदन मल्होत्रा, जंबो जैन, उमा अय्यर, भास्कर शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# सांस्कृतिक विभाग समाप्त करने को लेकर हिंदी समाज में रोष

**नगांव ( निसं )।** नगांव के अग्रणी संस्था सूर्य षष्ठी समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष श्याम बाबू साह ने हाल ही में सांस्कृतिक विभाग को निलंबन करने की मामला शोसल मिडिया में वायरल होने से विशेषकर हिंदी भाषी समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संदर्भ में अध्यक्ष श्याम बाबू साह ने इस संवाददाता को बताया कि यह निर्णय उन्होंने समिति के भविष्य को देखते हुए लिया है, जिससे कोई भी पदाधिकारी और सदस्य अपनी मनमानी नहीं कर सकें। उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक विभाग के सहायक सांस्कृतिक सचिव गणेश गुप्ता, रंजीत शर्मा, राकेश सिंह, कौशल सिंह ने हालांकि पहले ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई मनमानी के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन सांस्कृतिक सचिव रविन्द्र साह ने अपने गलती की जिम्मेवारी नहीं लेते हुए अपने पद पर ही बने रहे, जिसके कारण समिति के सदस्यों के सलाह पर अध्यक्ष ने सांस्कृतिक सचिव सहित पूरे सांस्कृतिक विभाग को निलंबन करने के लिए वाध्य हुए। सनद रहे कि इस बार छठ पूजा के दिन नेहरु वाली विजयादशमी घाट पर आयोजित छठी मैया के जगराता कार्यक्रम में मंच संचालन के दौरान विवादास्पद बातें तथा समय का सदुपयोग नहीं करने के साथ ही मनमानी करने को लेकर समिति के काफी सदस्य अपनी नाराज़गी व्यक्त करते हुए समिति के अध्यक्ष को घाट पर ही मौखिक रुप से शिकायत की। लेकिन माहौल को देखते हुए अध्यक्ष ने अपने सदस्यों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद अध्यक्ष ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कदम उठाया।

# भारी मात्रा में लकड़ी बरामद

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के कृष्णई इलाके में वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में लकड़ी जब्त किया है। वन विभाग ने रविवार को बताया कि मध्य आंचलिक वन अधिकारी शिवानी पेगू के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में लकड़ी कृष्णाई के सालपारा नाकाटीपारा इलाके से जब्त किया गया। हालांकि, इस मामले में किसी भी लकड़ी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वन विभाग द्वारा जप्त की गई लकड़ी की कीमत लगभग 80 हजार रुपए आंकी गई है।

## गंभीर रूप से घायल हाथी के इलाज में जुटा वन विभाग

**होजाई ( हि.स. )।** होजाई जिला के दीघल बाड़ी संरक्षित वनांचल के सीमावर्ती इलाके में पिछले कई दिनों से गंभीर रूप से घायल जंगली हाथी को बचाने में वन विभाग जुट गया है। राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा के पानबाड़ी स्थित रेस्कियू सेंटर से चिकित्सकों को बुलाकर उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। वनांचल के सीमावर्ती इलाके में इस हाथी को कई दिनों से विचरण करते देखा जा रहा था। वह अगले दाहिने पैर में गंभीर चोट के कारण लगातार चिल्ला रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल हाथी को आखिरकार वन विभाग ने तलाश लिया है और राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा के पानबाड़ी स्थित रेस्कियू सेंटर से चिकित्सकों को बुलाकर इलाज शुरू कर दिया है। साथ ही हाथी के भोजन की व्यवस्था भी वन विभाग की ओर से की जा रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस पहल की सराहना की है। जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में आए दिन जंगली हाथियों का झुंड खेती और ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाते रहते हैं, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान रहते हैं।

# भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी पूर्वोत्तर महिला मोर्चा की बैठक संपन्न




**गुवाहाटी।** भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी पूर्वोत्तर महिला मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा ने सभी सदस्याओं का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी। इस सभा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के मौके पर अटल सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सप्ताहभर चलने वाले सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ 24 दिसंबर को किया जाएगा। 30 दिसंबर तक चलने वाले इस अटल सेवा सप्ताह के तहत महिला मोर्चा की सदस्याओं द्वारा विभिन्न अनाथालयों, वृद्धाश्रमों आदि स्थानों पर सेवामूलक कार्य आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि इस सभा में गुलाब दुग्गड़, सारिका अग्रवाल, शांति कुंडलिया, बीना जैन, सरोज शर्मा, दीपिका अग्रवाल, रजनी शर्मा, ममता शर्मा, डिंपल शर्मा, मधू लुनिया, सपना सराफ, निर्मला पारीख, रेखा गोयल, अनिता गुप्ता, संगीता अग्रवाल आदि सदस्याएं उपस्थित थी।

# कवि-कथाकार धीरज कलिता की स्मृति में पुस्तक विमोचन

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया के प्रतिभाशाली युवक तथा कवि कथाकार धीरज कलिता को 13 साल की उम्र में एक हादसे ने उन्हें लकवा मार दिया था तथा सातवीं कक्षा से ही अपने स्कूली जीवन से को समाप्त करना पड़ा। अपने जीवन युद्ध के दौरान, हार न मानते हुए कलिता ने 700 से अधिक कविताओं और 500 से अधिक कहानियों की रचना की। लेकिन पिछले साल 20 अक्तूबर को धीरज कलिता को नियति के पास उन्हें हार मानना पड़ा। रंगिया के मुरारा गांव के गांव प्रधान गिरिधर कलिता और कल्पना कलिता के पुत्र धीरज कलिता की पुण्य स्मृति में उनके परिवार के लोगों, दादी गरिमा कलिता के संपादन में तथा स्वर गोष्टि के सहयोग से धीरज कलिता की स्मृति में तथा उनकी यादों को संरक्षित करते हुए निजानोत निरोले नामक कविता और कहानियों का संकलन उन्मोचन किया गया। इस मौके पर आयोजित स्मृति चारण सभा में अध्यापक, ऐतिहासकार पविन कलिता, ज्येष्ठ नागरिक नरेंद्र शर्मा संजीव कलिता सहित स्थानीय पत्रकार और बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** तिनसुकिया जिला के डिगबोई में राष्ट्रीय राजमार्ग-36 हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग-36 पर बोगापानी पेट्रोल पंप के समीप ऑटो रिक्शा और विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान राहुल सील, जयंत लश्कर और देवजीत बुढ़ागोहाईं के रूप में की गई है।

## जंगली हाथियों के उपद्रव से ग्रामीण परेशान

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के कलियाबर इलाके में जंगली हाथियों द्वारा उपद्रव मचाया जाने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया है कि कलियाबर के धानखोवा इलाके में रात होते ही खाद्य की तलाश में रिहायशी इलाके में जंगली हाथियों का झुंड घुस आता है। जिसकी वजह से लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने रविवार को बताया कि बीती रात लगभग दस सदस्यीय जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर कई घरों को नुकसान पहुंचाया। घटना की खबर मिलते ही रविवार को सिलघाट वन विभाग और ऊलुबनी पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने में जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि धान की पकी हुई को खाने के लिए आए दिन जंगली हाथी गांव में आ रहे हैं। पशु विशेषज्ञों के अनुसार हाथियों में सूंघने की गजब की क्षमता होती है।

# महीने भर में लायंस उमंग ने 100 लोगों का कराया मोतियाबिंद ऑपरेशन




**गुवाहाटी ( विभास )।** महिलाओं की संस्था होने के बावजूद लायंस क्लब ऑफ गौहाटी उमंग ने एक महीने में 100 जरूरतमंद लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करा कर एक नया अभिलेख स्थापित किया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषी गर्ग सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में अक्तूबर महीने में 100 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। मानव सेवा के इस नेक कार्य को संपादित करने में क्लब की सचिव कंचन पोद्दार, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, रेणु जैन, लायंस जिलापाल द्वितीय सीमा गोयनका, अध्यक्ष सीमा सोनी, जनसंपर्क अधिकारी आरुषी सोनी, कविता बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष रितु बंका, मिताली सुराणा, विनिता कुंपावत, कांता सिंघानिया, सुशिला गुप्ता, रेखा जालान, सुनिता मित्तल, रूपा शर्मा, अर्चना अग्रवाल, पूजा खेमका, पूनम केजरिवाल, नितु सराफ, मालविका सुरेका, अनिता लोहिया, प्रगती सोनी आदि ने आर्थिक सहयोग दिया। छत्रीबाड़ी स्थित लायंस आई हॉस्पिटल में अलग-अलग स्थानों से आए मोतियाबिंद से ग्रस्त लोगों का ऑपरेशन कर उन्हें न केवल नि:शुल्क दवाइयां दी गई बल्कि उनके आने-जाने की व खान-पान की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले सभी लोगों ने लायंस उमंग के इस नेक कार्य के लिए उन्हें तहे दिल से धन्यवाद दिया। इन सभी का ऑपरेशन लायंस आई अस्पताल के चिकित्सक व कार्यक्रम संयोजक डॉ. तदबीर अगरवाला व डॉ. अनामिका वैश्य की देख-रेख में संपन्न हुआ। इस कार्य में महीनेभर तक क्लब की ओर से पिंकी हवेलिया, कंचन बेताला, कुसुम जैन, सीमा सोनी, सुजाता जैन, रोमा भजनका रेणु जैन, निभा सराफ, कविता बंसल आदि सदस्याओं ने अपनी सेवाएं दी।

# डोकलाम विवाद के मास्टरमाइंड को मिली भारत-पाकिस्तान और दक्षिण एशिया की जिम्मेदारी

**– चीन के राष्ट्रपति ने पीएलए के जनरल हे वेइदॉन्ग को केंद्रीय सैन्य आयोग का उपाध्यक्ष बनाया**

**– पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पीएलए की पश्चिमी थिएटर कमांड के कमांडर भी रह चुके हैं वेइदॉन्ग**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत-पाकिस्तान और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों से संबंधित सभी सैन्य मामलों की देखरेख के लिए हे वेइदॉन्ग को नियुक्त किया गया है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल हे वेइदॉन्ग को ही 2017 में भारत-भूटान-चीन ट्राई जंक्शन के पास हुई डोकलाम घुसपैठ का मास्टरमाइंड माना जाता है। भारत की सेना ने 72 दिन तक आमने-सामने डटकर चीनी सैनिकों को वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के संयुक्त अभियान कमान मुख्यालय की अपनी पहली यात्रा में चीनी सेना से 'सैनिक प्रशिक्षण और युद्ध की तैयारियों को बढ़ाने' का आह्वान किया है। इसी दौरान उन्होंने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल हे वेइदॉन्ग (65) को सीएमसी का नया उपाध्यक्ष बनाया है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की पश्चिमी थिएटर कमांड के पूर्व कमांडर जनरल झांग जुडॉन्ग 2017 में डोकलाम संकट के दौरान प्रभारी थे, जब भारत और चीन की सेनाएं भारत-भूटान-चीन ट्राईजंक्शन के पास पठार पर 72 दिन तक आमने-सामने रही थीं। जनरल हे वेइदॉन्ग को ही डोकलाम घुसपैठ का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके बाद उन्हीं के कार्यकाल में पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मई की शुरूआत से गतिरोध बढ़ा और चीनी सेना ने एलएसी पार करके कई एकतरफा बदलाव किए। पीएलए की पश्चिमी थिएटर कमांड



चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन, पूर्वी लद्दाख में भारत की पश्चिमी सीमा एलएसी, एलएसी से सटे तिब्बत और झिंजियांग क्षेत्र के लिए भी जिम्मेदार है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हे वेइदॉन्ग को केंद्रीय सैन्य आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही भारत-पाकिस्तान और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों से संबंधित सभी सैन्य मामलों की देखरेख के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल वेइदॉन्ग केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष होने के साथ ही चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के 20वें पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं। वेइदॉन्ग डोंगताई, जिआंगसु प्रांत से है। वह दिसंबर, 1972 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और नवंबर, 1978 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने सेंट्रल पार्टी स्कूल में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। पीएलए ग्राउंड फोर्स में जनरल का रैंक संभालने वाले वेइदॉन्ग ने 1981 में पीएलए नानजिंग आर्मी कमांड कॉलेज से स्नातक किया। वह जुलाई, 2013 में जियांगसू सैन्य जिले और मार्च 2014 में शंघाई गैरीसन के कमांडर थे। फरवरी, 2015 में उन्होंने सीसीपी शंघाई समिति की स्थायी समिति के सदस्य के रूप में झू शेंगलिंग की जगह ली। वेइदॉन्ग को जुलाई, 2016 में उन्हें वेस्टर्न थिएटर कमांड के डिप्टी कमांडर और वेस्टर्न थिएटर कमांड ग्राउंड फोर्स के कमांडर के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। सितंबर, 2019 में उन्हें लियू युजुन की जगह ईस्टर्न थिएटर कमांड का कमांडर बनने के लिए पदोन्नत किया गया था।उन्होंने 2019 से 2022 तक ईस्टर्न थिएटर कमांड के कमांडर के रूप में कार्य किया। उन्हें जुलाई, 2008 में मेजर जनरल (शाओजियांग), जुलाई, 2017 में लेफ्टिनेंट जनरल (झोंगजियांग) और दिसंबर, 2019 में जनरल (शांगजियांग) के पद पर पदोन्नत किया गया था। 2001 में उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रवेश किया।

# भाजपा ने केजरीवाल निर्देशित 'फिल्म लुटेरा' का जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने रविवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के फोटो सहित लुटेरा नाम का एक पोस्टर जारी किया। जिसमें पिछले आठ सालों से अरविंद केजरीवाल सरकार में चल रही घटनाओं का संक्षेप विवरण है। पूनावाला ने एक प्रेस-वार्ता में तंज कसते हुए कहा कि एक लुटेरा नाम की फिल्म आई थी लेकिन फिलहाल दिल्ली के अंदर अरविंद केजरीवाल निर्देशित फिल्म लुटेरा चल रही है जिसमें मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, कैलाश गहलोत और सुकेश चंद्रशेखर मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने केजरीवाल सरकार के घोटालों को याद दिलाते हुए कहा कि हवाला घोटाला, बस घोटाला, क्लासरूम घोटाला, बिजली सब्सिडी में घोटाला, श्रमिकों का फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाकर घोटाला, जलबोर्ड के माध्यम से 20 करोड़ की लूट हो या फिर शराब घोटाला हो जिसमें केजरीवाल ने शराब माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए दिल्ली के करदाताओं के पैसों को पानी की तरह बहाने का काम किया।




पूनावाला ने कहा कि शराब घोटाले में अभी तक किसी को बेल नहीं मिली है। कैश कलेक्शन एक्सपर्ट विजय नायर भी जेल के अंदर है। शराब घोटालों के अंदर जिस तरह से दिल्ली के खजाने को लूटने का काम किया गया उसका खुलासा भी आरटीआई के तहत हुआ है। नई शराब नीति के तहत 5036 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में आए। सितंबर 2022 में जब पुरानी पॉलिसी को लागू किया गया तो सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 768 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने कहा कि मतलब स्पष्ट है कि नई आबकारी नीति के तहत दिल्ली के सरकारी खजानों में प्रतिदिन आने वाले 17.5 करोड़ रुपये पुरानी नीति के तहत प्रतिदिन 25.5 करोड़ रुपये आने लगे। यानि प्रतिदिन 8 करोड़ रुपये अतिरिक्त फायदा पुरानी नीति के कारण सरकार को होने लगा जो यह बताता है कि नई आबकारी नीति सिर्फ दिल्ली की सरकारी खजाने को लूटने के लिए लाया गया था। पूनावाला ने कहा कि नई आबकारी नीति जब तक लागू रही उस दौरान दिल्ली के सरकारी खजानों में 1800 करोड़ रुपये की चपत लगी। गरीबों के सरकारी खजानों को शराब माफियाओं की जेब भरने का काम किया। उन्होंने सवाल किया कि अगर पॉलिसी अच्छी थी तो उसे वापस लेने को मजबूर क्यों हुए? ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को क्यो लाइसेंस दिए गए। जिन कंपनियों को नोटिस जारी की गई थी उन पर केजरीवाल सरकार ने क्या कार्रवाई की है। कमीशन बढ़ाने की क्या जरुरत पड़ी।

# कीचड़ में फंसी भाजपा की गाड़ी तो 'कांग्रेस' के प्रचार वाहन ने बाहर निकाला, वीडियो शेयर कर केजरीवाल ने कसा तंज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** गुजरात में इस बार 'मुश्किल' में फंसी भाजपा की गाड़ी क्या कांग्रेस की मदद से ही बाहर निकलेगी? गुजरात में मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के बीच कथित 'जुगलबंदी' की ओर इशारा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। आप ने गुजरात का एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में कीचड़ में फंसे भारतीय जनता पार्टी का प्रचार कर रहे एक वाहन को कांग्रेस के पोस्टरों से सजे प्रचार वाहन द्वारा खींचकर बाहर निकालते देखा जा सकता है। 'आप' का कहना है कि गुजरात में भाजपा के रुके हुए चुनावी वाहन को बचाने के लिए कांग्रेस जी-तोड़ कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा गुजरात में भाजपा



की अटकी हुई चुनावी गाड़ी को बचाने में पूरा जोर लगाती कांग्रेस। यह है चुनावों में भाजपा और कांग्रेस के इलू-इलू की कहानी। गौरतलब है कि 182 सीटों वाली गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। दो चरणों में 01 दिसंबर और 05 दिसंबर को मतदान होगा। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा। 2017 के चुनावों में भाजपा को 99 सीटों पर विजय मिली थी, जबकि विपक्षी दल कांग्रेस को 77 सीटें प्राप्त हुई थीं। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी, 2023 को समाप्त हो रहा है। भाजपा गुजरात में 1995 से लगातार सत्ता में हैं और इसे भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है। गुजरात में आमतौर पर सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पार्टी के बीच आमना-सामना होता रहा है लेकिन आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) चुनावी मैदान में एंट्री से मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार हैं। आप पिछले कुछ सालों से गुजरात में अपनी जमीन मजबूत करने में जुटी हुई है। आप ने 2017 के चुनावों में 29 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा किए थे, लेकिन तब वह अपना खाता तक नहीं खोल सकी थी।

# प्रत्येक जाति अपनी अस्मिता को लेकर सचेत : थरूर



**– टाटा लिटरेचर फेस्टिवल में कांग्रेस सांसद ने कहा**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आजादी के ठीक बाद के दशक की तुलना में आज के समय में भारतीय समाज में जाति की अधिक चेतना है। यह कहना है कांग्रेस सांसद शशि थरूर का। उन्हों ने कह कि टाटा लिटरेचर फेस्टिवल में आंबेडकर की खोई हुई विरासत विषय पर एक परिचर्चा में थरूर ने कहा कि प्रत्येक जाति अपनी अस्मिता को लेकर सचेत है और यह अस्मिता राजनीतिक रूप से एकजुट करने का जरिया बन गई है। थरूर की पुस्तक आंबेडकर:ए लाइफ का विमोचन कार्यक्रम के दौरान किया गया। यह पुस्तक डॉ भीम राव आंबेडकर की जीवनी है। थरूर ने कहा, आंबेडकर जाति प्रथा को पूरी तरह से खत्म करना चाहते थे और यह महसूस कर शायद वह भयभीत हो गये कि जाति प्रथा राजनीतिक दलों में कहीं अधिक गहरी जड़ें जमाई हुई है।" तिरूवनंतपुरम के सांसद ने एक श्रोता के प्रश्न का उत्तर देते हुए यह उल्लेख किया कि भेदभाव या छूआछूत के विरोधी राजनीतिक दल जाति के नाम पर वोट नहीं मांगते। उन्होंने कहा जाति प्रथा खत्म होने से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने जाति प्रथा को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि जब तक जाति प्रथा की चेतना मौजूद रहेगी, उत्पीड़न भी होता रहेगा। उन्होंने कहा कि जाति अखबारों के वैवाहिक पृष्ठों की एक मुख्य विशेषता है।थरूर ने कहा कि आंबेडकर और जवाहरलाल नेहरू, दोनों ही चाहते थे कि भारत से जाति प्रथा खत्म हो जाए तथा नेहरू ने सोचा कि आधुनिकीकरण के साथ यह खत्म हो जाएगा।

# द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने को सेनाध्यक्ष चार दिन की यात्रा पर फ्रांस रवाना

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे फ्रांस के चार दिवसीय दौरे पर रविवार को रवाना हो गए हैं। भारतीय सेना का कहना है कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को और बढ़ाना है। इस यात्रा के दौरान सेना प्रमुख द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने के लिए अपने समकक्षों और फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की फ़्रांस यात्रा 14 से शुरू होगी और वे 17 नवंबर तक फ्रांस के सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करके दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। चार दिवसीय यात्रा के दौरान सेना प्रमुख न्यूव चैपल इंडियन मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। यह स्मारक प्रथम विश्व युद्ध के दौरान शहीद हुए 4,742 भारतीय सैनिकों की स्मृति में बनाया गया है। उनका चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, सेनाध्यक्ष और कमांडर कमांडमेंट डेस फोर्सेस टेरेस्ट्रेस



(सीएफटी)/लैंड कॉम्बैट फोर्सेज की कमान से मिलने का कार्यक्रम है, जहां वह भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। जनरल मनोज पांडे इकोले मिलिटरी का दौरा करेंगे, जिसमें पेरिस में विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण प्रतिष्ठान शामिल हैं। वह इकोले डी गुएरा-टी में एक पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों को संबोधित करेंगे। वह ड्रैगुइगन में सैन्य स्कूलों का भी दौरा करेंगे। फ़्रांस के इस प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान में कमीशन अधिकारियों और गैर-कमीशन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गतिविधियों के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को शामिल करते हुए लगातार बढ़ते रक्षा सहयोग जुड़ाव ने दोनों सेनाओं के हर स्तर पर मजबूत संबंध स्थापित किये हैं। सीओएएस की फ्रांस यात्रा दोनों सेनाओं के बीच विश्वास और समझ के बंधन को और मजबूत करेगी।

# कांग्रेस गुजरात में 15 दिन में करेगी 25 मेगा रैलियां, सोनिया गांधी व राहुल भी करेंगे चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने अपना पूरा जोर मिशन गुजरात पर फोकस कर दिया है। पार्टी आगामी 15 दिनों में कुल 25 मेगा रैली करेगी जो 125 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। रैलियों में पार्टी के तमाम बड़े नेता शिरकत करेंगे। कांग्रेस नेता के मुताबिक कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी गुजरात चुनाव में प्रचार करेंगे। राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा पर महाराष्ट्र में हैं। वह हिमाचल प्रदेश चुनावों में प्रचार करने नहीं पहुंचे, लेकिन गुजरात में उनके आने की चर्चा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दोनों मुख्यमंत्री-अशोक गहलोत और भूपेश बघेल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के अलावा पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्रियों और ओबीसी-एससी-एसटी-अल्पसंख्यक वर्ग के बड़े नेता भी आगामी दिनों में गुजरात में रैलियां और चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया



कि इस बार भी कांग्रेस ने आक्रामक चुनाव प्रचार की रणनीति बनाई है। उल्लेखनीय है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भी राहुल गांधी ने राज्य में आक्रामक चुनाव अभियान का नेतृत्व किया था। इस कारण कांग्रेस ने पिछले तीन दशकों में भाजपा को डबल डिजिट (99 सीट) पर लाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इस बार, कांग्रेस ने बूथ प्रबंधन पर अधिक भरोसा करते हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति बदली है। राहुल गांधी ने फरवरी 2022 में द्वारका में राज्य स्तरीय चिंतन शिविर में पार्टी के चुनाव अभियान का शुरूआत की थी, जिसके बाद पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए एक मौन अभियान योजना लागू की। इसके अलावा, कांग्रेस ने इस बार बड़े पैमाने पर घर-घर अभियान पर ध्यान केंद्रित करने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा चुनाव दो चरणों (1 दिसंबर और 5 दिसंबर) में होंगे। चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। भाजपा और कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी की एंट्री से गुजरात में इस बार चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

# एमसीडी चुनाव का टिकट न मिलने पर टावर पर चढ़ा आप नेता

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव का टिकट नहीं मिलने से नाराज निवर्तमान मनोनीत निगम पार्षद हसीब उल हसन रविवार को शास्त्री पार्क इलाके में टावर पर चढ़ गया। उसका कहना है कि आप ने उनसे सभी जरूरी ओरिजनल दस्तावेज जमा करवाये, लेकिन निगम चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया। आप नेता का कहना है कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सभी को हक है। वह चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता उनके ओरिजिनल दस्तावेज नहीं दे रहे हैं। हसीब उल हसन ने कहा कि वह सालों से पार्टी के लिए काम कर रहे थे। चुनाव की तैयारियों में लगे थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया।



अब वह पार्टी से अपना दस्तावेज वापस लेने की मांग को लेकर टावर पर चढ़े हैं। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और हसीब उल हसन को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी हसीब उल हसन शास्त्री पार्क में गंदे नाले की सफाई को लेकर नाले में कूद गए थे और उसकी सफाई करने लगे थे। उस समय भी इन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। नाले में कूदने के बाद इनके समर्थकों ने इन्हें दूध से नहला कर साफ किया था।

# मुर्मू पर टिप्पणी के खिलाफ स्मृति ने साधा ममता पर निशाना, लॉकेट चटर्जी ने दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कथित आपत्तिजनक बयान देखकर पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरी लगातार आलोचना का सामना कर रहे हैं। भाजपा टीएमसी पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। स्मृति ईरानी ने कहा अब देखना यह है कि आखिर अखिल गिरी को सीएम ममता बनर्जी कब बर्खास्त करती हैं। स्मृति ईरानी ने कहा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी राष्ट्रपति मुर्मू के खिलाफ टीएमसी के मंत्री अखिल गिरि की टिप्पणी पर कुछ नहीं बोल रही हैं। हम उस मंत्री की बात नहीं सुनना चाहते, हम जानना चाहते हैं कि ममता बैनर्जी कब अखिल गिरि को पार्टी से हटाती हैं। दूसरी ओर भाजपा के सांसद लॉकेट चटर्जी ने अखिल गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने नंदीग्राम में डब्ल्यूबी मिनिस्टर और टीएमसी नेता अखिल गिरि द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू पीएस में शिकायत दर्ज कराई है। लाकेट चटर्जी ने आईपीसी और एससी-एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत गिरि के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को बयान देना चाहिए। अखिल गिरि उनकी सरकार में मंत्री हैं, उन्हें उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए, उन्हें दिल्ली आकर माफी मांगनी चाहिए। गिरि के बयान से साफ हो गया है कि यह उनकी पार्टी के नेताओं की असली भावना है। ओडिशा से आने वाले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रधान ने ट्विटर पर गिरि की अलोचना करने के दौरान बनर्जी को भी ट्वीट टैग किया। प्रधान ने ट्वीट किया, यदि आप की पार्टी का एक सदस्य आपकी कैबिनेट में रहते हुए देश की प्रथम नागरिक और महिला का अपमान करता है, तो आपको मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अखिल गिरि का मंत्री पद पर बने रहना देश की सभी महिलाओं का अपमान है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने द्रौपदी मुर्मू के बारे में पश्चिम बंगाल के मंत्री की असंसदीय टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि किसी को भी राष्ट्रपति पर इस तरह की टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

# टीपू की 100 फुट ऊंची प्रतिमा लगाने की घोषणा का सिद्धारमैया ने किया समर्थन

**बेंगलुरु (ईएमएस)।** कांग्रेस के विधायक तनवीर सैत के कर्नाटक में टीपू सुल्तान की 100 फीट ऊंची मूर्ति लगाने का वादा करने के एक दिन बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने इस प्रोजेक्ट पर अपनी सहमति जताई है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर इतिहास के तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का भी आरोप लगाया है। कांग्रेस विधायक के वादे के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि टीपू सुल्तान की मूर्ति क्यों नहीं बनाई जा सकती, उन्हें बनाने दो, क्या वह इसके लायक नहीं हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा ने इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। उन्होंने नारायण गुरु, अंबेडकर और अन्य के बारे में क्या कहा? वे झूठी बातें कहते हैं। इस हफ्ते की शुरूआत में कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक तनवीर सैत ने मैसूर के श्रीरंगपटन में टीपू सुल्तान की 100 फीट ऊंची मूर्ति का वादा किया था। नरसिम्हाराजा सीट से विधायक चुने गए सैत ने कहा कि यह मूर्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए टीपू सुल्तान के सच्चे इतिहास के प्रतीक के रूप में खड़ी रहेगी। विधायक ने दावा किया कि उस योद्धा के इतिहास को सत्तारूढ़



भारतीय जनता पार्टी ने विकृत किया है। सैत ने मैसूर में टीपू कन्नड़ राज्योत्सव में हिस्सा लेते हुए कहा कि मैसूर या श्रीरंगपट्टन में टीपू सुल्तान की 100 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी, जो उनके असली इतिहास के प्रतीक के रूप में खड़ी होगी। भाजपा सरकार टीपू सुल्तान के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और उसकी विरासत को खत्म करने पर तुली हुई है। इसलिए इस प्रतिमा को बनाने की तत्काल जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इस्लाम में मूर्तियों के निर्माण पर प्रतिबंध होने के बावजूद मैं आने वाली पीढ़ियों को सच बताने के लिए टीपू की एक मूर्ति लगाऊंगा। गौरतलब है कि मैसूर के टाइगर के रूप में मशहूर टीपू सुल्तान के नाम पर कर्नाटक में विवाद होता रहा है।

# दमन का हथियार न बने कानून, हमें अपनी क्षमता के साथ कोर्ट की सामर्थ्य को भी समझने की जरूरत : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि कानून दमन का साधन न बन पाए और न्याय का साधन बना रहे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि नागरिकों का अपेक्षा रखना बहुत अच्छा है, लेकिन हमें अपनी सीमाओं के साथ-साथ संस्थानों के रूप में अदालतों की क्षमता को भी समझने की जरूरत है। डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कभी-कभी कानून और न्याय एक ही ट्रैजेक्टरी का पालन नहीं करते हैं। कानून न्याय का एक साधन हो सकता है, लेकिन कानून उत्पीड़न का भी एक साधन हो सकता है। हम जानते हैं कि कैसे औपनिवेशिक काल में वही कानून जैसा कि आज कानून की किताबों में मौजूद है, दमन के साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम नागरिकों के रूप में यह कैसे सुनिश्चित करें कि कानून न्याय का साधन बने और कानून उत्पीड़न का साधन न बने? मुख्य न्यायाधीश ने कहा मुझे लगता है कि कानून को संभालने में सभी निर्णयकर्ता शामिल हों, न कि केवल न्यायाधीश। जो चीज लंबे समय तक न्यायिक संस्थानों को बनाए रखती है, वह है करुणा, सहानुभूति की भावना और नागरिकों के रोने का जवाब देने की क्षमता।

# वनवासी समागम से पहले मुख्यमंत्री योगी से मिले रॉबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे

**–क्षेत्र के विकास और जनजातियों के गौरव को लेकर विधायक भूपेश चौबे ने मुख्यमंत्री से की चर्चा**



**लखनऊ, (हि.स.)।** सोनभद्र जिले में 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस का आयोजन है। इस कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आंनदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम से पहले रॉबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी से राजधानी में मुलाकात की और क्षेत्र के विकास एवं जनजातियों के गौरव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि सोनभद्र जनजाति बाहुल्य जनपद है। उन्होंने बताया कि जनपद में 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस का आयोजन है और इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के आने के आसार हैं, इसलिए उनसे मिलकर वनवासियों की समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर चर्चा की। श्री चौबे ने आरोप लगाया कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों ने जनजातियों के विकास और स्वावलम्बन को लेकर कोई कार्य नहीं किया था। लेकिन, जबसे योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है, जनजातियों का कल्याण और उनका विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शीर्ष पर है। हमारे सोनभद्र संवाददाता के अनुसार अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से 15 नवम्बर को सोनभद्र जनपद में जनजाति गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आने की संभावना है। मंडलायुक्त विंध्याचल योगेश्वर राम मिश्रा ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा भी की थी। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सह संगठन मंत्री आनंद का कहना है कि संस्था की तरफ से प्रत्येक वर्ष बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार यह गौरव दिवस इसलिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि सदैव से वंचित समाज अपने हक को वनाधिकार के तहत पट्टा के रूप में प्राप्त करेगा। आनंद ने बताया कि इस आयोजन में उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली सभी जनजातियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत होगा। इस अवसर पर गोरखपुर से वनटगियाँ जनजाति की टीम, चित्रकूट से कोल जनजाति की टीम, बहराइच पीलीभीत लखीमपुर से थारू जनजाति की टीम, बुंदेलखंड की टीम व सोनभद्र से खरवार गोड़ घसिया धाँगर चेरो बैगा की टीम अपने-अपने कला का प्रदर्शन करेंगी।

# अभाविप के 62 वें प्रांतीय अधिवेशन का विधिवत समापन

**– अवध प्रांत की कार्यकारिणी घोषित**



**रायबरेली, (हि. स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(अभाविप) के 62 वें अधिवेशन का रविवार को विधिवत समापन हो गया है। तीन दिन तक चले इस प्रांतीय अधिवेशन में करीब 25 जिलों से आये प्रतिनधियों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए और वक्ताओं का सम्बोधन हुआ। समापन सत्र में बोलते हुए अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकरण शाही ने शिक्षा को मूल्य आधारित बनाने पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा का लक्ष्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिये। राष्ट्रीय मंत्री राकेश दास ने अभाविप के संघर्ष और उद्देश्यों को साझा किया और सभी से इसमें योगदान देने की अपेक्षा की। समापन सत्र में नवनिर्वाचित अवध प्रांत अध्यक्ष प्रो नीतू सिंह ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी पदाधिकारियों का परिचय अधिवेशन में शामिल कार्यकर्ताओं को कराया। मंत्री आकाश पटेल ने अभाविप द्वारा शिक्षा व छात्र हित में किये कार्यो की चर्चा की और आगे की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंकित शुक्ल द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया। अवध प्रांत के संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने अधिवेशन में सम्मिलित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया व कहा कि विद्यार्थी परिषद से सीखा हुआ आचार-विचार जीवन भर हमारे साथ रहेगा। इसके अलावा समापन सत्र में वंदे मातरम व ध्वजावतरण प्रांत अध्यक्ष नीतू सिंह व मंत्री आकाश पटेल ने किया। समापन सत्र में नगर अध्यक्ष डॉ अजय सिंह , कई वरिष्ठ पदाधिकारी व अवध प्रांत के 25 जनपदों के पदाधिकारी व हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला मलेरिया विभाग ने लोगों को किया जागरूक

**आगरा, (हि.स.)।** आगरा सुभाष पार्क पर जिला मलेरिया विभाग के अधिकारियों ने लोगों को डेंगू के खिलाफ अभियान चलाते हुए जागरूक किया। अधिकारियों ने मॉर्निंग वाक पर आये लोगों को डेंगू से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डेंगू के खिलाफ चल रहे इस अभियान की शुरूआत पिछले माह 30 अक्टूबर से की गयी है। आगरा में आज रविवार को जिला मलेरिया विभाग की टीम ने एम जी रोड स्थित सुभाष पार्क में लोगों को डेंगू के खिलाफ जागरूक किया। सुबह- सुबह पार्क में अपनी टीम संग पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने मॉर्निंग वाक पर आये लोगों को डेंगू से बचाव सम्बंधित जानकारियां दी। अधिकारियों ने लोगों को घरों में और आस- पास पानी इकठ्ठा न होने देने, डेंगू के लार्वा, डेंगू के उपचार से सम्बंधित जानकारियां दी। जिला मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार द्वारा 30 अक्टूबर से डेंगू के खिलाफ इस अभियान की शुरूआत की गयी है। इस अभियान के तहत विभाग के अधिकारी अपनी टीम संग सार्वजानिक स्थलों पर जाकर डेंगू और अन्य संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। पिछली बार पालीवाल पार्क आगरा में लोगों को इसी तरह की जानकारी दी गयी थी। विभाग द्वारा इस अभियान को निरंतर चलाये रखने की जानकारी दी गयी।

# खुले बरामदे में बूथ नहीं बनाए जाएंगे: मंगला प्रसाद सिंह

**–मतदान केन्द्रों का पुनः निरीक्षण कर पेयजल, बिजली तथा शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देख लें: डीएम**



**हरदोई, (हि.स.)।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए बनाये गये मतदान केन्द्र आरआर इंटर कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज, लाल बहादुर शास्त्री मान्टेसरी स्कूल, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, रफी अहमद इंटर कॉलेज, आईटीआई तथा सीएसएन पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया। रफी अहमद इंटर कॉलेज में मतदान के संबंध में जिलाधिकारी ने तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी से कहा कि किसी भी मतदान केन्द्र पर खुले बरामदे में बूथ नहीं बनाए जाएंगे। इसलिए बूथ बनाने की व्यवस्था निमार्णाधीन भवन के कक्षों में करायें। सनातन धर्म इंटर कालेज में सात बूथ बनाये जाने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि जहां बूथों की संख्या अधिक है और पर्याप्त जगह नहीं है तो संभव हो तो कुछ बूथों को नजदीक के मतदान केन्द्र पर बदलवाएं। आईटीआई निरीक्षण के दौरान परिसर में फैली गंदगी तथा बड़ी-बड़ी उगी घास तथा मतगणना हाल की चाबी न मिलने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य आईटीआई हरदोई का स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक सप्ताह के अन्दर आईटीआई परिसर की सफाई कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी मतदान केन्दों पर व्यापक सफाई व्यवस्था करायें और तहसीलदार के साथ सभी मतदान केन्द्रों का पुनः निरीक्षण कर पेयजल, बिजली तथा शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देख लें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों पर चार से अधिक बूथ होंगे,वहां शान्ति एवं सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। निरीक्षण के समय ईओ नगर पालिका रवि शंकर शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# आठ महीने बाद जागा एलडीए, चर्चा में आयी यजदान बिल्डिंग



**लखनऊ, (हि. स.)।** लखनऊ के प्राग नारायण मार्ग पर 60 करोड़ कीमत की नजूल की जमीन पर बनी यजदान बिल्डर की अवैध बिल्डिंग रविवार की सुबह एक बार फिर से चर्चा में आ गयी। यह अवैध रूप से बनी बिल्डिंग आठ महीने पहले 31 मार्च को उस वक्त चर्चा में आयी थी, जब जिला प्रशासन इस बिल्डिंग को तोड़ने पहुंचा था, लेकिन बीच में ही ध्वस्तीकरण का कार्य रोकना पड़ा था। यजदान बिल्डर के अवैध बिल्डिंग पर रविवार की सुबह एलडीए ने ध्वस्तीकरण की तैयारी की। इससे पहले भारी पुलिस बल मौके पर बुलाई गई और बिल्डिंग में रह रहे लोगों को बाहर कराया गया। एलडीए के अधिकारी अरविंद त्रिपाठी, राजीव कुमार सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। यजदान बिल्डर ने चोरी-छिपे एक व्यक्ति के नाम पर आवंटित स्थान को बिना फ्रीहोल्ड कराए अपने नाम पर करा लिया था। उस स्थान पर बिल्डिंग बना डाली। यजदान ने एलडीए के नजूल विभाग की एनओसी भी नहीं ली। वही नजूल की एनओसी ना होने के कारण ही 2016 में इस बिल्डिंग का नक्शा निरस्त कर दिया गया था। यजदान बिल्डर हाईकोर्ट भी गए, लेकिन वहां पर उनको राहत नहीं मिली।

# एनआरएलएम में राशन वितरण में किया जा रहा घोटाला

**–सीडीओ ने दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश**



**बिजनौर, (हि.सं.)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूह को होने वाले आहार वितरण में भारी गोलमाल होने की जानकारी मिली है। ब्लॉक हल्दौर में घोटाला प्रकाश में आने के बाद दो ब्लॉक मिशन मैनेजर के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय उसे बचाने के रास्ते तलाशे जा रहे हैं। गौरतलब है कि हर ब्लॉक में महिला स्वयं सहायता समूह गठित है जो आंगनबाड़ी केन्द्रों को आहार उपलब्ध कराते हैं जिसके बाद आंगनबाड़ी गर्भवती महिलाओं व बच्चों को वितरण करती है। इन समूह की निगरानी के लिए ब्लॉक मैनेजर नियुक्त है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आहार वितरण की लगातार शिकायत मिलने पर 44 समूहों की जांच कराईं गई। सीडीओ पूर्ण बोरा के अनुसार हल्दौर ब्लॉक में 92 ग्राम पंचायतों के 305 आंगनबाड़ी केन्द्रों खाद्यान्न का वितरण किया गया जहां जांच में पाया गया कि ब्लॉक मैनेजर हितेन्द्र कुमार द्वारा 63 सहायता समूह से धनराशि की मांग की गई तथा 22 स्वयं सहायता समूह से अवैध वसूली कर गबन किया गया। 44 समूह की जांच में प्रथम दृष्टवा 6 लाख की गड़बड़ी सामने आई है। सीडीओ के अनुसार घोटाले के आरोप में दोनों ब्लॉक मैनेजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। डीसी ज्ञान सिंह का कहना है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल कर रही है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज करने लायक नहीं है, वहीं थानाध्यक्ष उदय प्रताप का कहना है कि ज्ञान सिंह थाने आए थे लेकिन उन्होंने लिखित में कोई तहरीर नहीं दी है। सीडीओ पूर्ण बोरा ने हल्दौर ब्लॉक में अक्टूबर 2020 से माह मार्च 2021 के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूह द्वारा सहयोग के बदले मिली धनराशि वितरण में अनियमितता बरतने की जांच हेतु दो सदस्यीय टीम गठित की है।

# मोहन भागवत लोहरदगा में संघ के प्रशिक्षण शिविर में होंगे शामिल

**लोहरदगा, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पिछले दो दिनों से यहां चल रहे संघ के प्रवासी कार्यकताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के रविवार को समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिविर में शामिल होने के लिए डॉ. भागवत सुबह रांची एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से लोहरदगा पहुंचे। उनके दौरे के मद्देनजर रांची से लोहरदगा तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि डॉ. भागवत प्रशिक्षण वर्ग के समापन के साथ ही प्रवासी कार्यकताओं से रूबरू भी होंगे। डॉ. भागवत शिविर के समापन के बाद झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल के लोहरदगा स्थित आवास पर भोजन करने के बाद पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के जशपुर के प्रवास पर रवाना होंगे। जशपुर में वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से सोमवार को आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। भाजपा के कद्दावर नेता रहे दिवंगत जूदेव जशपुर जिले में घरवापसी कार्यक्रम के लिए चर्चित रहे हैं। इस कार्यक्रम में झारखंड के गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिले के लोग भी शिरकत करेंगे।

# हिंदूवादी युवा नेता कमल देव गिरि की हत्या के बाद चक्रधरपुर में भारी तनाव, धारा 144 लागू



**पश्चिमी सिंहभूम, (हि.स.)।** चक्रधरपुर के युवाओं में लोकप्रिय एवं गिरिराज सेना के संरक्षक हिंदूवादी युवा नेता कमल देव गिरि की हत्या के बाद चक्रधरपुर शहर में भारी तनाव है। इसके मद्देनजर पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गयी है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने 12 नवंबर की देर रात निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू करने का आदेश जारी कर दिया। यह निषेधाज्ञा 13 नवंबर से लेकर 19 नवंबर तक जारी रहेगी। इधर हत्या के विरोध में रविवार सुबह से ही चक्रधरपुर बाजार को दुकानदारों ने स्वेच्छा से बंद कर दिया। शहर में तनाव को देखते हुए जमशेदपुर से रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को बुला लिया गया है। फिलहाल पूरा चक्रधरपुर शहर पुलिस छावनी में तब्दील है। घटना के बाद चक्रधरपुर में पोड़ाहाट एसडीओ रीना हांसदा, चाईबासा हेड क्वार्टर डीएसपी सुधीर कुमार, चौराहा डीएसपी कपिल चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो हालात पर नजर बनाये हुए हैं. शहर में सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और रैफ के जवानों की तैनाती की गयी है। बताया जाता है कि गिरिराज सेना प्रमुख कमल देवगिरि ने बहुत कम समय में अपनी पहचान बना ली थी। वह कट्टर हिंदूवादी माने जाते थे और वर्तमान में नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद पर दावेदारी भी पेश कर चुके थे। यही कारण है कि उनके कई दुश्मन भी बन गये थे। इसके बावजूद वह किसी समय कहीं भी अकेले ही निकल पड़ते थे। शनिवार को भी किसी ने उन्हें स्टेशन बुलाया था। कमलदेव अपने साथी शंकर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से उससे मिलने निकल पड़े। वहां से वापस आने के दौरान भारत भवन के पास उन पर बोतल बम से हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी मौत हो गयी, जिस तरह से कमलदेव गिरि की हत्या की गयी है, उससे स्पष्ट है कि उनकी रेकी की जा रही थी।

# कला संस्कृति के संरक्षण में चंपारण वासी सदैव रहते है तत्पर : डीएम

**–दो दिवसीय चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन**



**मोतिहारी, (हि.स.)।** नगर भवन के मैदान में आयोजित दो दिवसीय चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव 2022 का शुभारंभ हो गया। कोरोना काल के बाद बहुप्रतीक्षित चंपारण महोत्सव का अगाज डीएम सह अध्यक्ष चम्पारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति शीर्षत कपिल अशोक व एसपी डा.कुमार आशीष व अन्य अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डीएम ने कहा कि चंपारणवासी कला संस्कृति के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते है।जो एक अच्छी बात है। उन्होने कहा कि मानव जीवन को स्वस्थ रखने के साथ एक बेहतर समाज निर्माण में कला की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद कलाकारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इसके लिए जल्द ही जिला प्रशासन कलाकारों की सूची तैयार कर पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग को सौंपेगा। एसपी डा. कुमार आशीष ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमे अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है।इसे हर स्तर से बढ़ावा मिलना चाहिए। उद्घाटन सत्र के दौरान अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। वही महोत्सव समिति के सचिव डा. अतुल कुमार ने महोत्सव समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौके पर दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर के कुलपति डा. राजेश सिंह को महर्षि वाल्मीकी सम्मान के रूप में एक लाख का चेक प्रदान किया गया। उन्हे यह सम्मान उच्च शिक्षा प्रबंध के लिए दिया गया। वही आज तक के सुधीर चौधरी को डा.वीरेन्द्र नाथ पांडेय राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।

# मुख्यमंत्री ने राजकमल प्रकाशन के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजकमल प्रकाशन के स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक राजपथ स्थित राजकमल प्रकाशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजकमल प्रकाशन समूह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी इसी तरह आगे बढ़ें और तरक्की करें। छात्र जीवन से ही हम यहां आते रहे हैं। राजकमल प्रकाशन काफी लोकप्रिय रहा है और इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। सीएम ने कहा कि राजकमल प्रकाशन के प्रति मेरे मन में काफी सम्मान है और रहेगा। राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने नवनिर्मित भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। अशोक महेश्वरी ने लेखकों का एक फोटो फ्रेम और पुस्तक भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष व्यास जी, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो, संपादक, लेखक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कहलगांव ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति सुरक्षा पुरस्कार

**भागलपुर, (हि.स.)।** नई दिल्ली में आयोजित 48 वें एनटीपीसी स्थापना दिवस समारोह के स्वर्ण शक्ति एवार्ड कार्यक्रम में एनटीपीसी कहलगांव को सुरक्षा (ओएंडएम) श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति के विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। एनटीपीसी परियोजनाओं को सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठता के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत रहते हुए कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वर्ण शक्ति पुरस्कार उत्पादकता, सुरक्षा, कर्मचारी संबंध, पर्यावरण संरक्षण और सुधार, राजभाषा, सीएसआर और सामुदायिक विकास और परियोजना प्रबंध के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह द्वारा डीएसजीएसएस बाबजी, कार्यकारी निदेशक (पूर्व-क) एवं अरिंदम सिन्हा मुख्य महाप्रबंधक (कहलगांव) ने यह पुरस्कार कृष्ण पाल विद्युत राज्य मंत्री, आलोक कुमार, विद्युत सचिव (भारत सरकार) गुरदीप सिंह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक मंडल की उपस्थिति में प्राप्त किया। कहलगांव परियोजना में प्लांट प्रचालन शून्य दुर्घटना रहा तथा ओवर हालिंग कार्य भी दुर्घटना मुक्त रही। कर्मचारियों एवं कार्यरत संविदाकर्मियों में सुरक्षा के प्रति संचेतना पैदा करने के लिए वर्ष भर सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, गृह सुरक्षा आदि के बारे में कार्यक्रम चलाए गए। जिसमें कहलगांव परियोजना को देश के सभी एनटीपीसी परियोजनायों में से श्रेष्ठ घोषित किया गया। डीएसजीएसएस बाबजी कार्यकारी निदेशक (पूर्व-क) एवं अरिंदम सिन्हा मुख्य महाप्रबंधक ने इस विशेष उपलब्धियों पर कहलगांव टीम को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार और एनटीपीसी कहलगांव स्टेशन को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने की उनकी निरंतर कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए बधाई दिया। एनटीपीसी कर्मियों के बीच एनटीपीसी कहलगांव स्टेशन को सुरक्षा (ओ एंड एम) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति के विजेता ट्रॉफी से सम्मानित होने से हर्ष का माहौल है।

# पहुंच पथ को लेकर भोलेनाथ फ्लाई ओवर इशाकचक पहुंच पथ संघर्ष समिति की आम सभा

**भागलपुर, (हि.स.)।** भोलानाथ पुल फ्लाईओवर इशाकचक संघर्ष समिति के कार्यकताओं द्वारा रविवार को को विराट सभा का आयोजन किया गया। सभा में कहलगांव विधायक पवन यादव भी शामिल हुए। इस मौके पर पवन यादव ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र के लोगों की मांगे हैं कि जिस तरह भोलानाथ पुल फ्लाईओवर ब्रिज से उत्तर और दक्षिण वालों को सुविधा होगी, उसी तरह पूरब और पश्चिम वालों के लिए भी पहुंच पथ दी जाए। जिससे तकरीबन दर्जनों गांव के पांच लाख की जनसंख्या वाले गांव के लोगों को आने जाने में सुविधा हो। समिति के लोगों ने कहा कि हम लोगों को खुशी है कि भोलानाथ पुल फ्लाईओवर ब्रिज बन रहा है। अगर पहुंच पथ नहीं दिया गया तो पूर्वी क्षेत्र वालों के लिए फ्लाई ओवर ब्रिज बनने का कोई फायदा नहीं होगा। वही समिति के संयोजक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बिना पहुंच पथ बने यह फ्लाईओवर ब्रिज नहीं बनने दूंगा। चाहे इसके लिए उग्र से उग्र आंदोलन क्यों ना करना पड़े। हमारी मांगे हैं इस भोलानाथ पुल ओवर ब्रिज से पहुंच पथ भी जोड़ा जाए। जिससे पूर्वी क्षेत्र वालों को आने जाने में काफी सुविधा हो। हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो यह प्रदर्शन और भी वृहद रूप में किया जाएगा।




# यूक्रेन व अफगानिस्तान के विस्थापितों के लिए काल साबित हो सकती है सर्दी, यूएनएचसीआर ने जारी की चेतावनी

**जेनेवा।**
अफगानिस्तान में हुए तख्तापलट, यूक्रेन में जारी जंग व मध्य-पूर्व में संकट के कारण लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। इन विस्थापितों के लिए आने वाली सर्दियां काल साबित हो सकती हैं। इसको लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग व यूएन रिफ्यूजी एजेंसी की ओर से चेतावनी जारी की गई है। दोनों एजेंसियों की ओर से कहा गया है कि दुनिया में जबरन विस्थापित हुए लोगों के लिए आने वाली सर्दियां काफी संकट भरी होने वाली हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार की सर्दियां हाल के वर्षों की तुलना में कहीं अधिक चनौतीपूर्ण रहने वाली हैं।

**खराब होंगे यूक्रेन और अफगानिस्तान के हालात**

यूएनएचसीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि जंग के कारण यूक्रेन में विस्थापित हुए लोग सर्दियों का सामना करने के लिए मजबूर हैं। ये लोग क्षतिग्रस्त घरों व इमारतों में रहने को मजबूर हैं, जो उन्हें ठंड से बचाने के लिए नाकाफी हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के कई हिस्सों में तामपान -25 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है, जिससे उनका भी संकट बढ़ सकता है।

**भोजन व गर्म स्थान के बीच चुनना होगा एक विकल्प**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की ओर से कहा गया है कि पूरे मध्य पूर्व में विस्थापित सीरियाई और इराकियों को एक बार फिर से बर्फीले तूफान का सामना करना पड़ेगा। ऐसे विस्थापित परिवारों के पास भोजन व गर्म स्थान के बीच चुनाव के आलवा कोई विकल्प नहीं होगा। कहा गया है कि ऐसे विस्थापित हमेशा अपने शेल्टरों को गर्म रखने, गर्म कपड़ों व भोजन के लिए संघर्ष करते रहते हैं।

**सर्दियों में बढ़ेगा गंभीर आर्थिक संकट**

यूएनएचसीआर के मुताबिक, सीरिया व इराक के 3.4 लाख शरणार्थी और लेबनान, जॉर्डन, इराक और मिस्र के आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों को सर्दियों का सामना करने के लिए बहुत ज्यादा और गंभीर सहायता की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में गया गया है कि लेबनान में गंभीर आर्थिक संकट हर किसी को गरीबी की कगार पर धकेल रहा है। वहीं, 10 में से नौ सीरियाई शरणार्थी पहले से ही भयानक गरीबी में रह रहे हैं। इन लोगों को भोजन की कमी व चिकित्सीय सहायता से भी वंचित होना पड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में दो पुराने लड़ाकू विमान हवा में टकराकर हुए क्रैश, छह लोगों की मौत की आशंका



**डलास।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में दो पुराने लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकराकर क्रैश हो गए और इस हादसे में छह लोगों की मौत की आशंका जताई गई है। संघीय विमानन प्रशासन के हवाले से सामने आई जानकारी के मुताबिक यह हादसा टेक्सास के डलास शहर में एक एयर शो के दौरान हुआ। मौके पर मौजूद रहे एंथोनी मोंटोया ने दोनों विमानों को आपस में टकराते हुए देखा। उन्होंने देखा कि आसमान में दो विमान आपस में टकरा गए। आगे कहा कि मैं पूरी तरह सदमे में चला गया और मुझे विश्वास नहीं हुआ कि ऐसा कुछ हुआ है। मैं अपने दोस्त के साथ एयर शो में गया था। जैसे ही विमान आपस में टकराए तो चारों ओर अफरातफरी मच गई और कुछ लोग चिल्ला रहे थे। मीडिया खबरों के मुताबिक, विमान हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर तत्काल काम शुरू कर दिया। कुछ वीडियो में दिखाया जा रहा है कि एक जगह पर विमान का मलबा पड़ा है और कर्मचारी मलबे को हटा रहे हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने एक बयान में कहा कि बोइंग बी-17 फ्लाइंग फोर्टेस और एक बेल पी-63 किंगकोबरा दोपहर करीब 1: 20 बजे (स्थानीय समयानुसार) टकरा गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। टक्कर स्मारक वायु सेना विंग्स ओवर डलास शो के दौरान हुई। बी-17 एक विशाल चार इंजन वाला बमवर्षक विमान है। जिसको द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी वायु सेना ने इस्तेमाल किया था। वहीं किंगकोबरा एक अमेरिकी लड़ाकू विमान है जिसे युद्ध के दौरान ज्यादातर सोवियत सेनाओं के खिलाफ इस्तेमाल किया गया था। बोइंग कंपनी के अनुसार अधिकांश बी -17 विमानों को द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में खत्म कर दिया गया था और अब कुछ विमान ही रहे गए हैं जिनको एयर शो या संग्रहालयों में दिखाया जाता है।

### लंदन से पाकिस्तान लौट सकते हैं नवाज शरीफ, अगले आम चुनावों में करेंगे पार्टी का नेतृत्व



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान खूब जोर-शोर से सरकार के विरोध में मार्च निकाल रहे हैं। उनका सीधा लक्ष्य अगले आम चुनाव हैं। वहीं खबर है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ लंदन से दिसंबर में पाकिस्तान लौट सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले आम चुनाव से पहले नवाज की पाकिस्तान मुस्लिम लीग का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान लौटने की संभावना है। नवाज शरीफ को इलाज के लिए 2019 में लाहौर उच्च न्यायालय ने विदेश जाने की अनुमति दी थी। तब से वह वह तब से ब्रिटेन में हैं और वहीं बैठकर अपनी पार्टी की बागडोर संभाल रहे हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक अगर सबकुछ ठीक रहा तो नवाज शरीफ अगले महीने पार्टी की बागडोर संभालने के लिए वापस आ जाएंगे।
वहीं पीएमएल-एन के मुखिया नवाज की मांग तब से हो रही थी जब उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ इस साल अप्रैल में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे। पार्टी के अंदरूनी सूत्र ने कहा कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज अपने करीबी परिवार के सदस्यों के साथ परामर्श से अपना निर्णय लेते हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, डेमोक्रेट्स का सीनेट पर दो और वर्षों के लिए नियंत्रण बरकरार




**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी सीनेट में एक और हार सामने आई है, क्योंकि एरिजोना के बाद नेवाडा में भी उनके उम्मीदवार को शिकस्त मिली है। जिससे सीनेट पर कब्जा करने की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। बता दें कि शुक्रवार को एरिजोना के परिणाम में रिपब्लिकन उम्मीदवार ब्लेक मास्टर्स को पूर्व अंतरिक्ष यात्री डेमोक्रेट सीनेटर मार्क केली ने हरा दिया था। वहीं इसके बाद डेमोक्रेट्स को शनिवार को नेवाडा में भी जीत मिल गई। नेवाडा शहर से बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कैथरीन कोर्ट्ज मस्टो ने जीत दर्ज कर ली है।

# वीपी धनखड़ ने कंबोडियाई सीनेट के अध्यक्ष से की मुलाकात, संसदीय प्रणाली पर हुई चर्चा

**नोम पेन्ह।**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय कंबोडिया के दौरे पर हैं। वे आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह पहुंचे थे। इसी क्रम में शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कंबोडियाई सीनेट के अध्यक्ष से चूम से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए दोनों देशों के सांसदों के बीच संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही, उप राष्ट्रपति ने नोम पेन्ह में ऐतिहासिक राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा किया।



**उपराष्ट्रपति ने की कंबोडियाई सीनेट के अध्यक्ष से मुलाकात**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कंबोडियाई सीनेट के अध्यक्ष से चुम के बीच हुई मुलाकात और वार्ता की जानकारी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से दी गई। इस ट्वीट के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक में भारत और कंबोडिया में संसदीय प्रणाली को लेकर चर्चा हुई। बता दें, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) एक वैश्विक संगठन है जिसके 10 सदस्यों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलयेशिया, म्यांमार, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

**कंबोडिया के ऐतिहासिक संग्रहालय का दौरा किया**

वहीं, एक अन्य ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने वहां के ऐतिहासिक राष्ट्रीय संग्रहालय के दौरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुराने समय से भारत और कंबोडिया के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों को दर्शाते हुए खमेर कला के अद्भुत कार्यों को देखकर खुशी हुई।

**आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष में अतिरिक्त योगदान देगा भारत**

आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे उपराष्ट्रपति ने संबोधित करते हुए बड़ा एलान किया। इस दौरान, उन्होंने आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष में 5 मिलियन अमरीकी डॉलर का अतिरिक्त योगदान देने की घोषणा की। इस सहायता से सार्वजनिक स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट कृषि के क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कार्य किए जाएंगे।

बाद में, विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने बताया कि भारत और आसियान दोनों ने समुद्री सुरक्षा सहित समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। गौरतलब है कि आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग औपचारिक रूप से 1996 में आसियान भारत एस एंड टी कार्य समूह (एआईडब्ल्यूजीएसटी) की स्थापना के साथ शुरू हुआ था।

**डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाएंगे** - एक संयुक्त बयान में भारत और आसियान देशों ने डिजिटल परिवर्तन, डिजिटल व्यापार, डिजिटल कौशल और नवाचार, साथ ही हैकथॉन में क्षेत्रीय क्षमता निर्माण गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि वे भविष्य के लिए लचीली और टिकाऊ खाद्य आपूर्ति विकसित करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान सहित स्मार्ट कृषि में सहयोग बढ़ाएंगे।

**चार समझौतों पर हस्ताक्षर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कंबोडिया के पीएम हुन सेन के बीच हुई बैठक में संस्कृति, वन्य जीवन और स्वास्थ्य क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर दस्तखत किए गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, मानव संसाधन, डी-माइनिंग और विकास परियोजनाओं समेत द्विपक्षीय रिश्तों पर दोनों पक्षों में व्यापक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने वन्यजीव और स्वास्थ्य क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

**आसियान से मिलकर काम करेंगे : बाइडन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नॉम पेन्ह में वादा किया कि उनका देश आसियान देशों के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा, हम बेहतर भविष्य बनाने जा रहे हैं जिसे हम सभी साकार होते देखना चाहते हैं। क्षेत्र में चीन भी प्रभाव बढ़ा रहा है। ऐसे में 10 देशों वाला यह संघ मेरे प्रशासन की खुले व स्वतंत्र हिंद-प्रशांत रणनीति के केंद्र में है। वैश्विक अर्थव्यवस्था को अमेरिका, चीन के नेतृत्व वाले शिविरों में विभाजित करने से बचना चाहिए: संयुक्त राष्ट्र प्रमुख संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कंबोडिया के नॉम पेन्ह में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था दो विरोधी खेमों में विभाजित होने का जोखिम नहीं उठा सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कंबोडिया की राजधानी में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जैसा कि मैंने कल की शिखर बैठक में कहा था, हमें दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं - अमेरिका और चीन के नेतृत्व में वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो भागों में विभाजन से हर कीमत पर बचना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की दरार, नियमों के दो अलग-अलग सेट, दो प्रमुख मुद्राएं, दो इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दो परस्पर विरोधी रणनीतियों के साथ, हमारे सामने आने वाली नाटकीय चुनौतियों का जवाब देने की दुनिया की क्षमता को कमजोर कर देगी।

# मानवरहित अमेरिकी सैन्य अंतरिक्ष विमान धरती पर लौटा, रिकॉर्ड 908 दिन कक्षा में किए वैज्ञानिक शोध



**वॉशिंगटन।**
**अमेरिका का एक मानवरहित सैन्य अंतरिक्ष विमान अपना छठा मिशन पूरा करके शनिवार तड़के धरती पर वापस लौट आया। इस विमान ने वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए रिकॉर्ड 908 दिन अंतरिक्ष में अपनी कक्षा में बिताए। छोटे अंतरिक्ष यान की तरह दिखने वाला सौर ऊर्जा से चलने वाला यह वाहन नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर पर उतरा। इसका पिछला मिशन 780 दिनों तक चला था।**

बोइंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इस विमान को विकसित करने वाले जिम चिल्टन ने कहा कि 2010 में एक्स-37बी के पहले लॉन्च के बाद से इसने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। इसने हमारे देश को नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का तेजी से परीक्षण और एकीकृत करने के लिए एक बेजोड़ क्षमता प्रदान की है।

यह पहली बार है जब अंतरिक्ष विमान ने एक सेवा मॉड्यूल की तरह काम किया। इस अंतरिक्ष विमान ने नौसेना अनुसंधान प्रयोगशाला, अमेरिकी वायु सेना अकादमी और अन्य के लिए प्रयोग किए।सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए मॉड्यूल को कक्षा से बाहर आने से पहले ही वाहन से अलग कर दिया गया था।

प्रयोगों के बीच फाल्कनसैट-8 नामक एक उपग्रह था, जिसे वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ साझेदारी में अकादमी के कैडेटों द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था। इसे अक्तूबर 2021 में तैनात किया गया था और अभी भी कक्षा में बना हुआ है। एक्स-37बी ऑर्बिटल टेस्ट व्हीकल-6 ने 908 दिनों तक चले अपना छठा मिशन को पूरा किया। इस दौरान कृषि समेत कई तरह के प्रयोग किए गए। एक अन्य प्रयोग ने बीजों पर लंबी अवधि के अंतरिक्ष जोखिम के प्रभावों का मूल्यांकन किया।

अंतरिक्ष संचालन के प्रमुख जनरल चांस साल्ट्जमैन ने कहा कि यह मिशन अंतरिक्ष अन्वेषण में सहयोग पर अंतरिक्ष बल के फोकस पर प्रकाश डालता है और वायु सेना विभाग के भीतर और बाहर हमारे साझेदारों के लिए अंतरिक्ष में कम लागत वाली पहुंच का विस्तार करता है। एक्स-37बी अब तक 1.3 अरब मील से अधिक की उड़ान भर चुका है और अंतरिक्ष में कुल 3,774 दिन बिता चुका है।

# तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चीन ने छोड़ा कार्गो स्पेसक्राफ्ट, तय कक्षा में पहुंचा



**बीजिंग।**
चीन ने अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को आपूर्ति भेजने के लिए शनिवार को कार्गो स्पेसक्राफ्ट 'तियानजू' का प्रक्षेपण किया। इस स्टेशन का निर्माण इस साल तक पूरा होने की उम्मीद है। अंतरिक्ष में मानव मिशन से संबंधित चीनी एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी हैनान प्रांत में वेंचचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से 'तियानजू-5' को लेकर सुबह रवाना हुआ 'लांग मार्च-7 वाई6' रॉकेट सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में पहुंच गया है। एजेंसी ने इसे पूरी तरह सफल प्रक्षेपण बताया है।

इससे पहले, 31 अक्तूबर को चीन ने अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को अंतिम चरण में ले जाने के लिए 'मेंगटियन मॉड्यूल' नामक दूसरी प्रयोगशाला की शुरुआत की थी। चीन अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक (सीएएसटीसी) ने पहले घोषणा की थी कि निम्न-कक्षा के लिए अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद है। अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को पूरा करने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों के दो समूहों को छह महीने के मिशन पर इसके 'तियान्हे' नामक मुख्य मॉड्यूल में भेजा गया था।

# निर्देशक स्पीलबर्ग की फिल्म द टर्मिनल की प्रेरणा रहे करीमी का निधन, पेरिस एयरपोर्ट पर बिताए थे 18 साल

**पेरिस।**
पेरिस के चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट पर 18 साल तक रहने वाले ईरान से निर्वासित एक व्यक्ति की शनिवार को हवाई अड्डे पर निधन हो गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि 2004 में बनी अमेरिकी फिल्म निदेशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म द टर्मिनल इसी व्यक्ति की कहानी से प्रेरित थी। पेरिस हवाईअड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी के मुताबिक, मेरहान करीमी नास्सेरी नाम के इस व्यक्ति का हवाईअड्डे के टर्मिनल 2एफ में दोपहर के करीब दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।अधिकारी ने कहा कि पुलिस और एक मेडिकल टीम ने उसका इलाज किया लेकिन उसे बचा नहीं पाए। मेहरान को सर अल्फ्रेड के नाम से भी जाना जाता था। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, माना जाता है कि करीमी नास्सेरी का जन्म 1945 में ईरानी शहर मस्जिद सुलेमान में हुआ था और उनकी आत्मकथा द टर्मिनल मैन 2004 में प्रकाशित हुई थी। वह 1988 से 2006 तक पेरिस हवाई अड्डे के टर्मिनल एक में रहे। हालांकि इसमें पहले कानूनी अड़चने आई क्योंकि उनके पास रेजीडेंसी के कागजात नहीं थे और बाद में अपनी पसंद के अनुसार वह हवाई अड्डे पर रहने लगे। हवाईअड्डे के अधिकारी ने कहा कि वह हाल के हफ्तों में फिर से हवाईअड्डे पर रह रहे थे। 1988 में ब्रिटेन द्वारा शरणार्थी के रूप में राजनीतिक शरण देने से इनकार करने के बाद मेहरान पहली बार हवाई अड्डे पर बस गए थे। ब्रिटेन ने उन्हें इस तथ्य के बावजूद कि उनकी मां स्कॉटिश थी, शरण देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने जानबूझकर खुद को देशविहीन घोषित किया और हवाई अड्डे पर रहने का विकल्प चुना। कहा जाता है कि वह हमेशा अपना सामान अपने साथ रखते थे। मेहरान 18 साल तक हवाई अड्डे पर रहने के बाद पहली बार 2006 में अस्पताल में भर्ती होने के वक्त हवाईअड्डे से बाहर निकले थे। हवाई अड्डे पर उन्होंने पढ़ने, डायरी लिखने और अर्थशास्त्र का अध्ययन करने में समय बिताया। स्पीलबर्ग ने उनकी असामान्य स्थिति के आधार पर 2004 में फिल्म द टर्मिनल बनाने का फैसला किया। इस फिल्म में टॉम हैंक्स ने अभिनय किया था। इसमें टॉम हैंक्स ने एक पूर्वी यूरोपीय व्यक्ति की भूमिका निभाई थी, जो अमेरिका में प्रवेश से वंचित होने के बाद न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी हवाई अड्डे पर रहता है, की भूमिका निभाई थी।




# लंदन में हो रहा पाकिस्तान के अगले सेना प्रमुख के बारे में फैसला, इमरान खान का बड़ा दावा

**इस्लामाबाद।**
**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि देश के अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति का फैसला लंदन में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ इसके लिए अपने बड़े भाई नवाज शरीफ से मिलने के लिए ब्रिटेन गए हुए हैं। देश की सुरक्षा के मसले देश के बाहर तय किए जा रहे हैं। दरअसल, जनरल बाजवा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त होने वाला है जिसके चलते नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति की चर्चा जोरों पर है। वहीं इनसब के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का लदंन जाकर नवाज शरीफ से मिलना इमरान खान का रास नहीं आ रही है।**

**लंदन में तमाशा हो रहा: इमरान खान**

इमरान खान ने कहा कि लंदन में तमाशा हो रहा है। ऐसा दृश्य कहीं देखने को नहीं मिलता है। लंदन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बैठक का उद्देश्य क्या है बैठक में सेना प्रमुख को चुनने के फैसले पर बातचीत हो रही है। इमरान खान ने अपनी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति पर शहबाज शरीफ की मुलाकात के बारे में ये टिप्पणी की है।



**इमरान खान ने नवाज शरीफ पर भी बोला जोरदार हमला**

इमरान खान ने कहा कि देश के अहम फैसले विदेशों में बैठे, पिछले 30 साल से पाकिस्तान को लूटने वालों द्वारा लिए जाते हैं। गौरतलब है कि इसके पहले इमरान खान ने कहा था कि अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति का मानदंड 'योग्यता' पर आधारित होना चाहिए। लॉन्ग मार्च को वर्चुअली संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा कि जो भी योग्यता के अनुकूल हो उसे सेना प्रमुख नियुक्त किया जाना चाहिए।

**निजी विमान से निजी दौरे पर लंदन पहुंचे शहबाज**

प्रधानमंत्री के यात्रा कार्यक्रम को राज्य के सूचना और प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक ट्वीट में साझा किया, जहां उन्होंने लिखा, कॉप-27 सम्मेलन में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ एक निजी उड़ान से लंदन के लिए रवाना हुए। यह पहली बार नहीं है जब शहबाज ने मार्गदर्शन लेने के लिए अपने बड़े भाई की ओर रुख किया है। इस साल अप्रैल में सत्ता में आने के बाद से यह उनके भाई की तीसरी यात्रा है। इससे पहले वह सितंबर में दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद अपने भाई से मिलने गए थे, तब भी बताया गया था कि उन्होंने नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर चर्चा की थी।

# राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा से पहले पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग

**कोटा ( हिंस )।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पहले हाड़ौती की भूमि से एक बार फिर मुख्यमंत्री बदलने की मांग उठी है। यह मांग यहां के कांग्रेस पदाधिकारियों ने उठाई है, जिनमें जिला अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी शामिल है। राजस्थान में दिसंबर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आने वाली है। यात्रा हाड़ौती से राजस्थान में प्रवेश करेगी। यात्रा से पहले रविवार को कोटा में तैयारियों को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में देहात जिलाध्यक्ष सरोज मीणा ने मांग उठा दी कि मुख्यमंत्री उन्हें समय ही नहीं देते हैं। उन्होंने विधायकों को पूरा राजी किया है, लेकिन संगठन की कोई सुनवाई सरकार में नहीं हुई है। मीणा ने कहा कि गहलोत विधायकों और मंत्रियों से कहते हैं कि आप मांगते हुए थक जाओगे, लेकिन मैं मुख्यमंत्री से समय मांगते थक गई हूं। चार साल बीत गए, लेकिन मुझे मिलने का समय भी नहीं मिला। मीणा ने कहा कि जिस तरह से बादल गरजते हैं और किसान और आम जनता सोचती है कि बारिश आएगी, उसके बाद किसानों के चेहरे खिल उठते हैं, लेकिन यहां तो बादल ही गरजने के बाद गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्यकर्ता कांग्रेस आलाकमान की तरफ देख रहा है कि मुख्यमंत्री को लेकर फैसला हो जाए। सचिन पायलट ने विपक्ष में रहकर काम किया है, सड़कों पर संघर्ष किया है, इसीलिए सरकार आई है। आलाकमान सभी विधायकों से बात कर नेतृत्व परिवर्तन पर राय ले। आज का युवा और आम जनता कह रही है कि सचिन पायलट के नेतृत्व में ही सरकार दोबारा आएगी। ऐसे में पायलट को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। कोटा देहात कांग्रेस के महामंत्री विकास शर्मा ने भी कहा कि प्रदेश की कमान अब सचिन पायलट के हाथ में देनी चाहिए। पहले आलाकमान के कहने पर ही सचिन पायलट पीछे हटे और उप मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन अब जब आलाकमान ने मुख्यमंत्री गहलोत से बदलाव की बात कह दी है तो गहलोत बात नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले ही विधायक मुख्यमंत्री गहलोत के साथ थे, लेकिन अब विधायक सचिन पायलट के साथ आकर खड़े हो गए हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

## लुधियाना शहर के विकास के लिए 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे : निज्जर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि सरकार ने लुधियाना के सौन्दर्यीकरण का फैसला किया है। इसके अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। स्थानीय निकाय मंत्री ने रविवार को बताया कि ढंडारी पुल का पुनर्निर्माण बिटुमिनस कंक्रीट के साथ मैस्टिक एस्फाल्ट और तैयार मिश्रित कंक्रीट के प्रयोग के साथ किया जाएगा, पूडा रोड पर वॉर्ड नंबर 16-17 में चंडीगढ़ रोड से ताजपुर रोड तक सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा चांद नगर पुली से रेलवे लाईन कुंदन पुरी लुधियाना तक बुड्ढे नाले के साथ-साथ सड़क का भी पुनर्निर्माण किया जाएगा। डॉ. निज्जर ने बताया कि लुधियाना में ग्रीन बेल्ट का विकास पेट्रोल पंप से जालंधर बाईपास आरएचएस विंग तक।

# हाईकोर्ट के जज से करवाए गेहूं घोटाले की जांच : सुरजेवाला

## राज्यसभा सदस्य ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्या



**कैथल ( हिंस )।** भाजपा सरकार की नालायकी की वजह से राज्य में करीब 100 करोड़ रुपए का गेहूं सड़ गया है। यह गेहूं नहीं सड़ा बल्कि गरीब की रोटी सड़ी है। उक्त शब्द राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने रविवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह गेहूं घोटाला सरकार के इशारे पर हुआ और अधिरकारियों ने कहा है। अब जब परतें खुली तो उच्च पदों पर बैठे अधिकारी कार्रवाई करने की बजाय इसमें भगवान का कसूर निकाल रहे हैं। कुलदीप बिश्नोई का लुक आउट नोटिस रद्द करने के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का तौर तरीका शुरू से ही ऐसा रहा है और ऐसा ही रहेगा, लोग अब इस बात को पहचान गए है। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में 43000 मीट्रिक टन गेंहू खराब हो गई। यह गेहूं गरीब तबके के लिए था जो उनके घरों में जाता और उनके परिवार का पेट पालता परंतु ऐसा करने की वजाए अधिकारी इसको डकार गए। सुरजेवाला ने गेहूं घोटाले की मांग हाईकोर्ट के सीटिंग जज से करवाने की मांग की है। इस मौके पर सुदीप सुरजेवाला, राजेंद्र बदलवंती, राकेश शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

# राजीव गांधी के सपने को साकार करने में जुटे हुए हैं गहलोत



**जोधपुर ( हिंस )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान प्लग एन प्ले फैसिलिटी के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर का शुभारंभ किया। शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रेजेंटेशन भी देखा। आईटी शासन सचिव अखिल अरोडा इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ रहे। वही समारोह के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मीडिया से भी रूबरू हुए। शुभारंभ और प्रजेंटेशन के बाद समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी के सपने को साकार करते हुए मिशन के रूप में काम कर रहे है। पहले कंप्यूटर को लेकर विरोध जताया गया था कि कंप्यूटर आएगा तो टाइपिस्ट की नौकरी खत्म हो जाएगी मगर वहां से शुरू होते होते तमाम तकनीक डवलप हुई। मोबाइल फोन से दुनिया एक तरह से आज मुठ्ठी में है। गहलोत ने कहा कि पहली बार सीएम बना तो उस वक्त जनमित्र बनाए थे आज देखते ही देखते 80 हजार ई-मित्र शहर और गांव-गांव में शुरू किए गए है। 600 तरह की सेवाएं इन ई-मित्र पर जनता को मिल रही है। दूसरी बार सीएम बना तो हर विभाग में 30 प्रतिशत बजट केवल आईटी का दिया है। राजस्थान में इस सेक्टर को प्रमोट करना है मुख्य उद्देश्य है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान के बच्चों के अंदर टैलेंट की कोई कमी नही है। टैलेंट को अवसर देने की आवश्यकता है और राजस्थान सरकार वही अवसर देने का काम कर रही है। राजस्थान आज सरकारी स्तर पर आईटी में सबसे आगे निकल गया है। प्राइवेट सेक्टर में भले ही बैंगलोर और हैदराबाद आगे है मगर सरकारी स्तर पर सब विभागों में आईटी के लिहाज से राजस्थान आगे है। वही कार्यक्रम के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए गहलोत ने कहा कि चार बजट में लिए गए सारे फैसले तहत कई संस्थाएं खडी हो रही है उनका लाभ मिल रहा है। एक फिनटेक इंस्टीट्यूट राजस्थान में बन रहा है जिसकी लागत 630 करोड़ है। राजस्थान में हाईटेक सरकार ही चलेगी जिसका फायदा जनता को मिलेगा। गहलोत ने कहा कि रोजगार फेयर में हजारों जगहो से हजारो की संख्या में बच्चे आए है। 1500 बच्चों की नौकरी भी लग चुकी है। बाकी भी लगातार प्रोसेस में है। हजारों बच्चों को और इसका लाभ मिलेगा। तीन दिन जोधपुर में निकल गए। इसमें नई जनरेशन, इंजीनियरिंग और आईटीआई करने वालें बच्चों को अवसर मिला है। आगे बढ़ने व सपनो को पूरा करने का अवसर बच्चों को इसमें मिला है।

# ओबीसी आरक्षण पर अब विप्र महासभा ने चेताया, सामान्य कोटे से छेड़-छाड़ बर्दाश्त नहीं

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में ओबीसी आरक्षण को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। एक तरफ कांग्रेसी विधायक हरीश चौधरी ने आरक्षण नीति में संशोधन की मांग की है। वहीं ब्राह्मण समाज ने आरक्षण नियमों में छेड़छाड़ करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाले आरक्षण में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। अगर सरकार ने वर्तमान आरक्षण नीति में छेड़छाड़ की तो प्रदेशभर में ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करेगा। सुनील ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाले आरक्षण से न जाने कुछ लोगों को परेशानी हो रही है। जबकि, यह उनका अधिकार है। क्योंकि उन्होंने देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपने जीवन का सबसे कीमती वक्त दिया है। ऐसे में अगर मुख्यमंत्री किसी समाज विशेष के दबाव में आकर आरक्षण नीति में बदलाव करते हैं। तो उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुनील ने कहा कि देशभर में जातीय आधार पर लागू हुए आरक्षण की वजह से आज देश में अराजकता की स्थिति पैदा हो रही है। इसलिए आरक्षण को अब आर्थिक आधार पर लागू कर देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो आने वाले वक्त में देशभर में आरक्षण को लेकर जातीय संघर्ष खड़ा हो सकता है। जिसे खत्म करने के लिए जल्द से जल्द फैसला लिया जाना चाहिए। विप्र महासभा के प्रदेश महामंत्री मनीष मुद्गल ने कहा कि आरक्षण जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए लागू किया गया था। लेकिन, आज भी जातीय आधार पर लागू होने की वजह से आरक्षण का फायदा जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में आरक्षण की समीक्षा कर इसे आर्थिक आधार पर लागू करना चाहिए। तभी सभी जातियों का सर्वांगीण विकास संभव है।

## जानलेवा बनता जा रहा है मधुमेह रोग

**जयपुर( हिंस )।** मधुमेह रोग आज के समय की सबसे विकट समस्या है। जिसने पूरी दुनिया में अपना आतंक फैला रखा है। मधुमेह पर नियंत्रण तो किया जा सकता है पर इसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। मधुमेह को अगर नियंत्रित ना किया जाए तो इसका असर किडनी, आंख, हृदय तथा ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। मधुमेह की बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर या ब्लड ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसा तब होता है जब शरीर में हार्मोन इंसुलिन की कमी हो जाती है या वो इंसुलिन हमारे शरीर के साथ सही तालमेल नहीं बैठा पाते हैं।

# प्रदेश में मची लूट-खसोट : वसुंधरा राजे



**झुंझुनू ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में महिलाएं-बच्चियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रदेश की आर्थिक हालात जर्जर हो चुकी है। हर जगह लूट-खसोट मची है। चुनाव से पहले घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से किए वादे अभी भी अधूरे हैं। बिजली के नाम पर आमजन को लूटा जा रहा है। झूठी वीसीआर भरकर परेशान किया जा रहा है। प्रदेश के लोग बिजली के संकट से जूझ रहे हैं। कृषि व घरों में दी जाने वाली बिजली में कटौती कर दी गई। राजे झुंझुनू जिले के चुड़ैला गांव में हो रही भाजपा कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश सरकार पर निशाना साध रही थी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कुम्भाराम योजना के तहत झुंझुनू जिले के कई इलाकों में पानी पहुंचाया गया था। उसको आगे ले जाने की जरूरत थी, लेकिन कांग्रेस सरकार यह नहीं कर पाई। झुंझुनू में शहीदों की याद में बनाए गए शौर्य उद्यान का काम भी आज तक पूरा नहीं हो पाया। जबकि भाजपा के कार्यकाल में करीब करीब काम हो चुका था। थोडा बहुत काम बाकी था वो भी कांग्रेस चार साल मे भी नही कर पाई।

# दलित सहित अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आजाद का वादा



**जम्मू/श्रीनगर।** हजारों डीएपी समर्थकों ने आज उरी में डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद का जोरदार स्वागत किया। मंच साझा करने वाले अन्य वरिष्ठ नेताओं में ताज मोहिउद्दीन, जीएम सरूरी, पीरजादा मोहम्मद सईद व अन्य शामिल थे। आजाद ने दलितों के समग्र उत्थान के बारे में बात की और वादा किया निष्पक्ष और समान विकास और गुज्जर/ बकरवाल और पहाड़ी समुदायों की भागीदारी। उन्होंने उन दिनों को याद किया जब उड़ी भूकंप से तबाह हो गया था और यह उनका व्यक्तिगत प्रयास था जिसने उड़ी के पूरे क्षेत्र के निवासियों को आराम दिया। आजाद ने स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया और कार्य संस्कृति को उन्नत करने की संभावनाओं का भी पता लगाया, जैसा कि जम्मू-कश्मीर में मेरे मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान हुआ करता था। इस अवसर पर बोलने वाले अन्य वरिष्ठ नेताओं में ताज मोहिउद्दीन, जीएम सरूरी और पीरजादा मोहम्मद सईद शामिल थे। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि अगर हम सत्ता में आते हैं, तो हमारी भूमि और नौकरी के अधिकारों को बहाल और संरिक्षत किया जाएगा। हम में से प्रत्येक का सम्मान और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा।

# जेकेएनसी हमेशा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहली पसंद रहा : पूर्व मंत्री



**जम्मू।** पूर्व मंत्री एवं अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस सेंट्रल जोन बाबू रामपॉल ने आज जम्मू जिले (शहरी) के पदाधिकारियों के साथ मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू करने के लिए कहा। बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा ने किया था, जिसमें सभी पदाधिकारी व प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबू रामपॉल थे। बैठक मेंबाबू रामपॉल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर पूरी तरह से चर्चा की और उन्हें विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार होने को कहा कि जिसकी घोषणा अगले साल कभी भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए जेकेएनसी हमेशा पहली पसंद रहा है क्योंकि इसने जनता के उत्थान के लिए जबरदस्त काम किया है, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि पार्टी के लिए पूर्ण जन समर्थन सुनिश्चित करने के लिए आगामी चुनावों से पहले एक जोरदार अभियान शुरू किया जाए। बैठक में शामिल होने वालों में विजय लक्ष्मी दत्ता, एस सुरिंदर सिंह बंटी, अयूब मलिक, वारिस गिल, डॉ. विकास शर्मा, भारत भूषण, असलम चौधरी, सतपॉल, सुरजीत सिंह सासन, थारू राम व अन्य थे।

# ईंट भट्ठों में इस्तेमाल होगी पराली : पंजाब सरकार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** धान की पराली के प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास कर रही राज्य सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने राज्यभर में ईंटों के भट्ठों के लिए ईंधन के रूप में पराली को 20 प्रतिशत अनिवार्य बनाने का फैसला किया है। पंजाब के पर्यावरण एवं विज्ञान प्रौद्यौगिकी मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया है कि ईंटों के भट्ठों में पराली के गठ्ठों को 20 प्रतिशत ईंधन के रूप में अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि इस नए प्रबंधन की तैयारी के लिए भट्ठों के मालिकों को छह महीने का समय दिया गया है और एक मई 2023 के बाद इन हिदायतों को लागू ना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीत हेयर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की पराली प्रबंधन में मदद करने और पराली को जलाने से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए इन सीटू और एक्स सीटू काम किए जा रहे हैं। इन सीटू में जहां पंजाब के किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सवा लाख के करीब मशीनें सब्सिडी पर मुहैया करवाई गईं, वहीं एक्स सीटू के अंतर्गत उद्योगों को पराली को ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पराली से सीएनजी, बिजली और अन्य ऊर्जा संसाधन पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मीत हेयर ने कहा कि नए फैसले के अंतर्गत ईंटों के भट्ठों में पराली के ईंधन के रूप में 20 प्रतिशत प्रयोग से पराली के प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी पराली बेचकर आर्थिक मदद भी मिलेगी। नए प्रबंधन के लिए पर्यावरण एवं विज्ञान प्रौद्यौगिकी विभाग द्वारा ईंटों के भट्ठों वालों के लिए हर तकनीकी सहायता मुहैया करवाई जाएगी।

# हरियाणा के हर कोने से लोगों को 9 दिसंबर को लेकर आएं भिवानी : दुष्यंत चौटाला

**पंचकूला ( हिंस )।** आगामी 9 दिसंबर को जननायक जनता पार्टी के 4 साल पूरे होने पर भिवानी में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी और इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर देंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक कर इस रैली के लिए जिला और हलका स्तर पर ड्यूटियां लगाई गई और गांव-गांव जाकर रैली के लिए न्यौता देने को कहा गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में कई विधायक, सभी जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, हलका अध्यक्ष और कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। जेजेपी की इस अहम बैठक में प्रदेश में नवचयनित सरपंचों और पंचों को बधाई दी गई। जेजेपी अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अब तक 18 जिलों में हुए चुनावों में जेजेपी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता सरपंच और पंच चुनकर आए हैं। उन्होंने कहा कि गठन के 4 साल पूरे करते-करते जेजेपी गांवों और शहरों में निरंतर मजबूत हो रही है। पहले निकाय चुनाव और अब पंचायत चुनाव में जेजेपी समर्थित लोगों का बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि बनना ग्राउंड लेवल पर पार्टी की लोकप्रियता और गठबंधन सरकार के जनहित कार्यों पर जनता की मुहर है। बैठक में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ऐसा कोई संगठन नहीं जो रातों रात बड़ा बना हो। उन्होंने जेजेपी के अब तक के सफर को संतोषजनक बताते हुए सभी नेताओं का आह्वान किया कि डॉ. अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि भिवानी पर 9 दिसंबर को जनसभा को ऐतिहासिक बना दें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जेजेपी के रोहतक जिला अध्यक्ष, कई हलकों के प्रधान, युवा प्रधान आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता अब सरपंच और पंच बन गए हैं और यह पार्टी के लिए सम्मान और जिम्मेदारी वाली बात है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस बार की रैली में पूरे हरियाणा के हर कोने से आम लोगों को लाने का लक्ष्य रखा गया है और रैली में सभी 22 जिलों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे। साथ ही महिलाओं के लिए एक अलग ब्लॉक होगा। बैठक के दौरान जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने रैली के लिए कई स्तर की ड्यूटियां घोषित की। साथ ही उन्होंने सभी 22 जिलों में रैली के संदर्भ में बैठकें आयोजित करने का कार्यक्रम भी घोषित किया जिनमें उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला खुद मौजूद रहेंगे।

# नियमितीकरण की मांग को ले संपदा विभाग के दिहाड़ी मजदूरों का प्रदर्शन




**जम्मू।** संपदा विभाग में कार्यरत दिहाड़ी मजदूरों ने अपने नियमतीकरण और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को यहां बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से विभाग में मामूली मजदूरी पर काम कर रहे हैं और आज तक सरकार ने उनके लिए कोई नीति नहीं बनाई है। उन्होंने कहा अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद हमें बताया गया था कि देश भर में लागू न्यूनतम मजदूरी अधिनियम जम्मू-कश्मीर में भी लागू होगा, लेकिन यह वादा एक धोखा साबित हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आज तक जो भी सत्ता में आया है उन्होंने कुछ नहीं किया। राजनीतिक शासन के दौरान हमने सभी मंत्रियों के आवासों में काम किया। सभी ने हमसे वादा किया था कि हमारे साथ न्याय किया जाएगा लेकिन किसी ने भी अपना वादा पूरा नहीं किया। वर्तमान शासन ने जम्मू-कश्मीर में 61000 दिहाड़ी मजदूरों की दुर्दशा की ओर आंखें मूंद ली हैं और हमारी बात सुनने को भी तैयार नहीं है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार को पिछले कैबिनेट के फैसले के अनुसार दिहाड़ी मजदूरों को नियमति करना चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों में से एक ने कहा हमने ऊपरी आयु सीमा पार कर ली है और हमारी मांग को स्वीकार नहीं किया गया है और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को हमें नियमति करना चाहिए।

## फतेहाबाद में डेंगू के पांच मरीज मिले, संख्या बढ़कर हुई 88

**फतेहाबाद ( हिंस )।** जिले में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को भी जिले में डेंगू के 5 नए मरीज मिलने से डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 87 तक पहुंच गई है। रविवार को मिले 5 नए मरीजों में रतिया की शेरगढ़ ढाणी निवासी 22 वर्षीय युवक, वार्ड नं. 11 रतिया निवासी 17 वर्षीय युवक, बीघड़ रोड फतेहाबाद निवासी 54 वर्ष व्यक्ति, शक्ति नगर फतेहाबाद में 31 वर्षीय महिला व जमालपुर शेखां निवासी 24 वर्षीय युवती शामिल हैं। आज मिले 5 नए मरीजों में से 2 मरीजों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक डेंगू के 856 लोगों के सैम्पल लिए गए हैं। इसके अलावा 7 लाख 30 हजार 883 घरों की जांच की गई।

# जम्मू-कश्मीर यूटी कबड्डी टीम की घोषित



**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव सुरिंदर मोहन गुप्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर यूटी कबड्डी टीम 17 से 20 नवंबर 2022 तक हरिद्वार में होने वाली 48वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के लिए लड़कों के वर्ग में रवाना हुई। यूटी टीम जम्मू-कश्मीर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन और जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के बैनर तले भाग लेगी। सरदार एसएस गिल एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, जम्मू-कश्मीर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन और सरदार संदीप सिंह अध्यक्ष एसोसिएशन की डोप रोधी समिति ने अशोक सिंह जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के संभागीय खेल अधिकारी की उपस्थिति में चयनित खिलाड़ियों के बीच खेल किट वितरित किए। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के संभागीय खेल अधिकारी अशोक सिंह और उनकी टीम ने भी टीम की स्क्रीनिंग की। अनिल गुप्ता अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन ने भी चैंपियनशिप के लिए यूटी कबड्डी टीमों को आशीर्वाद दिया। यूटी टीम में अजय कुमार (उधमपुर), लक्ष्मण (जम्मू), इरफान अहमद मीर (वाइस कैप्टन) (श्रीनगर), करण कुमार (जम्मू), शिव बंदराल (जम्मू), प्रत्यक्ष बोगिया (जम्मू), वंश शर्मा (अखनूर), वासु शर्मा (अखनूर), मो. अशरफ (कठुआ), अवैर शमीम (पुंछ), अभि शर्मा (राजौरी) और अमृत देव सिंह (कप्तान) (जम्मू) हैं। जसवीर सिंह टीम के मैनेजर हैं और सुदेश कुमार रैना (एनआईएस कोच ऑफ पुलिस टीम) टीम के कोच हैं।




# ट्विटर ब्लू की जल्द होगी वापसी : एलन मस्क ने कहा- अगले हफ्ते के आखिरी में फिर शुरू होगी ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस

**नई दिल्ली।**
ट्विटर अगले हफ्ते से एक बार फिर अपनी ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस शुरू कर देगा। इस बात की जानकारी ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट कर दी है। ब्लू सब्सक्रिप्शन के कारण फेक अकाउंट्स में तेजी से इजाफा हो रहा था, जिसके चलते 2 दिन पहले ट्विटर ने अपनी यह सर्विस कुछ समय के लिए बंद करने की अनाउंसमेंट की थी। दरअसल, एक यूजर ने ट्वीट कर लिखा, ट्विटर ब्लू कब वापस आ रहा है इसके जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि अगले हफ्ते के आखिरी तक ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस फिर से शुरू कर दी जाएगी। ट्विटर ने शुक्रवार को अपनी 7.99 डॉलर में दी जाने वाली ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस को कुछ समय के लिए बंद करने का फैसला किया था। ट्विटर ने अपने आईओएस यूजर्स के लिए यह सेवा शुरू की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ट्विटर के आईओएस ऐप के साइडबार में ब्लू सब्सक्रिप्शन लेने के लिए जो ऑप्शन पहले उपलब्ध था, वह अब दिखाई नहीं दे रहा है। यूजर्स को एक मैसेज मिला था। जिसमें लिखा था, आपकी रुचि के लिए धन्यवाद! ट्विटर ब्लू भविष्य में आपके देश में जल्द उपलब्ध होगा। कृपया बाद में देखें। पेड वेरिफिकेशन फीचर के रोल आउट होते ही ट्विटर पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसी मशहूर हस्तियों के कई फर्जी अकाउंट सामने आ गए। इतना ही नहीं कुछ वेरिफाईड अकाउंट्स ने गेमिंग कैरेक्टर सुपर मारियो और बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स का भी फर्जी अकाउंट बना लिया। इसके बाद मामले को अपने हाथ में लेते हुए एलन मस्क ने ट्वीट किया कि किसी और को दर्शाने की कोशिश करने वाले किसी भी अकाउंट को तब तक के लिए बंद कर दिया जाएगा जब तक कि वे इसे एक पैरोडी अकाउंट घोषित नहीं करते। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार इसी तरह की परेशानियों को देखते हुई फिलहाल के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस को बंद कर दिया गया है। एलन मस्क ने कुछ दिन पहले ही बताया था कि ट्विटर पर ब्लू टिक, यानी वेरिफाइड अकाउंट्स के लिए यूजर को अब हर महीने 8 डॉलर (करीब 660 रुपए) देने होंगे। यह चार्ज सभी देशों में अलग-अलग होगा। 27 अक्टूबर को ट्विटर खरीदने के पांच दिन बाद मंगलवार रात को एलन मस्क ने इसका ऐलान किया था।

एलन मस्क ने पिछले हफ्ते बताया था कि केवल ट्विटर ब्लू यूजर्स को ही अब अपने अकाउंट पर ब्लू टिक वेरिफाइड बैज मिलेगा। यहां तक कि मौजूदा यूजर्स जिनके पास वेरिफाइड बैज है, उन्हें ट्विटर ब्लू के लिए पेमेंट करके सब्सक्रिप्शन लेना होगा।


## न्यूज ब्रीफ

### बैंक ऑफ बड़ौदा का नया ऑफर; कम ब्याज पर मिलेगा होम लोन, प्रोसेसिंग चार्जेस के साथ प्रीपेमेंट की भी छूट





नई दिल्ली। देश के बड़े सरकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। बैंक ने बढ़ती ब्याज दरों के बीच होम लोन को 0.25 प्रतिशत सस्ता कर दिया है। इसके बाद अब बैंक की ओर से होम लोन 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जा रहा है। हालांकि बैंक की ओर से होम लोन की ब्याज दरों में कटौती सीमित समय के लिए की गई है और होम लोन पर ये नई ब्याज दर 14 नवंबर से लागू हो रही है। बैंक के द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि यह स्पेशल ब्याज दर 31 दिसंबर, 2022 तक के लिए है। होम लोन की ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ ही प्रोसेसिंग चार्जेस और प्रीपेमेंट की भी छूट का लाभ मिलेगा। बैंक ने बताया कि स्पेशल ब्याज दर नए लोन के साथ- साथ बैलेंस ट्रांसफर पर भी मिलेगी। हालांकि स्पेशल ब्याज दर ग्राहक की क्रेडिट प्रोफाइल पर भी निर्भर करेगी। इसके साथ बताया गया कि बैंक के द्वारा दिए जाने वाले होम लोन की खासियत यह है कि इसकी अवधि 30 साल तक की हो सकती है। इसके साथ ही कम से कम दस्तावेज और कोई भी प्री-पेमेंट या पार्ट-पेमेंट चार्जेस को नहीं लिया जा रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट में 10 से 15 आधार अंक यानी 0.10 से लेकर 0.15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का एलान किया गया है। अब बैंक की ओर से दिए जा रहे लोन का एक साल का एमसीएलआर 8.05 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 7.95 प्रतिशत था। इसके साथ ओवरनाइट एमसीएलआर को 15 आधार अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़ाकर 7.25 प्रतिशत कर दिया गया है।

### फुटबॉल क्लब खरीदने की रेस में अंबानी: लिवरपूल को 381 अरब में खरीद सकते हैं मुकेश




नई दिल्ली। भारत के दूसरे सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी जल्द ही इंग्लिश प्रीमियर लीग की दिग्गज फुटबॉल टीम खरीद सकते हैं।
की रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी लिवरपूल फुटबॉल क्लब को खरीदने की रेस में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लिवरपूल का मालिकाना हक रखने वाले फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप ने क्लब को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। एफएसजी ने लिवरपूल स्रष्ट को बेचने के लिए 4 बिलियन पाउंड यानी 381 अरब रुपए कीमत रखी है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लिवरपूल क्लब खरीदने के लिए मुकेश अंबानी ने रुचि दिखाई है। अंबानी इससे पहले 2010 में लिवरपूल खरीदने की रेस में शामिल थे, लेकिन तब बात नहीं बन सकी थी।

### तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम



नई दिल्ली । तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। कंपनियों ने दिल्ली और चेन्नई में तेल के दामों में बदलाव किया है। सरकार ने कुछ महीने पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। देश में तेल के दाम लगभग पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

# विश्व के बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज से गायब हो गए ग्राहकों के 8054 करोड़, जांच जारी

**न्यूयॉर्क।**
**क्रिप्टोकरेंसी के दीवानों के लिए बुरी खबर है। दुनिया के बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज में से एक एफटीएक्स ने शुक्रवार को दिवालिया घोषित करने के लिए आवेदन किया। लोग इस झटके से उबरे भी नहीं थे कि ग्राहकों के 100 करोड़ डॉलर या करीब 8054 करोड़ रुपये) एक्सचेंज से गायब होने का खुलासा हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सचेंज के संस्थापक सैम बैंकमेन ने बिना किसी को बताए एफटीएक्स से यह रकम अपनी ट्रेडिंग कंपनी अलामेडा रिसर्च में भेज दी।**



रिपोर्ट में बताया गया है कि इस कुल राशि के ट्रांसफर के बाद से ही ग्राहकों के फंड एक बड़ा हिस्सा गायब है। कुछ लोगों का दावा है कि 1.7 अरब डॉलर या 13,600 करोड़ रुपये गायब हैं। जबकि कुछ का दावा है कि यह राशि 100 करोड़ डॉलर से 200 करोड़ डॉलर के बीच है।

#### ऐसे हुआ खुलासा

रिपोर्ट के मुताबिक, फंड गायब होने का पता पिछले रविवार को बैंकमेन-फ्राइड के दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शेयर किए गए रिकॉर्ड्स से चला। दावा किया जा रहा है कि इन रिकॉर्ड्स से वर्तमान तक की स्थिति का पता चल गया है।

#### एफटीएक्स के अधिकारियों ने दी जानकारी

रिपोर्ट की जानकारी एफटीएक्स में वरिष्ठ पदों पर काम करने वाले लोगों ने दी है, जो इस हफ्ते तक एक्सचेंज में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति पर उन्हें जानकारी शीर्ष अधिकारियों ने दी है।


प्रतिद्वंद्वी को खरीदने की कोशिश के बाद संकट शुरू, बड़ी संख्या में पैसे निकालने लगे लोग एफटीएक्स में तब तक सब अच्छा चल रहा था, जब तक उसने अपने प्रतिद्वंद्वी एक्सचेंज बिनेंस को खरीदने की कोशिश नहीं की थी। यह सौदा असफल रहा और इसका कंपनी की आर्थिक सेहत पर काफी बुरा असर पड़ा। इसके बाद इस हफ्ते की शुरुआत में ग्राहक बड़ी संख्या में विड्रॉल करने लगे। एक्सचेंज इससे उबर नहीं पाया और पूरी तरह ढह गया।

#### बैंकमेन का दावा- नियमों के अनुसार पैसे भेजे

रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकमेन ने कहा है कि वह इस 10 अरब डॉलर के ट्रांसफर की गलत तस्वीर पेश किए जाने के तरीके से असहमत हैं। इस राशि को छुपा कर ट्रांसफर नहीं किया गया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक एफटीएक्स और अलामेडा ने गायब हो चुके फंड्स के बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बैंकमेन ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा कि वह देख रहे हैं कि एफटीएक्स में क्या हो गया था। वह इस हफ्ते की शुरुआत में हुई चीजों को लेकर बहुत हैरान हैं। बैंकमेन का कहना है कि वह जल्द ही पूरी घटनाओं पर एक पूरा पोस्ट लिखेंगे।

# एसबीआई एफडी और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट स्कीम: निवेश करने से पहले जान लें कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद




**नई दिल्ली।**
देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ऐसे में अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो आपको इससे पहले पोस्ट ऑफिस के नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट की ब्याज दरों के बारे में जरूर जानना चाहिए। हम आपको स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दर और टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश कर सकें। नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट में मिल रहा 6.7प्रतिशत तक का ब्याज यह एक तरह की एफडी ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं।

टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 5.5 से 6.7प्रतिशत तक ब्याज दर की पेशकश करता। इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट: इसमें अधिकतम ब्याज 6.7प्रतिशत मिल रहा है ऐसे में रूल 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में 10 साल 7 महीने का समय लगेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एफडी : इसमें अधिकतम ब्याज 6.25प्रतिशत मिल रहा है ऐसे में रूल 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में 11 साल 6 महीने का समय लगेगा।

अगर आप कम समय यानी 1, 2 या 3 साल के लिए एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कराना सही रहेगा। क्योंकि इसमें इस अवधि की एफडी पर टाइम डिपॉजिट से ज्यादा ब्याज मिल रहा है। वहीं अगर आप 5 साल के लिए एफडी कराना चाहते हैं तो टाइम डिपॉजिट स्कीम सही रहेगी।

फाइनेंस का यह खास नियम है रूल ऑफ 72। एक्सपर्ट्स इसे सबसे सटीक रूल मानते हैं, जिससे यह तय किया जाता है कि आपका निवेश कितने समय में डबल हो जाएगा। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि अगर आपने बैंक के एक खास स्कीम का चयन किया है, जहां आपको सालाना 8प्रतिशत ब्याज मिलता है। ऐसे में आपको रूल ऑफ 72 के तहत 72 में 8 का भाग देना होगा। 72/8= 9 साल, यानी इस स्कीम के तहत आपके पैसे 9 साल में दोगुने हो जाएंगे।

# किंग चार्ल्स ने लिया कर्मचारियों की आर्थिक मदद के लिए बड़ा फैसला, अपनी कमाई से बांटेंगे बोनस

**लंदन ।**
ब्रिटेन इन दिनों आर्थिक संकट की कगार पर है। यहां महंगाई लगातार बढ़ रही है और मुद्रास्फीति अपने चरम पर है। आर्थिक विशेषज्ञों ने मंदी को लेकर आगाह किया है। ऐसे में ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स ने महल के कर्मचारियों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला किया है। इन कर्मचारियों की आर्थिक मदद के लिए किंग अपनी कमाई से बोनस बाटेंगे।



#### 600 पाउंड तक देंगे बोनस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किंग चार्ल्स ने अपने कर्मचारियों को 600 पाउंड तक का बोनस देने का फैसला किया है। यह रकम किंग की निजी कमाई से बांटी जाएगी। कहा गया है कि देश में बढ़ती महंगाई और गहराते आर्थिक संकट के बीच किंग को कर्मचारियों के जीवन यापन को लेकर चिंता सता रही है।

#### कम कमाई वाले कर्मचारियों को ज्यादा बोनस

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कमाई वाले शाही कर्मचारियों को ज्यादा बोनस दिया जाएगा। वहीं ज्यादा कमाने वालों को कम बोनस मिलेगा। यानी ऐसे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 30 हजार पाउंड से कम है, जिसमें सफाईकर्मी, नौकर, चपरासी व फुटमैन शामिल हैं, उन्हें 600 पाउंड तक का बोनस मिलेगा। वहीं 30 हजार से 40 हजार पाउंड तक कमाने वाले कर्मचारियों को 400 पाउंड तक की मदद की जागगी। 40 हजार से ऊपर कमानें वाले कर्मचारियों को 350 पाउंड बोनस के रूप में मिलेंगे। हालांकि, बोनस की इस खबर को लेकर बकिंघम पैलेस की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# एचडीएफसी बैंक, टीसीएस समेत कई शेयरों ने कराया निवेशकों का फायदा, हिंदुस्तान यूनिलीवर में हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।**
भारतीय शेयर बाजार में पिछला हफ्ता निवेशकों के लिए मुनाफे वाला रहा। टॉप 10 में से नौ कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 2.12 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। इसमें सबसे अधिक फायदा एचडीएफसी बैंक और टीसीएस को हुआ है। आज ही शुरू करें अपना शेयर मार्केट का सफर, विजिट करें पिछले हफ्ते की बात करें, तो 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 844.68 अंक या 1.38 प्रतिशत बढ़कर 61,795 अंक पर बंद हुआ। बीते मंगलवार को गुरुनानक जयंती होने के कारण शेयर बाजार बंद था। वहीं, टॉप 10 में केवल एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का शेयर ही नुकसान में रहा।




#### किन कंपनियों को हुआ फायदा

एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 63,462.58 करोड़ रुपये बढ़कर 8,97,980.25 करोड़ रुपये हो गया है। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 36,517.34 करोड़ रुपये बढ़कर 12,13,378.03 करोड़ रुपये, एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 29,422.52 करोड़ रुपये बढ़कर 4,81,818.83 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 26,317.30 करोड़ रुपये बढ़कर 17,80,206.22 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन में 23,626.96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,60,650.10 करोड़ रुपये पहुंच गया है। अदाणी एंटरप्राइजेज का बाजार मूल्यांकन 20,103.92 करोड़ रुपये बढ़कर 4,56,992.25 करोड़ रुपये हो गया है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 6,559.59 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,458.41 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 5,591.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,59,773.28 करोड़ रुपये हो गया है। बता दें, पिछले हफ्ते केवल हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में ही गिरावट देखने को मिली है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,912.07 करोड़ रुपये गिरकर 5,88,220.17 करोड़ रुपये पर आ गया है।

## गौतम अडाणी जल्द बनेंगे एनडीटीवी के मालिक

# अडाणी ग्रुप ने ओपन ऑफर के लिए नई डेट अनाउंस की, मीडिया फर्म में 26प्रतिशत एडिशनल हिस्सेदारी खरीदेंगे

**नई दिल्ली।**
अडाणी ग्रुप ने मीडिया फर्म एनडीटीवी में 26प्रतिशत (1.67 करोड़ शेयर) एडिशनल पब्लिक हिस्सेदारी खरीदने के लिए प्रस्तावित ओपन ऑफर की नई डेट अनाउंस कर दी है।

**ओपन ऑफर 22 नवंबर से 5 दिसंबर तक** - फाइलिंग के अनुसार, अडाणी ग्रुप का ओपन ऑफर अब 22 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 5 दिसंबर को बंद होगा। इससे पहले ओपन ऑफर के लिए अडाणी ग्रुप ने पिछली टाइमलाइन 17 अक्टूबर से 1 नवंबर तय की थी।

**492.81 करोड़ रुपए का है ओपन ऑफर** - ओपन ऑफर के लिए 294 रुपए प्रति शेयर की कीमत तय की गई है। अगर 294 रु. की कीमत पर ये पूरी तरह सब्सक्राइब हो जाता है, तो अडाणी ग्रुप की एनडीटीवी में टोटल हिस्सेदारी 55प्रतिशत हो जाएगी। ये ओपन ऑफर 492.81 करोड़ रुपए का है।



**अगस्त में हासिल की थी एनडीटीवी में 29.18प्रतिशत हिस्सेदारी** - 23 अगस्त को अडाणी ग्रुप के अधिग्रहण के जरिए एनडीटीवी में 29.18प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी, जिसकी होल्डिंग में 99.99प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके बाद अडाणी ग्रुप की फर्मों - विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड ने मीडिया नेटवर्क्स और अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ ऐडिशनल 26प्रतिशत हासिल करने का प्रपोजल रखा है। एनडीटीवी में 29.18प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के बाद, एनडीटीवी ने कहा था कि यह सौदा सेबी की अनुमति के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। उनका कहना था कि 27 नवंबर 2020 को पारित एक आदेश में सेबी ने एनडीटीवी के फाउंडर - राधिका और प्रणय रॉय को 2 साल के लिए सिक्योरिटी मार्केट से बैन कर दिया था। यह बैन 26 नवंबर 2022 को खत्म होगा। हालांकि, अडानी ग्रुप ने एनडीटीवी के इस दावे को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा प्रमोटर यूनिट होल्डिंग रेगुलेटर के उस आदेश का हिस्सा नहीं है, जिसमें फाउंडर प्रमोटर प्रणय और राधिका रॉय को सिक्योरिटी मार्केट में ट्रेडिंग से रोका गया है। सेबी के आदेश का पक्षकार नहीं है और प्रतिबंध इस पर लागू नहीं होते हैं।

**5 पॉइंट्स में समझे पूरा मामला** - एनडीटीवी की प्रमोटर कंपनी है। विश्वप्रधान कॉमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड मीडिया नेटवर्क लिमिटेड की सब्सिडियरी है। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सब्सिडियरी है। एनडीटीवी की प्रमोटर कंपनी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड का मतलब राधिका रॉय, प्रणय रॉय है ने साल 2009-10 में दूसरे कर्ज चुकाने के लिए 403.85 करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट लोन लिया था। इस लोन के बदले में वॉरंट मिल गए। नियमों के अनुसार वॉरंट को शेयर्स में बदला जा सकता है। इसी अधिकार के तहत 1,990,000 वॉरंट को 1,990,000 शेयर्स में बदलने के लिए 23 अगस्त को नोटिस जारी किया। वॉरंट एक्सरसाइज के टर्म्स के अनुसार नोटिस के 2 दिनों के अंदर यानी 25 अगस्त तक शेयर अलॉट करने थे। हालांकि एनडीटीवी ने 2020 के सेबी के आदेश का हवाला देकर इसमें असमर्थता जताई। चूंकि एनडीटीवी की प्रमोटर और उसके पास एनडीटीवी की 29.18प्रतिशत हिस्सेदारी (18,813,928 शेयर) है, इसलिए अडाणी ग्रुप को इनडायरेक्ट तरीके से एनडीटीवी में 29.18प्रतिशत की हिस्सेदारी मिल गई है। नियमों के अनुसार जब भी किसी कंपनी के पास दूसरी कंपनी के 25प्रतिशत से ज्यादा शेयर आते हैं ।

# सलमान के साथ वापसी करेंगे सूरज बड़जात्या

## -फैन्स का सालों का इंतजार अब होने जा रहा खत्म



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** साल 2015 के बाद से सलमान खान के फैन्स उनके और डायरेक्टर सूरज बड़जात्या को एक साथ देखने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब ऐसा लगता है कि शायद फैन्स के सालों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। सूरज बड़जात्या की आने वाली फिल्म ऊंचाई की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान और सूरज ने साथ में काम करने की पुष्टि की है। फिल्म ऊंचाई की स्क्रीनिंग के दौरान सूरज बड़जात्या से मीडिया ने सलमान खान के आइकोनिक किरदार प्रेम की वापसी को लेकर सवाल किए। जिसके जवाब में डायरेक्टर ने कहा कि प्रेम लौटेगा। इस पर सलमान खान ने मजाकिया अंदाज में कहा प्रेम लौटेगा और इस बार प्रेम की शादी भी होगी. डायरेक्टर सूरज बड़जात्या फिल्म ऊंचाई से बतौर निर्देशक वापसी कर रहे हैं। 2015 में रिलीज हुई फिल्म प्रेम रतन धन पायो के बाद सूरज की कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। ऊंचाइ चार दोस्तों की जिंदगी पर आधारित एक फिल्म है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे दिग्गज कलाकार हैं। ये फिल्म 11 नवंबर को थिएटर में रिलीज के लिए तैयार है। एक्टर सलमान खान और डायरेक्टर सूरज बड़जात्या कई फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। सूरज बड़जात्या ने ऑडियंस को बॉलीवुड के कई आइकोनिक किरदारों से वाकिफ कराया है। बॉलीवुड के सबसे यादगार किरदारों में से एक प्रेम भी है। सलमान खान ने सूरज बड़जात्या की कई फिल्मों में प्रेम का किरदार निभाया है। इस किरदार की शुरूआत हुई थी, 1989 में रिलीज हुई फिल्म मैंने प्यार किया से।

इस फिल्म को ऑडियंस ने भरपूर प्यार दिया था। इस फिल्म ने ही सलमान खान को बॉलीवुड में पकड़ दिलाई। उसके बाद सलमान खान ने सूरज बड़जात्या के साथ हम आपके हैं कौन, हम साथ-साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो में काम किया। इन सभी फिल्मों में उन्होंने प्रेम का किरदार ही निभाया था।

# मलाइका ने खुद दूर किया, हां मैने कर दी का कन्फ्यूजन

## -फैंस सोच रहे थे मलाइका ने शादी के लिए हां कर दी

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की आइटम गर्ल्स मलाइका अरोड़ा ने अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट को देखने के बाद लोग सोच रहे थे कि शायद वह शादी करने जा रही है। बाद में उस पोस्ट की सच्चाई कुछ और ही थी जिसका खुलासा भी खुद मलाइका अरोड़ा ने ही किया है। डांस रिएलिटी शोज में बतौर जज नजर आ चुकीं मलाइका अब डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। वह अपने नए शो मूविंग इन विद मलाइका शो के जरिए फैंस को अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में काफी कुछ बताने वाली हैं। उनका ये शो 5 दिसम्बर से शुरू होने वाला है।इसका निर्माण बनीजय एशिया ने किया है।इस चैट शो मलाइका के फ्रेंड्स और फैमिली भी समय-समय पर शो में नजर मलाइका का ये नया शो मूविंग इन विद मलाइका डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगा.मलाइका अरोड़ा अब एक नये स्पेस में एंट्री करने वाली हैं। अपने इसी शो की जानकारी देने के लिए मलाइका ने इंस्टाग्राम पर लिखा था- मैंने हां कर दिया। मलाइका अरोड़ा की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई थी।अब एक्ट्रेस ने अपनी दूसरी पोस्ट शेयर की है। जिसमें उन्होंने कैप्शन में




लिखा- मैंने अपने नये रिएलिटी शो के लिए डिज्नी प्लस हॉटस्टार को हामी दे दी है, इस शो के जरिए आपको मुझे करीब से जानने का मौका मिलेगा। इसके बाद मलाइका ने अनोखे अंदाज में पूछा- रुको, आपको क्या लगा दोस्तों, मैं किस बारे में बात कर रही थी? रिपोर्ट्स की मानें तो अपने इस शो के में बारे में मलाइका बताती हैं, काफी वक्त से वह सोशल मीडिया के जरिए ही लोगों से रू-ब-रू हो रही हैं। लेकिन अब वक्त आ गया है समय में थोड़ा बदलाव लाने की। इस शो से मैं अपने फैंस के और ज्यादा करीब आने वाली हूं। और उन्हें अपनी दुनिया में इंवाइट करने वाली हूं। मैं तो बहुत एक्साइटेड हूं बहुत मजा आएगा, क्योंकि मैं लोग इस शो के जरिए मेरी रोजमर्रा की जिंदगी को करीब से देख पाएंगे. बता दें कि मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी पहली पोस्ट शेयर की थी, जिसमें वह शरमाते हुए नजर आ रही थी, इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था- मैंने हां कह दिया।

# आलिया ने नर्सरी रूम नहीं पूरा फ्लोर ही तैयार कराया बेटी के लिए

## -फ्लोर के बंगले में तैयार हुआ है पूरा फ्लोर !



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के घर जब से नन्हा मेहमान आया है, इस जोड़ी के फैंस तभी से उनकी बिटिया की तस्वीर देखने को बेताब हैं। कई फैनपेज ने तो सोशल मीडिया पर रणबीर-आलिया की बेटी की कम्प्यूटर जनरेटेड तस्वीर भी तैयार कर ली है। वहीं कई लोग उनकी बिटिया का नाम भी जानना चाहते हैं। अब ये सारी जानकारी तो आलिया और रणबीर ही अपने फैंस को देंगे।लेकिन आलिया की बेटी से जुड़ी एक नई अपडेट हम आपको जरूर दे सकते हैं। दरअसल अक्सर पैरेंट्स बनने वाले सिलेब्स अपने बच्चों के लिए स्पेशल नर्सरी या कमरा जरूर डिजाइन करते हैं। लेकिन रणबीर आलिया अपनी बेटी के पर्सनल स्पेस को लेकर कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गए हैं। इस जोड़ी ने अपनी बिटिया के लिए नर्सरी रूम नहीं बल्कि पूरा फ्लोर ही तैयार कराया है. आपको याद ही होगा कि शादी से पहले और प्रेग्नेंसी के दौरान भी आलिया अक्सर रणबीर के साथ पाली हिल वाले रिनोवेट हो रहे बंगले को देखने जाती रही हैं। सूत्रों की मानें तो नीतू सिंह और इस दुनिया से अलविदा कह चुके ऋषि कपूर का पाली हिल वाला बंगला पिछले तीन सालों से रिनोवेट हो रहा है। ये बंगला अब बनकर तैयार है और जल्द ही कपूर फैमली इस बंगले में वापस आ सकती है। इस 8 मंजिला बिल्डिंग में जहां एक पूरा फ्लोर आलिया-रणबीर ने अपने लिए रखा है, वहीं अपनी बेटी को पर्सनल स्पेस देने के लिए एक पूरा फ्लोर उसके लिए तैयार किया है. आपको बता दें कि इससे पहले करण जौहर और करीना कपूर खान के बच्चों की नर्सरी की तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। वहीं जब दादी नीतू कपूर से पूछा गया कि बिटिया किस पर गई है, आलिया पर या रणबीर पर, तो उन्होंने कहा, अभी बहुत छोटी है, अभी कैसे पता चलेगा. वहीं बुआ बनीं रिद्धिमा कपूर सहानी भी परिवार में आई इस नई खुशी से फूली नहीं समा रही हैं। बता दें कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने इसी साल अप्रैल में अपने ही घर में करीबियों के बीच शादी की थी। 6 नवंबर को आलिया भट्ट ने बेटी को जन्म दिया है। रणबीर कपूर ने जब पहली बार अपनी बेटी को गोद में लिया तो वह अपने आंसू रोक ही नहीं पाए।

# नए हेयर स्टाइलिस्ट में दिखेगें विद्युत

बालीवुड एक्टर विद्युत जामवाल अपने साहसी स्टंट के लिए जाने जाते हैं, वह अपने हेयर स्टाइलिस्ट को कुछ नया करने की आजादी दे रहे हैं। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म में क्लासिक मुलेट हेयरडू करेंगे। 'क्रैक' नाम की इस फिल्म को भारत का पहला एक्सट्रीम स्पोर्ट्स ड्रामा बताया जा रहा है। अपने मुलेट लुक के बारे में बात करते हुए, विद्युत साझा करते हैं, "मुलेट लुक का 70 और 80 के दशक में हाई-ऑन-एनर्जी फिल्मों में अभिनेताओं का एक लंबा इतिहास रहा है। यह इस लुक का इतिहास है जिसने इसे फिल्म की थीम के साथ जाने के लिए सही विकल्प बनाया है।" 1990 के दशक के संजय दत्त को यह हेयरस्टाइल याद होगा, जो देश भर में प्रशंसकों के स्कोर के साथ गूंजता था। जहां स्थानीय नाई की दुकानों ने ग्राहकों को मुलेट बाल के साथ लुभाने के लिए संजय दत्त के पोस्टर लगाने शुरू कर दिए थे। बता दें कि जामवाल ने ' सनक', 'कमांडो' फ्रेंचाइजी और 'खुदा हाफिज' जैसी फिल्मों में जबर्दस्त काम करके अपनी फैन फालोईंग में काफी इजाफा किया है।

# मारधाड़ और खूंखार अंदाज में नजर आएंगे आयुष्मान

बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपने करियर में पहली बार परदे पर मारधाड करते हुए नजर आएंगे। यही वजह है कि उनकी फिल्म का नाम ही एन एक्शन हीरो रखा गया है। इस बार आयुष्मान खुराना मारधाड़ और खूंखार अंदाज में नजर आने वाले हैं। आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म एन एक्शन हीरो का ट्रेलर आज जारी किया गया, जिसे देखने के बाद एक बात तो स्पष्ट हुई कि अब तक परदे पर हंसी मजाक और सीधे-सादे पारिवारिक युवक के रूप में नजर आने वाला यह सितारा आने वाले समय में कई और फिल्मों में एक्शन करता नजर आ सकता है। एन एक्शन हीरो में आयुष्मान खुराना फिल्म हीरो की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जिसका एक और किरदार है।एक तरफ आयुष्मान चूंकि फिल्म एक्टर के रोल में हैं इसलिए अपने फिल्मी पर्दे वाला एक्शन करते दिख रहे हैं।


# राखी ने आदिल के खिलाफ दर्ज कराया केस

## -केस की जानकारी लेने गई थी पुलिस स्टेशन



**मुंबई (ईएमएस)।** पंगा क्वीन राखी सावंत को लेकर खबर है कि वह मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन गई थीं। वहां उन्होंने सीनियर पुलिस से आदिल के खिलाफ किए गए केस पर बातचीत की। लेकिन पुलिस स्टेशन से हैरान करने वाली बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, शर्लिन ने राखी सावंत पर आरोप लगाया है कि राखी और वकील फाल्गुनी ने मीडिया के सामने उन्हें काफी बुरा भला कहा है। शर्लिन का कहना है कि उन्होंने उनके लिए गलत भाषा का भी इस्तेमाल किया है जो वह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी। उनका कहना है कि राखी ने उनका अश्लील वीडियो भी दिखाया था। फिर खबरें आने लगी कि मुंबई पुलिस ने छेड़छाड़ और आईटी एक्ट के अंतर्गत दोनों के खिलाफ केस भी फाइल कर लिया था। अब राखी को लेकर ऐसी चर्चा की जा रही है कि उन्होंने आदिल के खिलाफ केस किया है। ये खुद राखी सावंत ने बताया है। ये खबर सुनने के बाद राखी सावंत का गुस्सा फूटा है। हाल ही में सामने आई वीडियो में राखी ने गुस्से में काफी कुछ कहा है आइए जानते हैं क्या कहा? अपनी वीडियो मैं राखी कहती हैं, मैं सबको चेतावनी देना चाहती हूं कि मेरे और आदिल के बीच में कोई आया तो मैं छोडूंगी नहीं। अभी मैं ओशिवारा पुलिस स्टेशन में आई थी लेकिन वहां बोला गया कि ऐसा कोई केस ही फाइल नहीं किया गया कि आपने आदिल के खिलाफ कोई केस फाइल की है। लोग मेरे और आदिल के खिलाफ झूठी खबरें छाप रहे हैं कि मैंने आदिल के खिलाफ कोई केस किया है। मुझे नहीं पता लोगों को क्या अच्छा लग रहा है, झूठ ही छापा जा रहा है। अपनी बात आगे रखते हुए राखी कहती हैं, मुझे समझ ही नहीं आ रहा है कि लोगों को ऐसा झूठ फैलाकर क्या मिलेगा। मैंने एफआईआर किया है लेकिन शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ ना कि आदिल के खिलाफ। आदिल और मेरा दो हंसों का जोड़ा है। ईश्वर ने जिस जोड़े को बनाया कोई भी हमारे बीच में आया मैं उसे छोडूंगी नहीं। मालूम हो कि शर्लिन चोपड़ा और राखी सावंत के बीच का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शर्लिन राखी को और राखी शर्लिन को खूब खरी खोटी सुना रहे हैं। उनका ये झगड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

# 'दिल दिया गल्लां' में नजर आएगी अमृता




एक्ट्रेस कावेरी प्रियम नए शो 'दिल दिया गल्लां' में अमृता की मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह अमृता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने माता-पिता का दर्द जानती है और अपने माता-पिता और दादा-दादी के बीच मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करती है। यह शो अपने बच्चों के साथ मतभेदों के कारण माता-पिता के दर्द और पीड़ा के बारे में है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं तीसरी पीढ़ी को दशार्ने वाला एक बेहद दिलचस्प किरदार निभा रही हूं, जोकि परिवारों में एक नई सोच लेकर आता है। डेली सोप में अपने रोल के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि यह उनकी पिछली भूमिकाओं से संबंधित और थोड़ा अलग भी है। कावेरी प्रियम ने अमृता के किरदार को बताते हुए कहा उनके अमृता वाले किरदार में व्यावहारिकता, बुद्धिमत्ता और जिम्मेदारी हैं। वह वास्तविक जीवन में मुझसे काफी मिलती-जुलती है। इस तरह का किरदार निभाने का यह मेरा पहला मौका होगा। जो आधुनिक है।

# टाटा क्लिक लक्जरी ने गौरी खान के साथ साझेदारी

## -इस प्लेटफॉर्म पर पसंदीदा डिजाइनों की कर सकते है खरीदारी



**मुंबई (ईएमएस)।** टाटा क्लिक लक्जरी ने अपने ब्रांड गौरी खान डिजाइन्स को लॉन्च करने के लिए प्रमुख इंटीरियर विशेषज्ञ और डिजाइनर गौरी खान के साथ साझेदारी की है। टाटा क्लिक लक्जरी भारत के प्रमुख लग्जरी लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म है। उपभोक्ता अब अपने घरों और कार्यालय के स्थानों को खूबसूरत बनाने के लिए इस प्लेटफॉर्म पर खान के पसंदीदा डिजाइनों की खरीदारी कर सकते हैं। 2013 में स्थापित, ब्रांड का जन्म गौरी खान के रिक्त स्थान को डिजाइन करने के लंबे समय से जुनून से हुआ था और इसका उद्देश्य हर इंटीरियर के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनना है।इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, इंटीरियर डिजाइनर और निमार्ता, गौरी खान ने कहा, "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गौरी खान डिजाइन्स को टाटा क्लिक लक्जरी में एक नया घर मिल गया है। गौरी खान डिजाइन्स में, हम लगातार ऐसे डिजाइनों और उत्पादों को नया और क्यूरेट कर रहे हैं जो उपभोक्ता के सौंदर्यशास्त्र को विकसित करने की भावना को आकर्षित करेंगे।""टाटा क्लिक लक्जरी भारत का अग्रणी लक्जरी लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म है जो ग्राहकों के लिए एक आकर्षक और उन्नत ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है। इस साझेदारी के माध्यम से, गौरी खान डिजाइन्स अब देश भर के उन उपभोक्ताओं तक पहुंचने और उन तक पहुंचने में सक्षम होंगी जो अपने स्पेस में सुधार करना चाहते हैं। हम एक उपयोगी साझेदारी की आशा करते हैं।" टाटा क्लिक लक्जरी के बिजनेस हेड गीतांजलि सक्सेना ने कहा, "टाटा क्लिक लक्जरी में, हम उपभोक्ताओं को सभी श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ लक्जरी उत्पादों और ब्रांडों की पेशकश करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्लेटफॉर्म पर हमारी मौजूदा घरेलू श्रेणी में उत्पादों की एक विस्तृत सीरीज शामिल है, सजावट से लेकर बर्तन और बहुत कुछ। जैसा कि हम अपनी घरेलू श्रेणी को विस्तार और मजबूत करने का प्रयास करते हैं, हम अपने प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से गौरी खान डिजाइन्स को लॉन्च करने के लिए रोमांचित हैं।

## सूडोकु नवताल- 6251

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्दजाल - 6998

*शब्दजाल में 'ना' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | हु | मे | रि | ना | ट | क | ल | च | ट | र्जी |
| ज | खु | क | दू | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| नी | पी | ना | यि | का | ग | बा | द | ह | प | ल |
| न | ग | ए | ना | मु | म | कि | न | ह | लि | ना |
| व | र | ना | ग | रि | क | ला | कि | यो | प | मा |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | कू |
| न | ना | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | ल |
| क | रि | का | र | य | र | ना | का | म | वि | रे |
| र | या | बा | बि | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | ल | व | ना | का | रा | टि | ल |
| बां | स | ना | रा | य | ण | ले | स | सु | रा | ल |

नामाकूल,नाकारा,नाकाबिल,नाजनीन,
नागरिक,नाटक,नामुमकिन,नाकाम,
नारायण,नायिका

### शब्दजाल - 6997 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | ल | जें | द्र | कु | मा | रा | श | न | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रा | म | रा | ज | नी | ति | ल | ख | म |
| रा | स | स | क्ष | दि | वा | ज | ध | रा | श | दु |
| ज्य | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | म | झ | रा |
| पा | ल | ला | र | दि | म | रा | ती | चं | घ | ज |
| ल | व | रा | ज | तं | त्र | ह | ज | द्र | व | धा |
| श | एं | वा | ई | द | ब | गी | डू | ए | श | नी |
| मी | ड | ल | रा | व | ण | र | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | रा | ज | म | ह | ल | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5951

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| | 33 | | 36 | | 27 | |
| 3 | | 4 | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | | 30 | 1 | 26 | |
| 5 | | 7 | | | 3 | |
| | 36 | 6 | 32 | | 34 | 3 |
| | 2 | | 4 | 5 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5950 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 33 | 1 | 23 | 6 | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | 7 | 33 | 2 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# तलाक की खबरों के बीच शुरू होगी सानिया-शोएब की नई पारी, उर्दूफ्लिक्स पर आएगा मिर्जा-मलिक शो

**कराची ।**
भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक अपने तलाक की वजह से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। खबरों के अनुसार ये दोनों कानूनी मुद्दों को सुलझाने के बाद अपने तलाक का एलान करने वाले हैं। शोएब और सानिया के बीच तलाक की वजह पाकिस्तान की एक्ट्रेस है, जिसके साथ शोएब मलिक ने बोल्ड फोटोशूट कराया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार शोएब ने ही सानिया को धोखा दिया है। बताया जा रहा है कि शोएब का किसी और के साथ अफेयर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित चैनल ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा- कई तरह के टीवी शो से कॉन्ट्रैक्ट साइन करने और कानूनी जटिलताओं की वजह से शोएब और सानिया अफवाहों को संबोधित नहीं कर रहे हैं। शोएब और सानिया के पास कई अनुबंध हैं, जिन्हें उन्हें पूरा करना है। इस बीच उर्दूफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि जल्द ही मिर्जा-मलिक शो स्ट्रीम होने वाला है। यह टॉक शो होगा, जिसमें सानिया और शोएब लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश भी करेंगे। यह पहला मौका होगा जब यह जोड़ी साथ में किसी शो में काम करेगी। इस शो के बारे में बात करते हुए सानिया और शोएब ने कहा था कि उन्हें साथ में नई चीजें करना बेहद पसंद है और जैसे ही उन्हें यह शो करने का मौका मिला दोनों इसके लिए काफी उत्साहित थे। सानिया ने कहा था हमें चुनौतियां पसंद हैं, इसलिए हमारे लिए खेल से हटकर मीडिया में काम करना काफी उत्साहित करने वाला था। अपने शो के बारे में बताते हुए सानिया ने बताया था एक अच्छा पारिवारिक शो सभी को हंसाने वाला होना चाहिए, जैसा कि कपिल शर्मा शो में होता है। हमारा शो एक कॉमेडी शो नहीं होगा, लेकिन लोगों को हंसाना जरूरी है। हमारी जिंदगी में कई ऐसी चीजें हैं, जो बहुत मजेदार नहीं हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस शो का हर एपिसोड एक घंटे का होगा और वो चाहती हैं कि यह एक घंटा दर्शकों के लिए मजेदार होना चाहिए। मलिक ने बताया कि वो सानिया के साथ विज्ञापन में काम कर चुके हैं, लेकिन यह शो आसान नहीं होगा। इस शो से भी मलिक ऐसी ही उम्मीद लगाए हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### फीफा विश्व कप के लिए दक्षिण कोरिया की टीम का एलान, चोट के बावजूद इस खिलाड़ी को मिली कप्तानी



**सिओल ।** दक्षिण कोरिया ने शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया। फुटबॉल स्टार सोन ह्युंग-मिन को 26 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। हालांकि, सोन ह्युंग-मिन अभी चोट से जूझ रहे हैं, लेकिन फीफा विश्व कप तक उनके फिट होने की उम्मीद है। सोन ह्युंग-मिन को चैंपियंस लीग के एक मैच के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद से वह मैदान से बाहर हैं। इस महीने की शुरुआत में चैंपियंस लीग में टोटेनहम हॉटस्पर के लिए खेलते हुए सोन ह्युंग-मिन को आंख में फ्रैक्चर हुआ था। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह फीफा विश्व कप में कोरिया के लिए खेलने के लिए तैयार हैं। कोरिया की टीम लगातार 10वीं बार फीफा विश्व कप के मुख्य दौर में पहुंची है। दक्षिण कोरिया के मुख्य कोच पाउलो बेंटो ने टीम के चयन के बाद कहा कि हम मेडिकल टीम के संपर्क में हैं, लेकिन अब तक हमें यह जानकारी नहीं है कि वह कब मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह से फिट होंगे। हमें थोड़ा और इंतजार करना होगा। रोजाना उनकी हालत के बारे में जानकारी लेनी होगी। हमारे पास समय है और वह पूरी तरह से फिट हो सकते हैं। इसके बाद ही हम अंतिम निर्णय लेंगे। 30 वर्षीय ह्युंग ने चोट के बाद सर्जरी कराई। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह विश्व कप के दौरान अपनी सुरक्षा के लिए मास्क पहनेंगे। वहीं, बेंटो ने आगे कहा कि अगर उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तो भी उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि विपक्षी टीमें काफी मजबूत हैं। 2010 में दक्षिण कोरिया की टीम राउंड ऑफ 16 में उरुग्वे से हारकर बाहर हो गई थी। इसके बाद से यह टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर होती रही है। दक्षिण कोरिया का पहला मैच 24 नवंबर को ग्रुप एच में उरुग्वे के खिलाफ है।

### मैक्सवेल का एक्सीडेंट हुआ, टांग टूटी: दोस्त की बर्थडे पार्टी पर गए थे मैक्सी, फिसल कर गिरे



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का एक्सीडेंट हो गया है। उनकी टांग टूट गई है। वे लंबे समय तक मैदान पर नहीं दिखेंगे। इस चोट की वजह से मैक्सवेल अगले हफ्ते से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से भी हट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 34 साल के मैक्सवेल शनिवार रात एक दोस्त की बर्थडे पार्टी पर गए थे और मकान के पिछले हिस्से में दौड़ लगा रहे थे। तभी फिसलकर गिर गए। मेलबर्न के एक अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि मैक्सवेल एक महीने तक मैदान से दूर रहेंगे। इसे मेलबर्न स्टार्स ने हॉस्पिटल के बेड से मेलबर्न गर्ल्स को फॉलो करते हुए ग्लेन मैक्सवेल लिखते हुए पोस्ट किया। इसमें मैक्सवेल की टांस पर प्लास्टर दिखाई दे रहा है। मैक्सवेल मौजूदा वर्ल्ड कप में बेरंग रहे। उन्होंने चार पारियों में महज 118 रन बनाए। इनमें एक अर्धशतक भी शामिल था। उनके बल्ले से 161.64 के स्ट्राइक रेट से रन निकले। वर्ल्ड कप का मेजबान ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड की मेजबानी करने जा रहा है। उसे इंग्लैंड से तीन वनडे मैच खेलने हैं। पहला मुकाबला एडिलेड में 17 नवंबर को खेला जाएगा। उसके बाद 19 और 22 नवंबर को क्रमशः सिडनी और मेलबर्न में मुकाबले खेलने हैं। टीम 30 नवंबर से वेस्ट इंडीज से 2 मुकाबलों की टेस्ट सीरीज भी खेलनी है।

### चंडीगढ़ में करोड़ों से बने मिनी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेलते हैं सिर्फ अधिकारी, शुरू नहीं हुए कोचिंग सेंटर



**चंडीगढ़।** करोड़ों रुपये की लागत से गवर्नमेंट माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-8 में बने मिनी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का खिलाड़ियों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को बने हुए तीन साल से ज्यादा का समय हो गया है, बावजूद इसके अभी तक इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कोई कोचिंग सेंटर शुरू नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सिर्फ अधिकारियों के खेलने ही काम आ रहा है। इस मिनी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में स्विमिंग पूल और तीन बैडमिंटन के इंडोर कोर्ट्स बनाए गए हैं।

क्रिकेट को मिला पहला डबल चैंपियन

# इंग्लैंड ने पाक को हराकर दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता, ओडीआई में भी वर्ल्ड चैंपियन



**मेलबर्न।**
इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास का पहला डबल वर्ल्ड चैंपियन बन गया है। इंग्लैंड टीम ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में रविवार को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। इंग्लैंड के नाम इस समय वनडे वर्ल्ड कप खिताब भी है। पहली बार किसी टीम के पास एक साथ वनडे और टी-20 दोनों का वर्ल्ड टाइटल हैं।

फाइनल में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। जवाब में इंग्लैंड ने 19 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 52 रन नाबाद बेन स्टोक्स ने बनाए। पाकिस्तान के लिए हारिस रउफ ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सैम करन रहे।

शाहीन शाह अफरीदी ने पहले ओवर में ही एलेक्स हेल्स को 1 रन बनाने के बाद क्लीन बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट 9 बॉल में 10 रन बनाकर हारिस रउफ की बॉल पर आउट हुए। जोस बटलर को शुरुआत तो अच्छी मिली, लेकिन वो 17 बॉल में 26 रन बनाकर आउट हो गए। हैरी ब्रूक 20 बॉल में 23 रन बनाकर शादाब खान की बॉल पर आउट हुए, उनका कैच शाहीन अफरीदी ने लिया। पाकिस्तान के लिए शान मसूद ने सबसे ज्यादा 38 रन की पारी खेली। उन्होंने 28 बॉल का सामना किया। वहीं, बाबर आजम के बल्ले से 28 बॉल में 32 रन निकले। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट सैम करन ने लिए। आदिल रशीद को 2 सफलता मिली।

चौथे ओवर में पाकिस्तान की ओर से पहली बाउंड्री आई। क्रिस वोक्स की बॉल पर मोहम्मद रिजवान ने छक्का लगाया।

इसके बाद वो 15 रन बनाने के बाद सैम करन की बॉल पर बोल्ड हो गए। मोहम्मद हारिस भी फाइनल मुकाबले में कुछ खास नहीं कर पाए और 12 बॉल में 8 रन बनाकर आउट हो गए।

बाबर आजम 28 बॉल पर 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने 12वें ओवर की पहली बॉल पर आउट किया। रशीद ने ये ओवर मेडन डाला। इससे पहले वाले ओवर में लिविंगस्टोन ने 16 रन दिए थे।

पूरे वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में चल रहे इफ्तिखार खान 6 बॉल में जीरो रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट बेन स्टोक्स ने लिया।

शान मसूद को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन वो इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। वो 28 बॉल में 38 रन बनाकर सैम करन की बॉल पर आउट हुए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**पाकिस्तान-** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शान मसूद, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ।

**इंग्लैंड-** जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, फिल सॉल्ट, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम करन, क्रिस जॉर्डन और आदिल रशीद।

# हरिद्वार में कुश्ती के दंगल का आगाज, प्रेमनगर आश्रम में हुआ शुभारंभ



**हरिद्वार ।**
भारतीय कुश्ती संघ की ओर से रविवार को हरिद्वार में कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता ग्रेंड प्रिक्स नेशनल रैसलिंग चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 नवंबर तक प्रेमनगर आश्रम में किया जा रहा है। इसकी शुरुआत रविवार सुबह 11 बजे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने किया। प्रेमनगर आश्रम में भारतीय कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष व उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव डा. एसपी देशवाल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के 1200 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 10 वेट ग्रुप में आयोजित की जा रही है। इसमें ग्रैंड प्रिक्स ग्रीको रोमन कुश्ती चैंपियनिशप, 14 नवंबर को राष्ट्रीय ग्रैंड प्रिक्स फ्री स्टाइल कुश्ती सीनियर वर्ग व अंडर-17 महिला वर्ग की कुश्ती आयोजित की जाएगी। 15 नवंबर को राष्ट्रीय महिला ग्रैंड प्रिक्स सीनियर वर्ग एवं अंडर-17 पुरुष वर्ग की कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। डा. देशवाल ने बताया कि हरिद्वार में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी शामिल होंगे। दावा किया कि प्रतियोगिता के आयोजन से उत्तराखंड के युवाओं में कुश्ती के प्रति रुचि बढ़ेगी। कहा कि कुश्ती शरीर को फिट रखने का सशक्त माध्यम है। पत्रकारवार्ता में उनके साथ महेद्र त्रिपाठी, मेरठ कुश्ती संघ के अध्यक्ष बालेंद्र, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच गजेंद्र पहलवान, बागपत कुश्ती संघ के अध्यक्ष भूपेश राणा, डा. ललित कुमार, राहुल शर्मा, दुर्गेश पांडेय आदि मौजूद रहे। वहीं हरिद्वार में मुक्केबाजी संघ की ओर से एसएम पब्लिक स्कूल जगजीतपुर में आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता के पहले दिन रुड़की व मंगलौर के मुक्केबाजों का जलवा रहा। पतंजलि की छात्राओं ने भी मुक्केबाजी में दमखम दिखाया। मिनी सब जूनियर, जूनियर, यूथ एवं एलीट वर्ग में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका वर्ग के 170 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

# चोट के कारण फाइनल मुकाबले से बाहर हुए शिव थापा, रजत पदक से करना पड़ा संतोष

**नई दिल्ली ।**
भारत के शिव थापा ने बॉक्सिंग के 63.5 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है। हालांकि, फाइनल मुकाबला उनके लिए काफी निराशाजनक रहा। खिताबी मुकाबले में वह बीच में ही चोटिल हो गए और उन्हें मैच से हटना पड़ा। सभी को उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद थी, लेकिन थापा को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। एशियाई चैंपियनशिप में यह उनका छठा पदक है।

थापा को इस तरह से रजत पदक से संतोष करना पड़ा जो उनका एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर छठा पदक है। 28 वर्षीय थापा इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल पुरुष खिलाड़ी हैं। वह लाइट वेल्टरवेट वर्ग के स्वर्ण पदक के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लाव रुस्लान के खिलाफ दूसरे राउंड में चोटिल हो गए और रेफरी ने मुकाबला रोककर उनके प्रतिद्वंदी को विजेता घोषित कर दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त थापा ने चोटिल होने से पहले पहला राउंड गंवा दिया था और मुकाबले में 0-5 से पीछे चल रहे थे।

पहले राउंड के शुरू में दोनों मुक्केबाजों ने दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन आखिर में उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज ने वर्चस्व बनाया। दूसरे राउंड में थापा ने वापसी की कोशिश की लेकिन वह जल्द ही नीचे गिर गए। रेफरी गिनती गिनने लगा लेकिन थापा उठ गए।



उन्हें हालांकि काफी दर्द हो रहा था जिसके लिए उन्होंने डॉक्टर की मदद भी ली। आखिर में मुकाबला रोक दिया गया और जब रेफरी ने विजेता की घोषणा की तब थापा बमुश्किल खड़े हो पा रहे थे।

फाइनल को छोड़कर थापा ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था। एशियाई चैंपियनशिप में उन्होंने अब तक एक स्वर्ण (2013), तीन रजत (2017, 2021 और 2022) और दो कांस्य पदक (2015 और 2019) जीते हैं।

थापा ने रजत पदक जीत कर कजाकिस्तान के दिग्गज मुक्केबाज वासिली लेविट को पीछे छोड़ दिया। वह थापा के बाद दूसरे पुरुष मुक्केबाज हैं, जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। एशियाई चैंपियनशिप में थापा से अधिक पदक एमसी मेरीकॉम (सात) और एल सरिता देवी (आठ) ने जीते हैं।

# फर्ग्यूसन की केकेआर में वापसी, गुरबाज को भी साथ लाए: केकेआर ने जीटी से ट्रेड किए 2 खिलाड़ी

**मुंबई।**
आईपीएल 2023 के लिए फ्रेंचाइजीज ने खिलाड़ियों की खरीद-फरोख्त भी शुरू कर दी है। सभी को 15 नवंबर तक अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की सूची बोर्ड को सौंपनी है। इससे पहले ट्रेडिंग विंडो भी खुल गई है। इतना ही नहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजराज टाइटंस से लॉकी फर्ग्यूसन और रहमानुल्लाह गुरबाज को ट्रेड किया है।

आईपीएल की मीडिया सेल ने यह जानकारी दी है। इसके अनुसार, ये दोनों अब केकेआर की जर्सी में खेलते नजर आएंगे। लॉकी फर्ग्यूसन पहले कोलकाता की ओर से खेल चुके हैं। ऐसे में कहेंगे कि उनकी टीम में वापसी हुई है। लेकिन, वे गुरबाज को भी अपने साथ लाए हैं।

ऐसा बताया जा रहा है कि यह एक कैश ट्रेड है। लेकिन,




केकेआर ने इन्हें कितने में खरीदा है। इसका खुलासा नहीं किया गया है। न फ्रेंचाइजी और न ही बीसीसीआई इसका खुलासा किया है।

### फर्ग्यूसन ने पिछले सीजन में कमाल गेंदबाजी की

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन ने आईपीएल के पिछले सीजन में कमाल की गेंदबाजी की थी और गुजरात को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। फर्ग्यूसन ने 13 मुकाबलों में गुजरात के लिए 12 विकेट लिए थे। एक मैच में तो उन्हें 4 विकेट मिले थे।

ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में लोकी फर्ग्यूसन ने न्यूजीलैंड के लिए खास प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने 5 मुकाबलों में गेंदबाजी की और 8.36 की इकोनॉमी से 159 रन खर्च करते हुए 7 विकेट लिए।

### गुजरात ने 10 करोड़ में खरीदा था

गुजरात ने 12-13 फरवरी को हुए मेगा ऑक्शन में फर्ग्यूसन को 10 करोड़ की कीमत पर खरीद था। हालांकि, तब कोलकाता ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई थी।

### गुरबाज एक भी मैच नहीं खेल पाए

अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज को गुजरात ने चोटिल जेसन रॉय की जगह लिया था। लेकिन उन्हें एक भी मुकाबला नहीं खिलाया। गुरबाज ने टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के लिए 3 मैचों में 68 रन बनाए हैं।

# ब्राजील 20 साल बाद विश्व कप जीत सकता है: रोनाल्डो नजारियो


**नई दिल्ली ।**
ब्राजील के पूर्व स्टार फुटबालर रोनाल्डो नजारियो ने लगातार दो विश्व कप फाइनल खेले हैं। जिसमें पहली में हार, दूसरी में जीत मिली थी। 2014 में मिरोस्लाव क्लोस के आगे निकलने से पूर्व वह इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्कोरर थे। जर्मनी के विरुद्ध 2002 के फाइनल में दो गोल और दो विश्व कप जीतने वाले पदक के साथ, वह अब स्पेन और ब्राजील में दो फुटबाल क्लबों के मालिक बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद ब्राजील विश्व कप जीत सकता है। रोनाल्डो नजारियो का विशेष साक्षात्कार।

**ब्राजील के 20 साल बाद विश्व कप जीतने की कितनी संभावनाएं हैं** - हमारी टीम बहुत अच्छी है और हम यह कर सकते हैं। ब्राजील बहुत अच्छा खेल रहा है। क्वालीफायर्स में वे शानदार रहे। हम सभी को पता है कि दक्षिण अमेरिका की क्वालीफायर्स कितनी कठिन होती है। हमें पूरे महाद्वीप में विभिन्न वातावरण में मुश्किल टीमों का सामना करना पड़ता है। जब एक टीम अच्छा खेलती है, लगातार ऐसी परिस्थिति में दबदबा बनाती है तो यह पता चल जाता है कि टीम में सब



बहुत बढ़िया चल रहा है। परिणाम बेहतर मिलेंगे। ब्राजील के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। क्या कोच के लिए सही खिलाड़ियों का चयन चुनौतीपूर्ण होगा हां, टाइट को पहले 11 में उपलब्ध छह खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ तीन का चयन करना होगा, लेकिन यह एक ऐसी चुनौती है जो किसी भी कोच को पसंद आएगी। नेमार जरूर टीम का हिस्सा होंगे। वह अपने क्लब के लिए अभी बेहतरीन फार्म में हैं। साथ ही उन्हें विश्व कप पूरी तरह से स्वस्थ होकर पहुंचना होगा। यह सबसे जरूरी है। उनकी प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं है। मैं मानता हूं कि वह पूरी तरह से तैयार हैं। यह निर्णय टाइट को लेना है। हालांकि, मुझे लगता है कि उन्होंने अब तक अपनी प्लेइंग 11 चुन ली होगी, पर वह सभी को मौका देना चाहेंगे। रीयल मैड्रिड में उनकी फार्म को देखते हुए मैं विनि को प्राथमिकता दूंगा, लेकिन यह मुश्किल है। कोच को अपने संयोजन को ध्यान में रखते हुए टीम की जरूरत के अनुसार खिलाड़ियों को चुनना होगा। साथ ही विरोधी टीम की कमजोरी को भी ध्यान में रखना होगा। यूरोपियन अच्छा खेल रहे हैं। उनके पास गति और आक्रामकता है, वे ब्राजीलियाई लोगों की तरह गोल कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अच्छा बचाव किया है। दक्षिण अमेरिकी इतने सालों से यूरोप में खेल रहे हैं। उनको यूरोपियन जानते हैं। इसलिए अब वास्तव में बहुत अंतर नहीं है। हम पिछले कुछ विश्व कप में निर्णायक क्षणों में अच्छा खेलने में नाकाम रहे। शायद नहीं। कोचिंग बहुत कठिन है। एक खिलाड़ी के रूप में आप अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं, लेकिन जब आप मैनेजर होते हैं तो आपको टीम के बारे में सोचना होता है। किससे खेलना है, कैसे खेलना है, सबसे अच्छा क्या होना चाहिए, कौन विरोधी हैं, बहुत सारे काम होते हैं। मैं वास्तव में उन सभी कोच से प्यार करता हूं जो ऐसी सभी चीजें करते हैं, लेकिन मुझे ऐसा करने में कभी दिलचस्पी नहीं है। काफी फारवर्ड ऐसे हैं जो हर मैच में गोल करने में सक्षम हैं। हालांकि, आपको अधिक गोल करने का अवसर प्राप्त करने के लिए सेमीफाइनल या फाइनल तक पहुंचने की आवश्यकता है जो सभी टीमों के लिए संभव नहीं हो सकता है। मुझे एक का नाम नहीं लेना चाहिए, लेकिन मुझे लगता है कि कुछ ऐसे हैं जो टूर्नामेंट में 5-6 गोल कर सकते हैं यदि उनकी टीम अंतिम चार चरण में पहुंच जाती है। सबसे महत्वपूर्ण एक अच्छी टीम। एक बहुत अच्छा गोलकीपर, अच्छे डिफेंडर्स, रचनात्मक मिडफील्डर और खतरनाक स्ट्राइकर्स। आपको हर विभाग में नायक चाहिए। किसी भी टीम के उच्चतम स्तर पर सफल होने के लिए ये बुनियादी आवश्यकताएं हैं। कुछ हैं। फ्रांस एक मजबूत दावेदार है। विश्व कप में आप जर्मनी को नहीं भूल सकते। यूरो कप में इंग्लैंड फाइनल तक पहुंचा था। स्पेन और पुर्तगाल बहुत शानदार खेल रहे हैं। हमारी प्रतिद्वंद्विता के कारण मैं अर्जेंटीना का समर्थन नहीं कर सकता, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि वे भी दावेदारों में से एक हैं।

# खर्राटों की समस्या से कैसे रहें दूर



कुछ लोगों को सोने के समय खर्राटे लेने की समस्या होती है। इस दौरान खर्राटे लेने से अन्य सदस्य भी डिस्टर्ब होते हैं। खर्राटे लेने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें मोटापा, शराब का सेवन, साइनस की समस्या, एलर्जी, कोल्ड, भरपेट खाना प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा, खराब सोने के से भी खर्राटों की समस्या होती है। एक शोध की मानें तो 20 फीसदी वयस्क नियमित रूप से खर्राटे लेते हैं। वहीं, 40 फीसदी वयस्क कभी-कभी खर्राटे लेते हैं। इसके अलावा, 10 में 1 बच्चा भी खर्राटे लेते हैं। अगर आप भी खर्राटों की समस्या से परेशान हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो इन आसान टिप्स को जरूर फॉलो करें। रात में सोने से पहले लाइट खाना खाएं। लास्ट डाइट से भी स्नोरिंग की समस्या हो सकती है। इसके लिए डॉक्टर हमेशा रात में सोने से दो घंटे पहले खाने की सलाह देते हैं। साथ ही हैवी यानी भरपेट खाना न खाएं। अगर ज्यादा खाना चाहते हैं, तो शाम के समय ही खाना खा लें। इन नियमों का पालन करने से खर्राटों की समस्या से निजात मिलता है। खर्राटे की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध पिएं। हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो संक्रमण को रोकने में सहायक होते हैं। इससे नाक में कंजस्टेड नहीं होता है। शहद सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल समेत कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत और सुंदरता के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके लिए रात में सोने से पहले दूध में शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं। इससे रात में सांस लेने की समस्या दूर होती है।

# बाल दिवस पर बच्चों को तोहफे में गिफ्ट देने का आइडिया

प्रति वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था। पंडित नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। इस कारण पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बच्चों के लिए समर्पित कर दिया गया और इस दिन बाल दिवस मनाने की शुरुआत हुई। आज की दिन हर बच्चे को खास महसूस कराने का दिन है। बच्चों के लिए बाल दिवस के मौके पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है। स्कूलों में तरह तरह के खेल और एक्टिविटी होती हैं, जिसमें बच्चे उत्साह के साथ शामिल होते हैं। बच्चों के लिए यह किसी जन्मदिन से कम नहीं होता। ऐसे में बाल दिवस के मौके पर बच्चों को तोहफे भी दिए जा सकते हैं। अगर आप बाल दिवस पर अपने बच्चे को कोई तोहफा देना चाहते हैं, तो यहां कुछ गिफ्ट आइडिया दिए जा रहे हैं। बच्चों को तोहफे में स्क्रैप बुक तोहफे में दे सकते हैं। नोटबुक



या स्क्रैपबुक बच्चे के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। स्क्रैपबुक पर कई सारी तस्वीरें लगाकर उस बारे में लिख सकते हैं। अगर बच्चे को लिखना पसंद है और पेंट या क्राफ्ट का शौक हैं तो उसे इस तरह का गिफ्ट पसंद आएगा। बच्चे को क्विज, लूडो, चेस जैसे गेम्स गिफ्ट कर सकते हैं। हर बच्चे को गेम पसंद होते हैं। उनके लिए कोई पजल गेम भी ला सकते हैं। इससे बच्चे का मस्तिष्क भी तेज होता है और याददाश्त भी अच्छी होती है। बाल दिवस के मौके पर बच्चे को स्टडी लैंप गिफ्ट कर सकते हैं। ये उनके काम आ सकती हैं। पढ़ाई के लिए बच्चे को स्टडी लैंप की जरूरत हो सकती है। यह उनके काम की भी होती है और तोहफे में पसंद भी आती है। बच्चे को अच्छा स्कूल बैग गिफ्ट कर सकते हैं। स्कूल बैग रोजमर्रा की जरूरत में होता है। इसलिए बाल दिवस के मौके पर बच्चे को उनकी पसंद का अच्छा स्कूल बैग गिफ्ट करें।

# डिप्रेशन और आलस्य पर सवाल जवाल



अगर मन उदास रहता हो, डिप्रेशन कैसा महसूस होता हो, भूख कम लगती हो, श्वांस की समस्या हो, हमेशा सुस्ती और निराशा घेरे रहती हो आत्मविश्वास में कमी महसूस होती हो, बार-बार विवेकहीन काम करने की इच्छा होती हैं। तो नारंगी रंग का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए।

**प्रश्न :** जिनका जन्म सूर्योदय के समय हुआ हो, उन्हें जीवन में सफलता मिलती है या नहीं? – श्रुति राजदान

**उत्तर :** सूर्योदय से सिर्फ सूर्य की स्थिति का आभास होता है, जबकि सफलता-असफलता के विश्लेषण के लिए सूर्य के साथ अन्य ग्रहों की स्थिति का ज्ञान व भान भी जरूरी है। सद्गुरुश्री कहते हैं कि सूर्योदय के समय सूर्य सामान्यत: कुंडली के प्रथम भाव यानी लग्न में आसीन होता है। ऐसे लोगों को श्रेय जरा देर से मिलता है। लग्न का सूर्य भावुक व नाटकीय बनाता है। इनके स्वभाव में उग्रता और मृदुता दोनों का समावेश होता है। ये लोग सुनी सुनाई बातों पर सरलता पूर्वक यकीन नहीं करते। दैहिक श्रम की अपेक्षा ये बौद्धिक श्रम में प्रवीण होते हैं। इन्हें अपार सामाजिक प्रतिष्ठा मिलती हैं। ये अपने सामर्थ्य से प्रगति करते हैं। ये लोग बेहद साहसी और आकर्षक होते हैं। इन्हें राजनीति की बहुत गहरी समझ होती है।

**प्रश्न:** कुंडली न हो, तो कैसे पता चलेगा कि व्यक्ति का शनि खराब है? उसका उपाय भी बताइए।–पूर्णिमा देशपांडे

**उत्तर:** सुबह से शाम तक कड़ी मेहनत के बाद भी अगर मुश्किल से दो पैसे इकट्ठा न होते हों, जिनका जीवन किराए के मकान में ही निकल जाता हो, जिनको हर व्यक्ति में कमी ही कमी दिखाई देती हो, जो अपनी परेशानियों का सदैव रोना रोते हों, जिनका चेहरा बुझा-बुझा सा रहता हो, जिनके सर का तेल ललाट और चेहरे के किनारों पर उतरता हो, जो पारिवारिक या करियर संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हों, तो यह सब शनि के प्रकोप का संकेत है। उन्हें मांसाहार और मदिरा से दूर रहना चाहिए। असहायों की सहायता से कष्टों में कमी संभव है।

**प्रश्न:** ग्रहों की दृष्टि का आकलन किस प्रकार होता है?–माधवी पांडेय

**उत्तर:** सद्गुरुश्री कहते हैं कि समस्त ग्रह अपने से सप्तम भाव को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं। यानी हर ग्रह की उसके सीध के भाव में पूर्ण दृष्टि पड़ती है, जिसे सप्तम दृष्टि भी कहा जाता है। बृहस्पति की अपने से पंचम व नवम भाव पर दृष्टि होती है। शनि अपने आप से तीसरे व दसवें भाव को निहारता है। मंगल चतुर्थ व अष्टम घर पर दृष्टि डालता है। राहु-केतु क्रमश: पांचवें और नौवें स्थान पर पूरी दृष्टि डालते हैं।

**प्रश्न :** शुभ ग्रह की उपस्थिति शुभ फल देती है या अशुभ?–विजय खत्री

**उत्तर :** सद्गुरुश्री कहते हैं कि चंद्रमा, बुध व शुक्र जहां आसीन होते हैं, वृद्धि करते हैं यानी शुभ फलों से नवाजते हैं। पर गुरु ग्रह जहां विराजते हैं, वहां हानि करते हैं। पर गुरु की दृष्टि जहां पड़ती हैं, वहां शुभ फल प्राप्त होता है।

**प्रश्न:** कुंडली में त्रिकोण का स्वामी अगर पाप ग्रह हो, तो कैसे परिणाम मिलते हैं?–विकास सोनकर

**उत्तर:** सद्गुरुश्री कहते हैं कि कुंडली में लग्न, पंचम व दशम भाव त्रिकोण कहलाता है। त्रिकोण के स्वामी शुभ ग्रह हों या पाप ग्रह, सदैव अच्छा और शुभ परिणाम देते हैं।

# हिंदुस्तानी भाऊ की धमकी पर भड़की उर्फी जावेद

अपने फैशन को लेकर इंटरनेट सेंसेशन बनीं उर्फी जावेद को पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर कोई ना कोई निशाना बना रहा है। *अनुपमा* फेम एक्टर सुधांशु, कॉमेडियन सुनील पाल के बाद अब इस लिस्ट में *बिग बॉस 13* के कंटेस्टेंट हिंदुस्तानी भाऊ का नाम जुड़ गया है। उर्फी जावेद जिस तरह के कपड़े पहनती हैं उसे लेकर सभी को परेशानी है। यही नहीं हिंदुस्तानी भाऊ ने तो उन्हें सुधारने की धमकी दी है। हालांकि उर्फी भी चुप बैठने वालों में से नहीं हैं और सोशल मीडिया पर उन्होंने रिएक्ट किया है। उर्फी जावेद लगभग अपने बोल्ड कपड़ों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह फैशन सेंस से पपराजी का ध्यान खींचने में कामयाब रहती हैं। उनके कपड़ों को लेकर हिंदुस्तानी भाऊ ने एक वीडियो अपलोड कर धमकी दी है कि वह जिस तरह के कपड़े पहनती हैं वह भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हिंदुस्तानी भाऊ ने कहा कि उर्फी जावेद खुद को बड़ा फैशन डिजाइनर समझ रही है। बेटा आज ये जो तू बाहर कपड़े पहनकर घूम रही है फैशन के नाम पर ये हिंदुस्तान का रिवाज नहीं है, संस्कृति नहीं है। तेरी वजह से हिंदुस्तान की बहन-बेटियों को बहुत गलत मैसेज जा रहा है। तो *सुधर जा वरना सुधार दूंगा।* उर्फी ने हिंदुस्तानी भाऊ का वीडियो इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया। वह कहती हैं वह



जिस तरह से गाली देते हैं क्या वह देश का रिवाज है। उनकी गालियों ने कितने लोगों को सुधारा है। उर्फी आगे कहती हैं कि उन्हें सुधरना नहीं बिगड़ना भी आता है। उर्फी ने लिखा कि अब तुम मुझे खुलेआम धमकी दे रहे हो। तुम्हें पता है कि मैं तुम्हें जेल की सलाखों के पीछे डाल सकती हूं लेकिन क्या तुम पहले ही लाखों बार नहीं जा चुके हो? ये तो कितना अच्छा मैसेज है युवाओं के लिए जेल जाना, अपने से आधी उम्र की लड़कियों को खुलेआम धमकी देना। उर्फी ने यह भी खुलासा किया कि कुछ महीने पहले हिंदुस्तानी भाऊ ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी कि वह किसी मामले में उनकी मदद करना चाहते हैं जिससे उन्हें थोड़ी पब्लिसिटी मिल जाए। उर्फी लिखती है कि उस वक्त तो यही कपड़े थे। तब सब ठीक था।

# जम्मू-कश्मीर की पहली रिक्शा चालक महिला



परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए सीमा देवी ने रिक्शा चलाना शुरू किया। नागरोटा और आसपास के क्षेत्र में सीमा देवी पिछले कुछ महीनों से रिक्शा चला रही हैं। जम्मू कश्मीर बहुत खूबसूरत वादियों से घिरा राज्य है लेकिन इस केंद्रशासित प्रदेश के कई इलाके ऐसे भी हैं, जहां लोग बंदूक के साए में रहते हैं। हालात बनते बिगड़ते रहते हैं। हालांकि लोग मेहनत करते हैं और किसी तरह अपना घर परिवार चलाते हैं। महिलाओं को लेकर भले ही समाज में बहुत बदलाव आया हो लेकिन कई जगहों पर रूढ़ीवादी विचार आज भी महिलाओं को घर की दहलीज से बाहर जाने से रोक लेते हैं। ऐसे माहौल में रहने वाली सीमा देवी ने न केवल परिवार और पति की मदद के लिए घर की दहलीज पार की, बल्कि एक ऐसा काम किया, जो सिर्फ पुरुषों तक ही माना जाता था। कश्मीर की सीमा देवी ने अपने काम से नई उपलब्धि हासिल कर ली है और बन गई हैं जम्मू कश्मीर की पहली महिला ई-रिक्शा चालक। चलिए जानते हैं सीमा देवी के संघर्ष की कहानी। सीमा देवी जम्मू कश्मीर के नागरोटा जिले की रहने वाली हैं। वह एक साधारण गृहणी की तरह अपने परिवार को संभालती थीं। सीमा देवी के तीन बच्चे हैं। पूरे परिवार का पालन पोषण सीमा देवी के पति के लिए मुश्किल हो रहा था। पति को दिन रात मेहनत करते देख सीमा देवी ने भी परिवार की जरूरतों के लिए काम करने की ठान ली। सीमा देवी का एक 15 साल की बेटा है, वहीं 14 और 12 साल की दो बेटियां भी हैं। महंगाई बहुत अधिक बढ़ रही थी और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही परिवार का भरण पोषण केवल पति की आय पर नहीं हो सकता था। परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए सीमा देवी ने रिक्शा चलाना शुरू किया। नागरोटा और आसपास के क्षेत्र में सीमा देवी पिछले कुछ महीनों से रिक्शा चला रही हैं। हालांकि ये काम उनके लिए आसान नहीं था। समाज की परवाह किए बिना सीमा अपना कार्य करती रहीं। उन्होंने पति के साथ मिलकर 30 हजार का ऋण लिया। तीन हजार रुपये की ईएमआई पर रिक्शा खरीदा। पति ने सीमा को रिक्शा चलाना भी सिखाया। जिस दौर में महिलाएं हवाई जहाज उड़ा रही हैं, ट्रेन चला रही हैं, वहां रिक्शा चलाकर सीमा देवी हर उस महिला के लिए प्रेरणा हैं जो नौकरी न मिलने पर भी मेहनत के बल पर आर्थिक तौर पर मजबूत होना चाहती हैं। उनके रिक्शा चलाने से क्षेत्र की महिलाओं को भी सहज माहौल मिलता है।

# क्या वजन कम करने में मदद कर सकती है डार्क चॉकलेट?



पीरियड्स के दौरान या मूड स्विंग होने पर जब भी शुगर क्रेविंग्स होती हैं हमें सबसे पहले चॉक्लेट याद आती है खासकर डार्क चॉक्लेट। तो क्या इसे खाने से हमारे वजन बढ़ सकता है? शुगर क्रेविंग्स! जब यह शब्द आपके दिमाग में आता है तो सबसे पहले आपके मन में किस चीभ का ख्याल आता है? हम बताते हैं चॉक्लेट्स? जी हां पीरियड्स के दौरान या मूड स्विंग होने पर जब भी शुगर क्रेविंग्स होती हैं हमें सबसे पहले चॉक्लेट याद आती है खासकर डार्क चॉक्लेट। यह तुरंत हमारे मूड को सही कर देती हैं और हमें अच्छा महसूस कराती हैं। लेकिन, हम डाइट पर हैं तो क्या चॉक्लेट खाना सही है? क्या इसे खाने से हमारे वजन बढ़ सकता है? या इससे हमें वजन कम करने में मदद मिल सकती है? यदि आपके मन में भी चॉक्लेट खाने से पहले ऐसे ही सवाल उठ रहे हैं तो क्या ऐसा करना सही है? चलिये पता करते हैं और साथ ही, यह भी जानने की कोशिश करते हैं कि एक दिन में कितनी चॉक्लेट खाना सही है? एनसीबीआई द्वारा किए गए शोध बताते हैं कि डार्क चॉकलेट में मौजूद फ्लेवोनोइड उच्च रक्तचाप वाले लोगों में रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए जाने जाते हैं। इस तरह डार्क चॉक्लेट आपके बीपी को कंट्रोल करने में मदद कर सकती है। डार्क चॉक्लेट में अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो हार्ट हेल्थ को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। इसलिए यह, रक्तचाप को नियंत्रित करने, में मदद कर सकती है। डार्क चॉकलेट मैग्नीशियम, मैंगनीज, कॉपर, जिंक और आयरन से भी भरपूर होती है। डार्क चॉक्लेट में फ्लेवनॉल्स मौजूद होते हैं जो फैट को कट करने में मदद करते हैं। साथ ही, इसमें फाइबर की भी अच्छी मात्रा होती है, जिसकी वजह से ज्यादा भूख नहीं लगती है। इसके अलावा, बढ़ता हुआ स्ट्रेस लेवल भी वजन बढ़ने में योगदान कर सकता है। मगर, इसका मतलब यह नहीं है कि आप पूरे दिन कितनी भी चॉक्लेट खा सकती हैं। आपके लिए वही डार्क चॉक्लेट सही है जिसमें कोको की मात्रा ज्यादा हो कम से कम 70 प्रतिशत। अगर आप इसका मॉडरेशन में सेवन कर रही हैं तो आप बिना किसी साइड इफेक्ट की चिंता किए एक दिन में 20-30 ग्राम तक डार्क चॉकलेट का सेवन कर सकती हैं। मगर, दिन में, रात के दौरान यह सही नहीं है। डॉ. अंजलि के अनुसार डार्क चॉकलेट की वजह से कुछ लोगों को माइग्रेन भी होने लगता है, क्योंकि इसमें कैफीन भी होता है। इसलिए, मॉडरेशन में खाना सबसे सही है।

# डायबिटीज के शुरुआती लक्षण



इन दिनों डायबिटीज की पेरशानी से काफी लोग जूझ रहे हैं। खराब लाइफस्टाइल और जेनेटिक कारणों की वजह से डायबिटीज की समस्या हो सकती है। डायबिटीज इन दिनों एक कॉमन समस्या हो गई है। जिससे अधिकतर लोग खराब लाइफस्टाइल तो कुछ जेनेटिक होने के कारण जूझ रहे हैं। शुगर एक पुरानी स्थिति है जिसके कारण शरीर में ग्लूकोज (या चीनी) का स्तर बढ़ जाता है। कुछ लोग शरीर में हो रहे बदलावों को इग्नोर कर देते हैं, जिसकी वजह से समस्या बाद में ज्यादा गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम का कारण बन सकती है। यहां शुगर के शुरुआती लक्षणों के बारे में बता रहे हैं। डायबिटीज की वजह से आपके ब्लड से एक्सट्रा शुगर को निकालने के लिए किडनी को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। जब शुगर ज्यादा हो तो किडनी इनको ब्लड से निकालती हैं, जिससे बार-बार पेशाब आता है। सामान्य से ज्यादा बार बाथरूम जाना, खासकर रात में, हाई ब्लड शुगर का संकेत है। आपके यूरिन में ज्यादा शक्कर यीस्ट और बैक्टीरिया के लिए खाने का काम करती है। खाने के साथ एक गर्म, नम क्षेत्र उन्हें पनपने में मदद करता है। ऐसे में महिलाएं, जिन्हें डायबिटीज है, वे अक्सर यूरिन इंफेक्शन का अनुभव करती हैं। बार-बार पेशाब आने से डिहाइड्रेशन हो सकता है और आपको बार-बार प्यास लगती है। लेकिन फिर भी ज्यादा पानी पीने से प्यास नहीं मिटना भी डायबिटीज का संकेत है। आपका शरीर आपके द्वारा खाए जाने वाले खाने को ग्लूकोज में बदल देता है जिसे आपकी कोशिकाएं एनर्जी के लिए इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आपको डायबिटीज है, तो कोशिकाएं ग्लूकोज को सही तरीके से अवशोषित नहीं कर पाती हैं, इसलिए आपके शरीर को द्वारा खाए जाने वाले खाने से पर्याप्त एनर्जी नहीं मिलती है। ऐसे में आपको हर समय भूख लगेगी, भले ही आपने तुरंत ही खुछ खाया हो। खराब ब्लड फ्लो और नसों के डैमेज होने के कारण आपके हाथों और पैरों में झुनझुनी, सुन्नता या दर्द हो सकता है। ब्लड में इंसुलिन ज्यादा होने के कारण डायबिटीज आपकी गर्दन, बगल या कमर की सिलवटों में त्वचा के काले, मखमली पैच का कारण बन सकती है।

# 20 साल से बंजर पड़ी जमीन 300 एकड़ के जंगल में बदला

मणिपुर के पश्चिम इम्फाल जिले में एक 47 वर्षीय शख्स ने 20 वर्षों में बंजर भूमि को 300 एकड़ के जंगल में बदल दिया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधों की प्रजातियां हैं। जिले के उरीपोक खैदेम लीकाई इलाके के रहने वाले मोइरंगथेम लोइया ने करीब 20 साल पहले इम्फाल शहर के बाहरी इलाके लंगोल हिल रेंज में पेड़ लगाना शुरू किया था। 47 वर्षीय लोया को बताया कि मैंने यात्रा के दौरान गलती से उस जगह का सामना किया और तुरंत महसूस किया कि झूम की खेती के कारण जो क्षेत्र बंजर था, उसे समय और समर्पण के साथ घने हरे-भरे जंगल में बदला जा सकता है। साइट ने छह साल तक मेरे लिए एक घर के रूप में काम किया, क्योंकि मैं एक झोपड़ी में रहता था, जिसे मैंने खुद बनाया था। लोइया ने कहा कि मैं अपनी जेब से पौधे खरीदूंगा और जब भी संभव होगा इसे लगाऊंगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण ज्यादातर मानसून के मौसम से पहले किया जाता है और वनस्पति विकास हमेशा तेज होता है। वाइल्ड लाइफ एंड हैबिटेट प्रोटेक्शन सोसाइटी की स्थापना करने वाले लोइया ने कहा कि ज्यादातर खेल के लिए हिरणों का शिकार एक और समस्या है, जिसका हम आम तौर पर सामना करते हैं। समाज



पुनशिलोक वन के संरक्षण, अवैध शिकार और जंगल की आग से लड़ने के लिए समर्पित है। राज्य के वन अधिकारियों ने लोंगोल पर्वत श्रृंखला में पेड़ लगाने में लोया के प्रयास का समर्थन किया है। वन अधिकारियों ने कहा कि 300 एकड़ के जंगल में पौधों की 100 से अधिक प्रजातियां हैं। बांस की लगभग 25 किस्में हैं। इसके अलावा, जंगल में भौंकने वाले हिरण, साही और सांप भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि करीब 20 साल पहले जमीन बंजर थी। ज्यादातर जंगल की आग फैलती है, क्योंकि लोग खेती या किसी अन्य गतिविधि के लिए जमीन का एक टुकड़ा चाहते हैं। इस बीच, लोया को यकीन है कि जंगल को उगाने और उसकी देखभाल करने का काम *एक आजीवन मिशन* होने जा रहा है। हालांकि, वह अब जीविकोपार्जन और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक फार्मेसी में काम करता है। लोया इस नवंबर में स्वयंसेवकों के लिए एक शिविर आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि शुष्क मौसम से पहले जंगल को जंगल की आग से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान जंगल की परिधि के साथ एक फायर लाइन बनाई जाएगी, ताकि जंगल की आग वन खंड में न जा सके।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**